30 जून 2025 | रांची, सोमवार | वर्ष-26, अंक- 148, पृष्ठ-12 | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 05, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

हूल क्रांति दिवस अमर वीर शहीदों को शत-शत नमन



## वीर सेनानियों को कोटि-कोटि बधाई

राष्ट्रीय नवीन मेल




डॉ आशा गुप्ता 'श्रेया

आतंक... आतंक... आतंकी... यह शब्द हम कई वर्षों से सुनते चले आ रहे हैं। वर्षों से कहीं ना कहीं आतंकवादी घटनाएं होती आ रही हैं। हम उनकी मानवता के प्रति गलत गतिविधियों से अवगत हैं। पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पारिवारिक छुट्टियों में गए निहत्थे 26 सैलानियों के नाम और उनके धर्म पूछकर उनकी पत्नियों व बच्चों के सामने निर्मम हत्या करना, दिल दहला देने वाली भयंकर घटना है। इसकी जितनी भी भर्त्सना की जाए कम है। महाभारत के युद्ध में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन से शस्त्र उठा युद्ध के लिए प्रेरित किया था। अन्याय को सहना कायरता कहलाता है। यह समय आतंकवादियों संग आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले देश, कस्बों और लोगों के दमन और निवारण का है। आगे के भयंकर आतंकवादी गतिविधियों को रोकना अति आवश्यक है।हमें गर्व है हमारे देश की रक्षा के लिए तत्पर वायु, थल, जल के सेना नायकों पर। उन्होंने अपने उद्देश्य एवं संकल्प के लिए एकजुट होकर 'ऑपरेशन सिंदूर' को बहुत ही सटीक तरीके से सूझबूझ और वीरता के साथ अंजाम दिया। परस्पर सहयोग और उचित प्लानिंग द्वारा हमारे वीर सैनिकों ने दुश्मनों के ठिकानों को ध्वस्त किया। अनेक दुश्मनों को मार गिराया। यह दुश्मनों के लिए बहुत बड़ा सबक है। यह वीरता हमारे देश के रक्षक और वीर-वीरांगनाओं के शौर्य का उत्कृष्ट उदाहरण है।

शेष पेज 11 पर

# जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन विभाग अलर्ट मोड पर रहें : सीएम हेमंत

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सीएम ने मौसम विभाग की ओर से राज्य के कुछ जिलों में भारी बारिश की चेतावनी के मद्देनजर आपदा प्रबंधन और जिला प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है। सीएम ने रविवार को एक्स पोस्ट के जरिए कहा कि मौसम विभाग द्वारा राज्य के जिलों में कुछ दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। आपदा प्रबंधन विभाग और सभी जिला प्रशासन, मौसम विभाग



एवं अन्य एजेंसियों के साथ निरंतर समन्वय स्थापित कर अलर्ट मोड पर रहें और आम लोगों को हर परिस्थिति में मदद पहुंचाने का कार्य करें।

## बारिश, जलभराव और बाढ़ की हो रही है लगातार मॉनिटरिंग : इरफान

**रांची।** स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि मुख्यमंत्री के निर्देश और राज्य में लगातार हो रही मूसलधार बारिश, जलभराव और बाढ़ जैसी स्थितियों को गंभीरता से लेते हुए वह लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। राज्य सरकार ने पूरे झारखंड को अलर्ट मोड पर रखते हुए सभी उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों और संबंधित विभागों को 24 घंटे मुस्तैद रहने का सख्त निर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा कि हमारा कर्तव्य है कि हर प्रभावित व्यक्ति तक राहत समय पर पहुंचे। यह सिर्फ प्रशासनिक दायित्व ही नहीं, मानवीय जिम्मेदारी भी है। हर जिले से नुकसान का त्वरित आकलन हो और रिपोर्ट विभाग को तुरंत भेजी जाए

शेष पेज 11 पर




'एक्स' पर बोले हेमंत

### राज्य के कई जिलों में रेड अलर्ट जारी

**रांची।** राज्य के अन्य जिलों सहित राजधानी रांची में कई दिनों से बारिश हो रही है। रांची मौसम केंद्र ने सोमवार को राजधानी में भारी बारिश की आशंका जताई है। मौसम केंद्र ने रांची समेत कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। साथ ही आम लोगों से सावधान रहने कि अपील की है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि उत्तर बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र और उसके धीरे-धीरे पश्चिम-उत्तरपश्चिम दिशा में झारखंड की ओर बढ़ने के कारण संताल परगना और धनबाद जिले को छोड़कर सभी जिलों में बारिश होगी। कुछ जिलों में भारी बारिश होगी

शेष पेज 11 पर

## ओडिशा के पुरी में रथ यात्रा के दौरान बड़ा हादसा

# गुंडिचा मंदिर के पास भगदड़, तीन की मौत

- कई घायल, ओडिशा सरकार ने दो अधिकारियों को किया निलंबित
- मृतकों के परिजनों को दी जाएगी 25-25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

भुवनेश्वर/नई दिल्ली (आईएएनएस)

ओडिशा के पुरी में रथ यात्रा के दौरान भगदड़ में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई, जिनमें दो महिलाएं शामिल हैं। इसके अलावा, 10 लोग घायल भी हुए हैं। यह हादसा रविवार को अहले सुबह करीब 4:30 बजे हुआ, जब भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के श्रीविग्रहों को ले जा रहे तीन रथ जगन्नाथ मंदिर से करीब तीन किलोमीटर दूर श्री गुंडिचा मंदिर के पास थे।

रिपोर्ट्स के अनुसार, गुंडिचा मंदिर के पास भारी भीड़ दर्शन के लिए जुटी थी। भीड़ बढ़ने पर कुछ लोग गिर गए, जिससे भगदड़ शुरू हो गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में दो महिलाएं- प्रभाती दास और बसंती साहू शामिल हैं। इसके अलावा, 70 वर्षीय प्रेमकांत मोहंती की भी मौत हुई है। ये तीनों खुरदा जिले के रहने वाले थे और रथ यात्रा के लिए पुरी आए थे। कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। इधर, पुरी में गुंडिचा मंदिर के पास हुई भगदड़ की घटना पर माझी सरकार ने बड़ा एक्शन लेते हुए दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। डीसीपी बिष्णु पति और कमांडेंट अजय पाढ़ी को ड्यूटी में लापरवाही के लिए निलंबित कर दिया गया है। वहीं, पुरी के जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक (एसपी) का भी तबादला कर दिया गया है। चंचल राणा को नया जिला कलेक्टर नियुक्त किया गया है। पिनाक मिश्रा को नए एसपी की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा, ओडिशा सरकार ने जान गंवाने वाले मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। इसकी जानकारी रविवार को सीएम मोहन चरण माझी के कार्यालय ने दी। रिपोर्ट्स के अनुसार, पहांदी जैसे अधिकांश अनुष्ठान जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के निर्धारित समय पर पूरे हुए, लेकिन रथ खींचने में काफी देरी हुई, जिससे भक्तों में नाराजगी देखी गई। भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथ (तलध्वज और दर्पदलन) बीच रास्ते में रुक गए, जबकि भगवान जगन्नाथ का रथ (नंदीघोष) सिंहद्वार से थोड़ा आगे बढ़कर रुक गया।

मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने रविवार को कहा कि सभी अनुष्ठान समय पर पूरे होने के बाद दिन में 4:00 बजे रथ खींचना शुरू हुआ था, लेकिन बदा दांडा (ग्रांड रोड) के प्रमुख मोड़ों पर समस्याओं और पिछले वर्षों की तुलना में 1.5 गुना अधिक भक्तों की भीड़ के कारण व्यवधान हुआ। उन्होंने कहा, इस साल अनुकूल मौसम के कारण भक्तों की संख्या अधिक थी, जिससे भीड़ को नियंत्रित करना और

शेष पेज 11 पर



### सीएम माझी ने भक्तों से मांगी माफी, कहा- लापरवाही अक्षम्य



**भुवनेश्वर (आईएएनएस)।** ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के दौरान मची भगदड़ पर मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने दुख जताया है। उन्होंने भगदड़ को लेकर माफी मांगी और कहा कि भगदड़ के कारण हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिए मैं सभी जगन्नाथ भक्तों से दिल से माफी मांगता हूं। ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, मैं और मेरी सरकार, सारधाबली में महाप्रभु के दर्शन के लिए उत्साहित भक्तों की भीड़ और भगदड़ के कारण हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिए सभी जगन्नाथ भक्तों से दिल से माफी मांगते हैं। मैं सारधाबली में जान गंवाने वाले भक्तों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं महाप्रभु जगन्नाथ से प्रार्थना करता हूं कि वे उन्हें इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति दें। यह लापरवाही अक्षम्य है।

शेष पेज 11 पर

## खूंटी में काडेतुबिद के ग्राम प्रधान बलराम मुंडा की हत्या

नवीन मेल डेस्क



- बलराम खूंटी में भाजपा ग्रामीण मंडल के विभिन्न पदों पर अपना दायित्व निभाया था

**खूंटी।** अज्ञात अपराधियों ने खूंटी के मारंगहादा थाना क्षेत्र के काडेतुबिद गांव के ग्राम प्रधान बलराम मुंडा की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना शनिवार देर रात की है। गोली मारने से पहले अपराधियों ने मुंडा को लाठी, डंडे, दौली से भी मारा। इस हमले में उनका भांजा आचू मुंडा गंभीर रूप से घायल हो गया है।

बलराम मुंडा ग्रामीण मंडल खूंटी के विभिन्न पदों पर अपनी दायित्व निभा चुके थे। वर्तमान में भाजपा ग्रामीण मंडल में मंत्री पद के दायित्व में थे। इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए खूंटी सदर अस्पताल भेज दिया। एसपी मनीष टोप्पो ने कहा कि कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और घटना में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, बारिश के कारण बलराम मुंडा अपने घर में थे। उसी दौरान 10-12 की संख्या में हथियारबंद लोग उनके घर में घुस आए। ग्रामीणों के अनुसार, हमलावरों के हाथों में देसी कट्टा और अन्य हथियार थे। वे लगातार बोल रहे थे- ग्रामप्रधान बनते हो, पुलिस से बात करते हो। इसके तुरंत बाद बलराम मुंडा पर गोली चला दी गई और बेरहमी से धारदार हथियार (तोनो) से काटकर उनकी हत्या कर दी गई।

शेष पेज 11 पर

## कोडरमा के जयनगर में हाथी ने वृद्ध को कुचलकर मार डाला

नवीन मेल डेस्क

**कोडरमा।** हाथी ने कोडरमा जिले के जयनगर प्रखंड क्षेत्र के खरियोडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम पिसपिरो में एक व्यक्ति को कुचलकर मार डाला। मृतक की पहचान रवींद्र यादव उर्फ नन्कू यादव (55) के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि नन्कू यादव सुबह शौच करने के लिए घर से बाहर निकले थे। इसी दौरान हाथी ने उन्हें कुचलकर मार डाला। वन विभाग के अधिकारी केडी प्रसाद, अनिल कुमार साव, जयनगर थाना प्रशासन के लोग मौके पर पहुंचकर मृतक के परिजनों को विभाग से मिलने वाली सहायता राशि 25 हजार रुपए दिए और शेष पैसे देने का भरोसा दिलाया।

शेष पेज 11 पर

### रांची का तापमान

| कांके | | रांची | |
|---|---|---|---|
| अधिक. | 26.0° | अधिक. | 26.5° |
| न्यून. | 22.0° | न्यून. | 23.1° |

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

### रेलवे टिकटिंग में होगा बड़ा सुधार

## पीआरएस से अब प्रति मिनट बनेंगे 1.5 लाख रेल टिकट

- दिसंबर तक नया आरक्षण सिस्टम हो जाएगा तैयार

नई दिल्ली (हि.स.)

भारतीय रेलवे यात्रियों के सफर को सुविधाजनक, स्मार्ट और पारदर्शी बनाने की दिशा में तेजी से कदम उठा रही है। रेलवे ने घोषणा की है कि वर्ष 2025 के अंत तक एक नया और अत्याधुनिक पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) तैयार हो जाएगा, जिसकी टिकट बुकिंग क्षमता मौजूदा 32,000 टिकट प्रति मिनट से बढ़ाकर 1.5 लाख टिकट प्रति मिनट कर दी जाएगी। इसके साथ ही, टिकट पूछताछ की क्षमता भी दस गुना बढ़ाई जाएगी, अब प्रति मिनट 40 लाख से अधिक पूछताछ की जा सकेगी। नया पीआरएस सिस्टम बहुभाषीय होगा और इसमें दिव्यांगजन, छात्र, रोगी सहित अन्य वर्गों के लिए विशेष सुविधाएं शामिल होंगी। उपयोगकर्ता अब सीट का चयन, किराया कैलेंडर जैसी जानकारी आसानी से देख सकेंगे। रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वेटलिस्ट यात्रियों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए आरक्षण चार्ट पहले बनाने का निर्णय लिया है। अब दिन में 02:00 बजे से पहले रवाना होने

शेष पेज 11 पर

## पोटका प्रखंड में मूसलाधार बारिश से एक निजी स्कूल के हॉस्टल में घुसा पानी



रस्सियों के सहारे सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया

# छात्रावास की छत पर पांच घंटे तक बैठे रहे 162 बच्चे

### ग्रामीणों और प्रशासन ने चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन

नवीन मेल डेस्क

**जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड क्षेत्र में शनिवार देर रात हुई मूसलाधार बारिश के कारण कई गांवों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। अचानक गुड़रा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच जाने के कारण नदी किनारे स्थित पांडरशुली गांव के लव कुश इंग्लिश स्कूल का छात्रावास भी इसकी चपेट में आ गया। रात में छात्रावास में जब 162 बच्चे सो रहे थे, तब पानी धीरे-धीरे छात्रावास के अंदर भरने लगा। पानी का स्तर तेजी से बढ़ने पर छात्रावास के सभी बच्चे जान बचाने के लिए छत पर चढ़ गए और पांच घंटे तक दहशत के साए में रहे।

सूचना मिलते ही पांडरशुली और आसपास के गांवों के लोग रात में ही मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने तत्काल प्रशासन को खबर दी। रविवार तड़के बीडीओ अरुण कुमार मुंडा, सीओ निकीता बाला

शेष पेज 11 पर

## इंडिया नामवाम में नहीं नाम में ही तो सब रखा है

जिस तरह भीड़ आजकल समाज,देश और दुनिया का भविष्य तय कर रही है जिसमें किसी को सोचने विचारने की फुर्सत नहीं है कि सही क्या है और गलत क्या उसी प्रकार जो शब्द भीड़ के प्रचलन में आ गया उसका अर्थ और उस व्यक्ति की पहचान तक बदल जाती है जिसमें सबसे बड़ा योगदान सोशल मीडिया का है



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

जो कृत्रिम आभासी भीड़ का भ्रम उत्पन्न कर रहा है। आपके पास अंधाधुंध पैसे हैं तो आप भाड़े के साइबर सैनिकों से समाज या देश का मिजाज बदल सकते हैं । वैसे ऐसा भीड़ सदियों से करती रही है हम भारत में धड़ल्ले से टॉर्च शब्द का इस्तेमाल करते हैं जिसे अंग्रेज मशाल कहते हैं और फ्लैशलाईट उसका सही शब्द है । जीप का मतलब हम एसयूवी समझते रहे और जब मूल कंपनी भारत वापस लौटी तब पता चला यह एक ब्रांड है । शब्दों के अर्थ समय के साथ बदलते रहते हैं। यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है जो भाषा के विकास का हिस्सा है। शब्दों के अर्थ कई कारणों से बदल सकते हैं जैसे कि सामाजिक, सांस्कृतिक, या भौगोलिक परिवर्तन, या किसी विशेष शब्द का अधिक उपयोग। समाज में बदलाव के साथ, शब्दों के अर्थ भी बदल सकते हैं। उदाहरण के लिए, "डिजिटल" शब्द का अर्थ पहले सिर्फ "अंकों से संबंधित" था, लेकिन अब इसका मतलब "कंप्यूटर से संबंधित" भी है।सांस्कृतिक मूल्यों और मान्यताओं में बदलाव के कारण भी शब्दों के अर्थ बदल सकते हैं। उदाहरण के लिए, "आधुनिक" शब्द का अर्थ पहले "वर्तमान समय का" था, लेकिन अब इसका मतलब "पश्चिमी" या "प्रगतिशील" भी हो सकता है।विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में, एक ही शब्द के अलग-अलग अर्थ हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, "कॉर्न" शब्द का अर्थ ब्रिटेन में "गेहूं" है, जबकि अमेरिका में "मक्का" है।जब किसी शब्द का अधिक उपयोग किया जाता है, तो उसका अर्थ व्यापक हो सकता है या उसका विशिष्ट अर्थ खो सकता है। उदाहरण के लिए, "अति" शब्द का अर्थ पहले "अधिक" था, लेकिन अब इसका अर्थ "बहुत अधिक" या "अत्यधिक" भी हो सकता है।शब्दों के लक्षणा और व्यंजना अर्थों का प्रयोग भी अर्थ परिवर्तन का कारण बन सकता है। लक्षणा में, शब्द का अर्थ वास्तविक अर्थ से हटकर किसी और अर्थ में प्रयोग होता है, जैसे कि "गंगा" शब्द का अर्थ "पवित्र नदी" या "शांत स्वभाव" ।अन्य भाषाओं के शब्दों के प्रभाव से भी शब्दों के अर्थ बदल सकते हैं। उदाहरण के लिए, "मोबाइल" शब्द का अर्थ पहले "चलने योग्य" था, लेकिन अब इसका अर्थ "मोबाइल फोन" भी है। पहले इसका अर्थ



"टीका सहित" था, लेकिन अब इसका अर्थ "बिल्कुल सही" है।पहले सूर्य और चंद्रमा भी ग्रहों की श्रेणी में आते थे, लेकिन अब इसका अर्थ "सूर्य का चक्कर लगाने वाले विशाल खगोलीय पिंड" है।पहले इसका अर्थ "कर्तव्य" था, लेकिन अब इसका अर्थ "मजहब" भी है। शब्दों के अर्थ स्थिर नहीं होते हैं, वे समय के साथ बदलते रहते हैं। यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है जो भाषा को समृद्ध और जटिल बनाती है। सबसे दिलचस्प मामला है पुराने भारत के इंडिया बनने का पहले के लोग या ग्रामीण आज भी व्याख्याता को कॉलेज का मास्टर कहते सुने जाते हैं पर उनके लिए प्रोफ़ेसर शब्द सम्मानजनक संबोधन बन चुका है पर तकनीकी रूप से गलत है क्योंकि व्याख्याता के प्रोफ़ेसर बनने में दशकों लग जाते हैं । इसी प्रकार किसी को दलाल कहने पर वह बुरा मान जाएगा पर शेयर ब्रोकर,लैंड ब्रोकर कहने पर समस्या नहीं होगी,किसी को भाड़े पर नाचने वाली नचनिया कहा जाए तो बात बिगड़ जाएगी पर वीडियो फिल्मों की बड़ी डांसर सम्मानजनक शब्द हो जाता है । माड़ किसी को यदि पिलाया जाए तो वह बुरा मान जाएगा पर किसी बड़े होटल या रेस्त्रां में मुंहमांगे रेट पर सूप पीने वाले की कोई कमी नहीं । हमें अपने गांव,देश या समाज की हर चीज घटिया लगती है और वही जब विदेश से महंगी होकर लौटती है या उसका विदेशी नाम रखा जता है तब हम उसे अच्छा समझते हैं । भारतीय मूल के योग और आयुर्वेद जब योगा और आयुर्वेदा बनकर लौटे तब हमने उसे महंगे दामों पर भी अपनाया वैसे जब पीएम मोदी और रामदेव महाराज ने इसे वैश्विक पहचान दी तो दुनिया ने अपनाया । भारत का नवधनाढ्य वर्ग जो अब अपने को अभिजात्य वर्ग का मानता है जिसमें अगड़े,पिछड़े,अनुसूचित जाति,जनजाति से लेकर अल्पसंख्यक तक शामिल हैं, इसी हीन भावना का शिकार होकर अपने को श्रेष्ठ साबित करने के लिए भारत के प्राकृतिक और सुरक्षित सुपाच्य खाद्य पदार्थों के बजाय विदेशी ब्रांड के फ़ास्ट फ़ूड और परिस्कृत डिब्बाबंद वस्तुओं का दीवाना है जिसके दुष्परिणामों को देखते हुए पश्चिमी देशों ने इसे नकार कर भारत में गरीबों का भोजन समझे जाने वाले मकई। मडुआ और ज्वार जैसे भोजन को अपना रहा है जिसकी वकालत स्वयं प्रधानमंत्री मोदी करते हैं ।

## बालीडीह इंडस्ट्रीयल एरिया में बड़ा हादसा, 2 मजदूर झुलसे

नवीन मेल डेस्क




- ब्लास्ट फर्नेस में हुए विस्फोट की चपेट में आ गए थे दोनों

**बोकारो।** बोकारो के बालीडीह इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित सुप्रिया इस्पात उद्योग में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया। कंपनी के ब्लास्ट फर्नेस में अचानक विस्फोट हो गया, जिससे दो मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। झुलसे मजदूरों की पहचान लखन टुडू और अखिल कुमार के रूप में हुई है। दोनों को तत्काल इलाज के लिए बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने एक मजदूर की स्थिति को गंभीर बताया है। बताया जा रहा है कि यह हादसा सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण हुआ। जानकारी के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि ब्लास्ट फर्नेस की नियमित जांच नहीं की गई थी, जिससे यह विस्फोट हुआ। इस घटना ने औद्योगिक सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना की सूचना मिलते ही सुप्रिया इस्पात उद्योग के अधिकारी और स्थानीय नेता मौके पर पहुंचे। बियाडा स्थित कंपनी परिसर में अफरातफरी का माहौल रहा। प्रबंधन द्वारा कंपनी का मुख्य गेट बंद कर दिया गया था और अंदर किसी को भी जाने की अनुमति नहीं दी गई। बाद में मुख्य गेट को खोला गया। मजदूर संगठनों ने इस हादसे की कड़ी निंदा की है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, जिला प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं।

# रिम्स 2 के निर्माण विवाद में कांग्रेस के मंत्री और पूर्व मंत्री आमने सामने

नवीन मेल संवाददाता



**रांची/पिठौरिया।** झारखंड सरकार ने रिम्स 2 के निर्माण की प्रक्रिया तेज कर दी है। तो वहीं इसके निर्माण को लेकर उठे विवाद की राजनीति भी तेज हो गई है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने रिम्स 2 के निर्माण को लेकर साफ कर दिया था कि यह प्रोजेक्ट मुख्यमंत्री का सपना है और राज्य के लोगों की जरूरत है। ऐसे में रिम्स 2 के निर्माण को हर हाल में कराया जाएगा। लेकिन इसको लेकर के लगातार विवाद भी बढ़ता जा रहा है। रांची के कांके के नगड़ी में स्वास्थ्य विभाग ने 110 एकड़ में 1074 करोड़ की लागत से रिम्स-2 बनाने का फैसला लिया है। यहां मरीजों के लिए 700 बेड की सुविधा होगी। साथ ही यूजी की 100 और पीजी की 50 सीटों के लिए पढ़ाई भी होगी। लेकिन रिम्स-2 के निर्माण का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। रिम्स 2 के निर्माण का विरोध कर रहे रैयतों ने खेत की मिट्टी काटकर सड़क पर ही धान की खेती की प्रक्रिया शुरू कर डाली है। खेती की सूचना के बाद पुलिस प्रशासन को तैनात किया गया है। डीएसपी अमर कुमार पांडे के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। साथ ही राइट कंट्रोल व्हीकल को भी प्रशासन की ओर से तैनात कर दिया गया है, ताकि किसी भी तरह की समस्या ना हो। इससे पहले रिम्स 2 को लेकर कांग्रेस कोटे से झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफ़ान अंसारी और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के बीच भी तीखी बहस छिड़ी हुई है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी रिम्स 2 को लेकर किसी भी स्थिति से समझौता करने को तैयार नहीं है। तो वही पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने खेती योग्य जमीन पर रिम्स 2 बनाने का विरोध शुरू कर दिया है। बंधु तिर्की ने स्वास्थ्य मंत्री पर तंज करते हुए कहा कि वह अपने बड़बोलेपन की बजाय झारखंड की जमीनी समस्याओं, वास्तविकता और अब तक झारखंड में हुई राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, औद्योगिक और अन्य गतिविधियों पर नजर डालते हुए अपने समझ के स्तर का उपयोग करे। जबकि मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने दो टूक कहा कि रिम्स-2 का निर्माण अब टाला नहीं जा सकता। यह परियोजना झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई ऊंचाई पर ले जाएगी और राज्यवासियों को इलाज के लिए अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा। साथ ही यह भी कहा है कि जो लोग रिम्स 2 का विरोध कर रहे हैं।वह बाबूलाल मरांडी पाठशाला के छात्र हैं। उनकी सोच शुरू से ही झारखंड विरोधी रही है। ऐसे लोगों से जनहित की कोई उम्मीद नहीं की जा सकती है।

## सुपर स्पीड फेडरेशन कप खो-खो में दिल्ली को 17-15 अंकों से हराया

# झारखंड बालक खो-खो टीम ने जीता कांस्य, रचा इतिहास

नवीन मेल डेस्क

### झारखंड टीम के शानदार प्रदर्शन ने मोहा दर्शकों का मन



**रांची।** झारखंड बालक सुपर स्पीड खो-खो टीम ने पालम, नई दिल्ली में द्वितीय फेडरेशन कप प्रतियोगिता में रविवार को कांस्य पदक प्राप्त कर इतिहास रच दिया। झारखंड बालक खो-खो टीम ने कड़े संघर्षपूर्ण मैच में दिल्ली को 17-15 अंकों से पराजित कर कांस्य पदक प्राप्त कर चमचमाते हुए ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। नई दिल्ली में सुपर स्पीड फेडरेशन कप खो-खो का आयोजन 27 जून से 29 जून तक हुआ था। यह प्रतियोगिता सुपर स्पीड खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में नई दिल्ली के पालम स्थित मां गंगा विद्यालय के प्रांगण में मैट पर आयोजित की गई थी। झारखंड टीम की ओर से कप्तान शिवम नायक, उपकप्तान सन्नी कुमार, अभिषेक उरांव, शिवा कुमार, आकाश कुमार, रोहण कुमार ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। टीम के शानदार प्रदर्शन और फेडरेशन कप में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर झारखंड टीम के चीफ डी मिशन एवं झारखंड राज्य सुपर स्पीड खो-खो एसोसिएशन के महासचिव विवेक कुमार, झारखंड राज्य खो-खो संघ के अध्यक्ष अजय झा, कोषाध्यक्ष सहजाद कुरैशी, संयुक्त सचिव नीतेश कुमार साहु, संरक्षक सजल बनर्जी, कार्यकारी अध्यक्ष भरत कुमार, वरीय उपाध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी, उपाध्यक्ष अखिलेश्वर उपाध्याय, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, संयुक्त सचिव चंद्र कांत लाल, संयुक्त सचिव कुश साहु, निखिल कुमार, अभिषेक कुमार, दिव्या रानी एवं अन्य सदस्यों ने झारखंड बालक खो-खो टीम के सभी सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# रिम्स में त्वचा प्रत्यारोपण पर विशेष कार्यशाला आयोजित

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** रिम्स में चर्म रोग से संबंधित कई रोगों के उपचार को लेकर एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें त्वचा प्रत्यारोपण (स्किन ट्रांसप्लांटेशन) की अत्याधुनिक तकनीकों पर फोकस किया गया। इस कार्यशाला में चार प्रमुख प्रक्रियाओं पंच ग्राफ्टिंग, थिन स्किन ग्राफ्टिंग, मेलानोसाइट-केराटिनोसाइट ट्रांसप्लांटेशन और इंसीजन एंड सिचरिंग का लाइव प्रदर्शन किया गया। इस विशेष कार्यशाला का संचालन देश के दो जाने-माने त्वचा रोग विशेषज्ञों ने किया। रिम्स के प्रोफेसर डॉ प्रभात, मुंबई से आए डॉ राजेश कुमार और कोलकाता के डॉ सिद्धार्थ दास ने सभी तकनीकों को स्वयं करते हुए प्रतिभागियों को बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने विटिलिगो (सफेद दाग), बर्न इंजरी और अन्य त्वचा संबंधी समस्याओं में इन तकनीकों की भूमिका और उपयोगिता को विस्तार से समझाया। कार्यशाला में रिम्स के डर्माटोलॉजी विभाग के डॉक्टरों, पीजी छात्रों और नर्सिंग स्टाफ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने बताया कि यह प्रशिक्षण उनके लिए अत्यंत लाभकारी रहा, क्योंकि उन्हें इन जटिल तकनीकों को प्रत्यक्ष रूप से देखने और समझने का अवसर मिला। रिम्स प्रबंधन का कहना है कि इस तरह की कार्यशालाएं भविष्य में भी नियमित रूप से आयोजित की जाएंगी, ताकि झारखंड सहित पूरे पूर्वी भारत में त्वचा रोगों के इलाज में तकनीकी दक्षता को बढ़ावा दिया जा सके।

# आत्मविश्वास के साथ भारत बन रहा है आत्मनिर्भर : बाबूलाल



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक, मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के द्वारा रविवार को बूथों पर पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। बूथ पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण भी किया गया। बाबूलाल मरांडी ने देवघर जिलांतर्गत जसीडीह प्रखंड के कुशमहा मे मन की बात पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ सुना। इस अवसर पर श्री मरांडी ने कहा मन की बात कार्यक्रम भारत के सांस्कृतिक ,सामाजिक आर्थिक प्रगति का दस्तावेज है। कहा कि पीएम के नेतृत्व में भारत सांस्कृतिक विरासत के साथ आत्म निर्भरता की ओर बढ़ रहा है। कहा कि भारत की कला संस्कृति, पारंपरिक हुनर का सम्मान आज बढ़ा है। भगवान बुद्ध का संदेश और योग ने विश्व बंधुत्व के भाव को मजबूत किया है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने हरमू मंडल रांची में कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम करोड़ों लोगों केलिए प्रेरणा है, पाथेय है। आज युवा शक्ति विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में मोदी जी के संदेश को आत्मसात कर रहा है।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा झारखंड प्रदेश का हुआ पुनर्गठन

# विनय सिंह प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए गए

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर के निदेशानुसार प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह के द्वारा क्षत्रिय महासभा के प्रत्येक इकाई को भंग कर दिया गया था। राष्ट्रीय स्क्रीनिंग कमिटी की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर के द्वारा झारखंड प्रदेश कमिटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारीयों का मनोनयन / नियुक्ति किया गया। विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह को प्रदेश अध्यक्ष, आदर्श सिंह को युवा प्रदेश अध्यक्ष, मनीषा सिंह को महिला प्रदेश अध्यक्ष, मनोज कुमार सिंह उर्फ ललन सिंह को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, शिवव्रत सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष, सूरज देव सिंह को प्रदेश महासचिव, कामाख्या नारायण सिंह को प्रदेश महासचिव, रीना सिंह को महिला प्रदेश उपाध्यक्ष, सुमन सिंह को महिला प्रदेश सचिव, मनोज कुमार को प्रदेश कोषाध्यक्ष, मुदित राज को युवा प्रदेश उपाध्यक्ष, यश सिंह परमार को युवा प्रदेश महासचिव, नरेश सिंह को युवा प्रदेश उपाध्यक्ष, मंजू सिंह को प्रदेश महिला सचिव, रामेश्वर दयाल सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष व श्याम किशोर सिंह को प्रदेश सचिव बनाया गया है। इसके अलावा अन्य कई पदाधिकारीयों का मनोनयन / नियुक्ति की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने किया। कार्यक्रम में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा के अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा यह केवल एक सभा नहीं बल्कि यह एक विचारधारा है।

# झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था 18वीं सदी की : बाबूलाल मरांडी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष ने हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा। कहा कि ये 18वीं सदी नहीं है, पर झारखंड के गांवों में हालात अभी भी वही हैं। सिमडेगा ज़िले के चुंदियारी गांव में एक बुज़ुर्ग महिला गंगो देवी के कमर में गंभीर चोट आई, लेकिन गांव में न सड़क थी, न स्वास्थ्य सुविधा, न एम्बुलेंस पहुँची। मजबूर परिजन खाट पर लादकर तीन किलोमीटर पैदल चले। कहा कि शर्म की बात ये है कि ये सब उस राज्य में हो रहा है, जहाँ हेमंत सरकार ने इस साल बजट में स्वास्थ्य पर 3497 करोड़ और सड़कों व पुलों के लिए 5300 करोड़ खर्च करने की घोषणा की थी। पिछले साल यही राशि 7223 करोड़ और 6389 करोड़ थी। इतना पैसा गया कहाँ? इसका जवाब तो हम सबको पता है। कहा कि जब भ्रष्टाचार करने की बात आती है, तो हेमंत सरकार सुरसा से भी बड़ा मुंह खोल लेती है। लेकिन जब व्यवस्था को लेकर सवाल किया जाए, तो मुख्यमंत्री और मंत्री गूंगे बहरे बन जाते हैं। कहा हेमंत सोरेन, राजनीति से इतर इतनी संवेदनशीलता तो दिखाइए, कम से कम ये सुनिश्चित कीजिए की आज के बाद किसी झारखंड वासी को खाट पर लादकर इलाज के लिए न जाना पड़े।

# झामुमो ने महापुरुषों का अपमान किया: प्रतुल शाहदेव

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर बड़ा हमला करते हुए पार्टी पर भगवान बिरसा मुंडा, बाबासाहेब डॉक्टर अंबेडकर, सिद्धू कान्हू सहित झारखंड के शहीदों और महापुरुषों का अपमान करने का आरोप लगाया। प्रतुल ने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा से जुड़े एक संगठन की बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा का नेतृत्व मंच पर बैठा था और उनके मंच के पास उनके पैरों के नीचे भगवान बिरसा मुंडा सहित अन्य महापुरुषों की तस्वीर लगाई गई थी। यह बेहद शर्मसार करने वाला वाकया है और यह झामुमो की शहीदों के प्रति सोच को दिखाता है। प्रतुल ने कहा भगवान बिरसा मुंडा को पूरा झारखंड भगवान के रूप में मान्यता देता है। बाबासाहेब डॉक्टर अंबेडकर संविधान के निर्माता और वंचित समुदाय के मसीहा थे। सिद्धू कान्हू सहित अनेक महापुरुष जो झारखंड में पूजनीय है, उनकी तस्वीर को झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने अपने पैरों के नीचे लगा कर रखा था। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता खुद मंच पर टांग चढ़ा कर बैठे थे।अपने पैरों के नीचे मंच पर इन शहीदों की तस्वीरों को रखा था। यह बहुत अपमानजनक और शर्मनाक वाकया है और झारखंड मुक्ति मोर्चा की इन महापुरुषों के प्रति सोच को दिखाता है। प्रतुल ने कहा कि इससे पहले भी लालू प्रसाद के जन्मदिवस पर उनके पैरों के पास बाबा साहब की तस्वीर को रखा गया।

**आमने सामने**

# महापुरुषों का सम्मान भाजपा से सीखने की जरूरत नहीं : झामुमो

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झामुमो ने भाजपा के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए पलटवार किया है। झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा है कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक संवेदनशील विषय पर भाजपा सस्ती राजनीति कर रही है। शहीदों एवं महापुरुषों के नाम पर झूठा और भ्रामक प्रचार कर रही है। झामुमो नेता ने कहा, 'हमें महापुरुषों का सम्मान करना कम से कम भाजपा से सीखने की जरूरत नहीं है। विनोद पांडेय ने कहा कि कोलियरी मजदूर यूनियन के महाधिवेशन में किसी भी महापुरुष का किसी भी प्रकार से अपमान नहीं किया गया। भगवान बिरसा मुंडा, बाबा साहब भीमराव आंबेडकर, सिदो-कान्हू सहित तमाम महापुरुषों की तस्वीरों को श्रद्धा के साथ मंच पर प्रदर्शित किया गया था। यह तस्वीरें मंच की शोभा थीं और इन्हें सम्मानपूर्वक लगाया गया था। भाजपा नेताओं द्वारा फैलाया गया यह आरोप न केवल झूठ है, बल्कि झारखंड की जनता को गुमराह करने की एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा है। झामुमो इन महापुरुषों की विचारधारा पर चलता है और उनके बलिदानों को अपना मार्गदर्शक मानता है। उन्होंने कहा, 'हमारा पूरा संघर्ष ही उनके सिद्धांतों पर आधारित है। हम भाजपा से पूछना चाहते हैं कि आदिवासी अधिकारों को कुचलने वाले उनके नीति-निर्माता किस मुंह से भगवान बिरसा मुंडा और बाबासाहेब का नाम लेते हैं?

**सम्मेलन** ओरमांझी में आजसू पार्टी का मिलन समारोह, बोले सुदेश महतो

# बीडीओ–दारोगा गरीबों की नहीं सुनते इस व्यवस्था को बदलें

- शहीदों की जन्मस्थली को आदर्श ग्राम बनाने की योजना अधर में लटकी : सुदेश महतो
- उपमुखिया, ग्राम प्रधान समेत सैकड़ों युवाओं ने आजसू पार्टी का थामन थामा

नवीन मेल संवाददाता



### पार्टी को वैचारिक मजबूती दें : देवशरण

मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि आजसू की विचारधारा को गांव गांव तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि आजसू ही शहीदों के सपनों का झारखंड बनेगी और भ्रष्ट व्यवस्था को बदलेगी। सम्मेलन को दीपक महतो, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, हकीम अंसारी, बैजनाथ महतो, रामधन बेदिया सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन राजकिशोर महतो ने किया।

**रांची।** ओरमांझी में आजसू पार्टी के का मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पार्क पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड के अलग अलग पंचायतों से सैकड़ों की संख्या में युवा पहुंचे और सुदेश महतो के समक्ष पार्टी का थामन थामा। दो उप मुखिया एवं ग्राम प्रधानों ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सम्मेलन में सुदेश महतो ने कहा कि राज्य का भविष्य तभी संभव है जब युवा अपने नेतृत्व क्षमता को आगे लाए ओर नेतृत्व करे। उन्होंने कहा आजसू के नेतृत्व में युवा शक्ति ने झारखंड राज्य के लिए संघर्ष किया। झामुमो ने आंदोलन को दिल्ली और पटना में बेचने का काम किया लेकिन आजसू ने समझौताविहीन आंदोलन चलाकर अटल बिहारी वाजपाई से अलग राज्य बनवाया।

श्री महतो ने कहा कि हेमंत सरकार में जनता के अधिकारों को दबाया जा रहा है और दलाली एवं भ्रष्टाचार का आलम है। प्रखंड में बीडीओ और थाना में दारोगा के पास गरीब लोग आवेदन लेकर रोज पहुंचते हैं लेकिन उनका कोई सुनने वाला नहीं। मुखिया–विधायक चुनकर भी काम नहीं हो रहा। इस व्यवस्था को बदलने की जरूरत है।

श्री महतो ने कहा कि शहीदों की जन्मस्थली को आदर्श ग्राम बनाने की योजना उन्होंने शुरू की थी जो इस सरकार में अधर में लटकी है। ओरमांझी में टिकैत उमराव तथा शेख भिखारी के गांवों को आदर्श गांव बनाने के की योजना थी, जो पूरी नहीं हुई है। कार्यक्रम का सफल संचालन राजकिशोर महतो ने किया। इस मौके पर प्रकाश चौधरी, रामनंदन महतो संजय तिर्की, लालू महतो, सुमित महतो, अभिमन्यु सिंह, संजय महतो उपस्थित रहे। मिलन समारोह में गगरी पंचायत उप मुखिया तीर्थ मोहन उरांव, चढ़ूं पंचायत के उप मुखिया प्रीतम महतो, पूर्व मुखिया प्रत्याशी भीम मुंडा, राज साहू, विशाल मुंडा, शशि महतो, धर्मवीर मुंडा, विवेक नायक, राहुल बैठा, विवेक कुमार समेत सैकड़ो युवाओं ने पार्टी का दामन थामा।

## न्यूज बॉक्स

### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सात इन्फेंट्री ब्रिगेड के सैनिकों से मिले



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रविवार को कानपुर छावनी का दौरा किया और 7 इन्फेंट्री ब्रिगेड के बहादुर सैनिकों से मुलाकात की। 7 इन्फेंट्री ब्रिगेड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल सुनील शेरॉन ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान मंत्री को ऑपरेशनल तैयारियों और सैनिकों के लिए कल्याणकारी उपायों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने सैनिकों से बातचीत भी की और उनके अनुभव सुने। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के सफल समापन के लिए अधिकारियों और जवानों को विशेष रूप से बधाई दी। ऑपरेशन सिंदूर को जिस तरह हमारे जवान ने बहादुरी का परिचय देते हुए सफल ऑपरेशन किया ये हमारे लिए गर्व की बात है। हमे हमारे बीर जवानों पर गर्व है। मंत्री श्री सेठ ने देश की सुरक्षा के प्रति जवानों को उनके समर्पण और प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदैव कहते हैं कि सैनिक हमारे परिवार का हिस्सा हैं। उनकी इसी बात को आत्मसात करते हुए मैं अपने हर प्रवास में सैनिकों से मिलता हूं। उनके अनुभव सुनता हूं। यह मेरे लिए भी प्रेरणा देने वाला होता है। सैनिकों का मनोबल बढ़ाना, देश के मनोबल बढ़ाने का विषय होता है। सैनिकों के सम्मान और उनके कल्याण के लिए मोदी सरकार हमेशा प्रतिबद्ध है।

### धुर्वा थाना में आपस में भिड़े पुलिसकर्मी एसएसपी से की गई शिकायत, चल रही जांच




**रांची।** राजधानी के धुर्वा थाना में रविवार को एक हैरतअंगेज मामला सामने आया, जहां एक पुलिस मुंशी पर अपने ही थाने के एक एएसआई की पिटाई करने का आरोप लगा है। एएसआई सुदिन रविदास ने रांची के एसएसपी से शनिवार को लिखित शिकायत की। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, 27 जून की रात सुदिन रविदास की ओडी ड्यूटी थी। पेट्रोलिंग के दौरान उन्होंने जगन्नाथपुर रथ मेला परिसर से मोबाइल चोरी और झपटमारी के आरोप में 12 संदिग्धों को पकड़ा था, जिन्हें पूछताछ के लिए थाने लाया गया था। सुदिन रविदास का आरोप है कि उनकी जानकारी के बिना, थाना मुंशी उदय शंकर यादव ने उन 12 संदिग्धों में से छह को छोड़ दिया। जब अगले दिन, शनिवार को एएसआई सुदिन रविदास ने इस बारे में मुंशी उदय शंकर से पूछा, तो मुंशी ने जवाब दिया कि उन्होंने थाना प्रभारी को उन लोगों को छोड़ने की जानकारी दे दी थी। इस पर सुदिन रविदास ने पूछा कि जब वे ओडी ड्यूटी पर थे और उन्होंने उन संदिग्धों को पकड़ा था, तो उन्हें क्यों नहीं सूचित किया गया। इसी क्रम में दोनों में बहस छिड़ गई और बात हाथापाई तक पहुंच गई। फिलहाल एसएसपी कार्यालय से जांच का आदेश दिया गया है। मामले कि जांच चल रही है।

### पद्मश्री मधु मंसूरी ने सीएम को दिया धन्यवाद



**रांची।** पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख ने जगरनाथपुर रथ मेला में कलाकारों के लिए इस तरह का मंच और दर्शकों के लिए मनोरंजन की व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री के साथ साथ जिला जनसंपर्क कार्यालय को धन्यवाद दिया है। जगरनाथपुर मेले के तीसरे दिन में न्यू झारखंड कला संगीत सृजन केंद्र कोराबार बुढ़मू रांची के अलावा शहाबुद्दीन अंसारी, जन विकाश मंच कांके के द्वारा नागपुरी एवं मुरलीधर घटवार, युवा जागृति दल सिल्ली के कलाकारों द्वारा मानभूम छौ नृत्य प्रस्तुत किया गया। कलाकारों का संगत में राजेश गोप, किरण उरांव, मीना कच्छप, सीमा कुमारी, संजना उरांव, रंजीता उरांव, पूजा तिर्की, पूजा उरांव, प्रियंका उरांव, सुरेश महतो , मोहन महतो, अक्लू मलार, अजय महतो इत्यादि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### नशीले पदार्थों के सेवन से बचें युवा : वीरेंद्र प्रताप



**रांची।** जगरनाथपुर थाना क्षेत्र स्थित रथ मेला परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने स्टॉल लगाकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर एलएडीसी सहायक वीरेंद्र प्रताप, प्रीति पाल, सम्पा दास, शारदा देवी, भारती शाहदेव, ऋषभ जयसवाल एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। मेला परिसर में आने-जाने वाले लोगों को वीरेंद्र प्रताप ने नालसा व झालसा के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। साथी अभियान पर फोकस करते हुए कहा कि अपने क्षेत्र में कोई भी निराश्रित बच्चे-बच्चियों हो तो डालसा को सूचित करे या थाना क्षेत्र में कार्यरत पीएलवी से सम्पर्क करें। निराश्रित बच्चों का हर संभव मदद डालसा करेगा। डॉन अभियान पर फोकस करते हुए कहा कि बच्चे-बच्चियों को नशा से दूर रहना चाहिए। नशा से धन व समय की हानि होती है। आगे उन्होंने लोगों से कहा कि नशा में गिरफ्त बच्चों, युवाओं व लोगों को चिन्हित कर नशा उन्मूलन कार्यालय या अस्पताल में ले जाकर उनका समूचित ईलाज करें। पीएलवी सम्पा दास ने वृद्धा पेंशन व विधवा पेंशन के बारे में जानकारी दी, वहीं शारदा देवी ने प्रधानमंत्री आवास योजना तथा मईंया सम्मान योजना के बारे में जानकारी दी।

### एचईसी में आउटसोर्सिंग का विरोध तेज कर्मचारी बोले- नहीं भरेंगे एजेंसी का फॉर्म



**रांची।** देश की प्रतिष्ठित केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम एचईसी (हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन) एक बार फिर कर्मचारियों के गुस्से की जद में है। कंपनी में आउटसोर्सिंग व्यवस्था लागू करने की तैयारी के बीच सप्लाई और ठेका मजदूरों ने तीखा विरोध शुरू कर दिया है। कर्मचारियों का कहना है कि वर्षों की सेवा के बावजूद उन्हें अनदेखा कर बाहर की एजेंसी से नियुक्तियों की कोशिश न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि कंपनी के मूल ढांचे के खिलाफ भी है। दरअसल, रविवार को धुर्वा गोल चक्कर के पास एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें लगभग 1400 मजदूरों और उनके परिवारों ने भाग लिया। मजदूरों ने यह स्पष्ट कर दिया कि कोई भी कर्मचारी आउटसोर्सिंग के लिए फार्म नहीं भरेगा। आंदोलनकारियों का कहना है कि अगर प्रबंधन जबरन फॉर्म भरवाने की कोशिश करेगा, तो कानूनी विकल्पों का सहारा लिया जाएगा। एचईसी मजदूर संघर्ष समिति के सदस्य मनोज पाठक ने कहा, 'हम 20-25 वर्षों से एचईसी की सेवा में हैं, जब स्थायीकरण होना चाहिए था, तब एजेंसी के बहाने बाहर किया जा रहा है, यह धोखा है।

### युद्ध स्तर पर चल रहा रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का काम

# समय और वर्षा से रेस लगा रही केसीसी कंपनी को एक जुलाई को कार्य करना है पूरा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का जल्द ही आम जनता लुफ्त उठा पाएगी। तीन जुलाई को एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन होना है जिसकी तैयारी जोरों पर है। इसे लेकर ओटीसी ग्राउंड में तैयारी को लेकर टेंट लगना शुरू हो चुका हैं। साथ ही सड़क के बीच में बचे हुए जगह से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। पौधरोपण का काम भी तेजी से किया जा रहा है। एलिवेटेड कॉरिडोर के उद्घाटन के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के आने कि सूचना है। उद्घाटन समारोह के बाद केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का रोड शो भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना हैं। वहीं, इस एलिवेटेड कॉरिडोर की लंबाई 2.75 किलोमीटर है। इसके निर्माण में लगभग 300 करोड़ रुपये खर्च किए गए है। इसमें 200 स्ट्रीट लाइट, 101 पीलर पर खड़ा किया गया है। एलिवेटेड कॉरिडोर के कारण लोग आधे घंटे का सफ़र पांच मिनट में तय करेंगे लोग। मांडर, रातू, बेड़ो, नगड़ी आने-जाने वालों को एलिवेटेड कॉरिडोर से काफी राहत मिलेगी।


उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारी ओटीसी गाउंड में जोरों पर




ग्रिल, पाइप और पेंट के कार्य में टूट सकती है समय सीमा

## तीन जुलाई को है उद्घाटन लेकिन काम अभी अधूरा

एलिवेटेड कॉरिडोर के उद्घाटन कि तारीख का एलान हो चुका है लेकिन अभी भी कई काम अधूरे हैं। वहीं, केसीसी कंपनी के सेफ्टी मैनेजर ने कहा एक जुलाई तक टारगेट है पूरा काम खत्म करना है। एक जुलाई को किसी भी हाल में काम को पूरा कर लिया जाएगा। हालांकि काम काफी तेजी से चल रहा है। पिलर्स में रंगों- रोगन का काम, पौधा रोपण का काम इसी के साथ पाइपिंग भी काफी तेजी से किया जा रहा है। ताकि एलिवेटेड कॉरिडोर के ऊपर से बारिश का पानी नीचे आ सके। यह पाइप कॉरिडोर से पिलर के सहारे नीचे लाए जा रहे हैं जिससे पिलर डैमेज हो सकता है। हालांकि सेफ्टी मैनेजर ने बताया की उन पाइप में ड्रेन किया जाएगा। ड्रेन के माध्यम से कॉरिडोर से आने वाला पानी पौधों में जाएगा। एलिवेटेड कॉरिडोर के अधूरे कामों और केसीसी कंपनी के द्वारा एनएचएआई को कब सौंपा जाएगा इस विषय पर जानकारी प्राप्त करने के लिए हमने एनएचएआई की जीएम एकता से संपर्क करने कि कोशिश कि लेकिन उनसे संपर्क नहीं बन पाया।

# कचहरी परिसर से पौधा दुकानों को हटाया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** राजधानी रांची की हृदय स्थली कचहरी परिसर में पुराने कचहरी के बाहर सड़कों पर दर्जनों वाहन लगे रहते हैं। जिसमें नोट बदली, टायपिस्ट, अस्थाई स्टूडियो से लेकर पौधा दुकान शामिल है। जिसे राष्ट्रीय नवीन मेल ने प्रकाशित किया था। निगम के द्वारा पौधा दुकानदारों सहित सभी लोगों को दुकानों को हटाने का नोटिस दिया गया था। नतीजन शनिवार और रविवार को पौधा दुकानदारों ने दुकाने हटा ली।

## भारी नुकसान का करना पड़ा सामना : दुकानदार

खबर का असर

दुकानदारों ने कहा कि वर्षों से यहां पौधे बेच कर गुजारा कर रहे थे। लोगों के बीच एक पहचान बन गई थी लोग यहां आकर पौधे लेते थे। यहां से पौधे उठाकर या गाड़ियों में लाद कर ले जाने के कारण कई महंगे पौधे खराब हो गए। वहीं कम कीमतों में पौधों को बेचना पड़ा। दुकानदारों ने कहा कि यहां से हटाए जाने के कारण सिर्फ हमने जगह नहीं गवाई है बल्कि भारी नुकसान भी झेलना पड़ा।




## अतिक्रमण हटने के तुरंत बाद लोगों ने लगाई दुकानें

रांची। कचहरी रोड एसबीआई के पास से बीते 22 जून को प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण हटाया गया था। यहां लंबे समय से इडली बेचने वाले सहित कई लोगों ने दुकाने लगे हुई है। जिस से कई बार जाम भी लग जाता है। प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण हटाने के कुछ दिनों बाद ही लोग फिर से दुकाने लगाने लगे। प्रशासन के दोरावा यदि सख्ती बरता जाये तो शायद इस तरह से अतिक्रमण हटाए जाने के बाद भी लोग दुकाने नहीं लगाते।

# श्री राधा- कृष्ण मंदिर में अन्नपूर्णा महाप्रसाद का वितरण, उमड़े श्रद्धालु

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 214 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। रविवार को महाप्रसाद श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के सदस्यों के सौजन्य से आयोजित किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12:30 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाई गई, तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित दो हज़ार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। आज के महाप्रसाद में केसरिया खीर, आलू चिप्स का पैकेट का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन- संध्या के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायकों ने कृष्ण दरबार में मनमोहक भजनों से भक्तों को अमृत गंगा का रसपान कराते हुए खूब झुमाया। तथा श्री राधा कृष्ण के जयकारा एवं भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया तथा भक्तगण भक्ति रस में डूब गए। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती की गई। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर मे आज अन्नपूर्णा महाप्रसाद एवं भजन संध्या में आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का भीड़ लगा रहा।

## महिला समिति के सदस्यों पर 17 लाख गबन का आरोप, केस

**रांची।** रांची की कोकर खोरहा टोली की रहने वाली सोनी कुमारी साही ने महिला समिति के सदस्यों पर 17 लाख रुपए गबन करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में सोनी ने पूनम देवी, शर्मिला देवी, अनिता देवी, शांति देवी, मुन्नी देवी, कौशल्या देवी, रूपम समेत अन्य के विरूद्ध सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। सोनी ने पुलिस को बताया कि 24 सितंबर 2024 को उनका समिति समाप्त हुआ। इन आरोपियों ने समिति की राशि गबन कर ली। जमा राशि की मांग की गई तो आरोपियों ने देने से इंकार कर दिया। इसके बाद वह थाना पहुंची और मामला दर्ज कराया।


# डीसी के नाम से बनाया गया फर्जी फेसबुक आईडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाया गया। जिला प्रशासन को सूचना प्राप्त हुई है कि उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री के नाम से एक फर्जी फेसबुक आईडी बनाई गई है। इस फर्जी आईडी के माध्यम से असामाजिक तत्वों द्वारा आम नागरिकों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी जा रही हैं, जिसका उद्देश्य लोगों को ठगी और धोखाधड़ी का शिकार बनाना है।

जिला प्रशासन स्पष्ट करता है कि श्री मंजूनाथ भजन्त्री का इस फर्जी फेसबुक आईडी से कोई संबंध नहीं है। जनता से अपील की जाती है कि ऐसी किसी भी अनजान फ्रेंड रिक्वेस्ट को स्वीकार न करें। इस प्रकार की गतिविधियों से सतर्क रहें, क्योंकि यह साइबर अपराध का हिस्सा हो सकता है और आपको आर्थिक या व्यक्तिगत नुकसान पहुंचा सकता है।

जिला प्रशासन द्वारा इस फर्जीवाड़े के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। दोषियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जा रही है, और संबंधित साइबर क्राइम यूनिट इस मामले की गहन जांच कर रही है। नोट यह प्रेस रिलीज जनहित में जारी की गई है। कृपया इसे अधिक से अधिक लोगों तक साझा करें।




● किसी भी अनजान फ्रेंड रिक्वेस्ट को स्वीकार करने से पहले उसकी प्रामाणिकता की जांच करें

## जीवन में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का होना जरूरी : देवेंद्राचार्य

**रांची।** एदलहातु के श्री महामृत्युंजय महादेव मंदिर में रविवार को श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भक्तों की भीड़ उमड़ी। श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञानयज्ञ सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में देवेंद्राचार्य जी महाराज ने कहा कि श्री मद्भागवत कथा श्रवण से भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि जीवन में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का होना परम आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कथा जीवन जीने की कला सिखाती है। वह मनुष्य के जीवन में सुधार करने का अवसर प्रदान करती है। कथा सुनने से अपने जीवन में की गई गलतियों और कमजोरियों की पहचान होती है।



# पहले निगम और अब सफेदपोश लगे हैं अतिक्रमण में

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



एनएच 75 में स्थित पंचशील नगर चौक जहां दिन के उजाले में कुछ लोगो ने नाले का अतिक्रमण किया। मकान-दुकानें बनाई और पिछले 17 सालों से कानून के आंखों में धूल झोंकने का लगातार प्रयास करते आ रहे हैं। अपने बचाव में फर्जी तरीके से हूकुमनामा बनाकर, नाले की जमीन की रजिस्ट्री और दाखिल-खारिज करा रखे हैं और लगान की रसीद भी कटाते आ रहे हैं। उनके अतिक्रमण के कारण एनएच 75 में बरसात के दिनों में भारी जलजमाव हो रहा है और एनएच 75 राजधानी से कट जा रहा है। वहीं पंचशील नगर, शाहदेव नगर, शांति नगर और राधा नगर पानी में डूब जा रहा है। घरों के अंदर पानी घुस रहा है जिससे ये लोग नाते-रिश्तेदारों, दोस्तों के यहां शरण उस समय तक लिए रहते हैं जबतक उनके घरों और मुहल्ले से पानी नहीं निकल जाता है। बहुत ऐसे भी होते हैं जो अपने घरों में फंस जाते हैं और इंतजार के अलावे दूसरा कोई उपाय नहीं रहता। कहते हैं एक तो करैला उपर से नीम चढ़ा। एक तो जहां अतिक्रमण कर मकान दुकान बनाए गए हैं उससे एनएच 75 बंद हो जाता है। वहीं दूसरी ओर इसी जगह पर नाले का अतिक्रमण कर सात तल्ला भवन बनाने का काम चल रहा है। लोगों में चर्चा है कि सात तल्ले मकान बनाने की अनुमति कैसे मिल गई और क्या निगम ने इसका नक्शा पास किया है। सूत्रों के अनुसार, डेढ़ डिसमिल जमीन खरीदा गया है और ज्यादा जमीन पर सात तल्ला मकान बनाए जा रहे हैं जिसमें नाले की जमीन भी है। पहले का अतिक्रमण ही इतनी भयंकर तबाही ला रही है कि लोग बह जा रहे हैं और उनकी लाशें तीन दिनों के बाद मिल रही है अगर और अतिक्रमण होगा तो हालात क्या बनेगी; सूत्रों द्वारा यह भी बताया जा रहा है कि नाले के अतिक्रमण कर सात तल्ला भवन बनाने में किसी सफेद पोश का हाथ है। पहला अतिक्रमण निगम के बड़ाबाबू ने की और अब सफेद पोश कर रहे हैं। सवाल उठाती जनता कहती है कि क्या नदी-नाले के अतिक्रमण का सिलसिला चलता रहेगा या थमेगा भी। दिन के उजाले में अतिक्रमण होता है और रात के सन्नाटे में पदाधिकारी कारवाई का नाटक करते हैं। जब भी स्थल निरीक्षण कर प्रशासन कारवाई की बात करती है तो बगल में ही खड़ी जनता कहती है कि बरसाती मेढ़क फिर इस साल आ गए।

### ट्रस्ट ने अपना आठवां स्थापना दिवस

# खुशबू बरनवाल को सर्वश्रेष्ठ लेख का मिला पुरस्कार



**रांची।** बरनवाल सेवा ट्रस्ट ने अपना आठवां स्थापना दिवस स्वयंवर वाटिका, कोकर में नाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, विशिष्ट अतिथि डॉ एसपी अग्रवाल के साथ लगभग 200 लोग उपस्थित रहे। अध्यक्ष डॉ टीपी बरनवाल ने विभिन्न सामाजिक कार्यों की जानकारी दी। समाज की वार्षिक पत्रिका स्पंदन-7 का विमोचन किया गया। पत्रिका में प्रकाशित "विवाह एवं विवाहेत्तर समस्याएं व समाधान" विषय पर लेख प्रतियोगिता में लेखिका व कवयित्री खुशबू बरनवाल को सर्वश्रेष्ठ लेख को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भोजनोपरांत सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में अरविंद कुमार, मनोज कुमार, मोती लाल, पवन कुमार, अनुज कुमार, उमेश कुमार, रितु रानी, खुशबू बरनवाल, दिलीप बरनवाल, मुकुल कुमार, प्रकाश बरनवाल व अन्य लोगों ने सहयोग किया।

## न्यूज बॉक्स

### मारवाड़ी कॉलेज की दो छात्राओं को 6.5 लाख का मिला पैकेज

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज (केमिस्ट्री विभाग) की दो छात्राओं- बबीता कुमारी और आकृति श्रीवास्तव का चयन वेदांता कंपनी में 6.5 लाख के पैकेज पर हुआ है। दोनों छात्राओं को रहने और खाने की सुविधा भी कंपनी की ओर से दी जाएगी। दो साल बाद आईआईएम से एमबीए कराया जाएगा। इसके बाद 10 से 12 लाख सालाना पैकेज इंक्रीमेंट होगा। कैंपस चयन प्लेसमेंट सेल द्वारा 24 और फाइनल इंटरव्यू 29 जून को हुआ था। प्राचार्य डॉ मनोज कुमार व साइंस डीन शुभंकर आईच ने छात्राओं को ज्वाइनिंग लेटर दिया। ज्वाइनिंग एक जुलाई से होगी।

### महाराजा अग्रसेन भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह 12 जुलाई को 8 जुलाई तक होगा निबंधन

रांची। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वाधान में प्रतिभा सम्मान समारोह- 2025 का आयोजन 12 जुलाई को महाराजा अग्रसेन भवन रांची में आयोजित किया जाएगा। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन एवं संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने संयुक्त रूप से बताया कि 12 जुलाई को आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में रांची जिले भर के मारवाड़ी समाज से संबंध रखने वाले प्रतिभावान मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने शैक्षणिक उपलब्धियों अथवा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज को गौरवान्वित किया है। उन्होंने बताया कि सम्मान की प्रमुख श्रेणियाँ मे कक्षा 10वीं एवं 12वीं सीबीएसई, आईसीएसई एवं झारखंड राज्य बोर्ड परीक्षा के 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा,तथा विश्वविद्यालय स्तर यूजी/पीजी के टॉप 10 रैंक धारक छात्र-छात्राओं, तथा राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाएं- यूपीएससी,सीए, सीएस, एसएमए, एमबीए, इंजीनियरिंग, मेडिकल एलएलबी, एलएलएम, पीएचडी, बी.एड आदि के अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं, तथा राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धि सांस्कृतिक, खेल या अन्य क्षेत्रों में विशेष पहचान बनाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।उन्होंने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए संयोजक विशाल पाड़िया तथा विकास अग्रवाल बनाये गए है। उन्होंने सभी सफल प्रतिभागियों से 8 जुलाई तक महाराजा अग्रसेन भवन में रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

### खलारी स्टेशन पर शौचालयों की बदहाल स्थिति से यात्री परेशान




**खलारी।** पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल अंतर्गत खलारी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 3 और 4 पर बने शौचालय यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। प्लेटफार्म पर पानी की व्यवस्था होने के बावजूद कुछ गैरजिम्मेदार यात्री शौचालयों का सही तरीके से उपयोग नहीं कर रहे हैं और उन्हें गंदा छोड़ देते हैं, जिससे खासकर महिला और दिव्यांग यात्रियों को भारी असुविधा होती है। स्टेशन प्रशासन के अनुसार प्रतिदिन एक बार सफाईकर्मी से शौचालयों की सफाई कराई जाती है, परंतु सुबह एक्सप्रेस ट्रेनों के समय यात्रियों की भीड़ बढ़ने से हालात बिगड़ जाते हैं। कई बार शौचालयों में इतनी गंदगी जमा हो जाती है कि अन्य यात्रियों के लिए उनका उपयोग करना मुश्किल हो जाता है। कई बार तो महिला यात्रियों को शर्मिंदगी झेलनी पड़ती है। स्थानीय यात्रियों का कहना है कि केवल एक बार की सफाई पर्याप्त नहीं है और शौचालयों की नियमित अंतराल पर कई बार सफाई कराई जानी चाहिए, ताकि स्टेशन पर स्वच्छता बनी रहे और स्टेशन की छवि सुधरे।

### शिविर में ग्रामीणों के बीच 20 करोड़ की परिसंपत्ति का किया गया वितरण




**नामकुम।** नामकुम प्रखंड के सभागार हाल में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सिविल जज रवि कुमार भास्कर उपस्थित हुए। उनके द्वारा साथी अभियान के तहत निराश्रित बच्चों की पहचान कर सूचित करने को कहा गया साथ ही उनके द्वारा उपस्थित सभी ग्रामीणों को नशा मुक्ति हेतु शपथ दिलाई गई एवं लगभग 20 करोड़ रुपए की परिसंपत्ति का वितरण किया गया जिसमें मुख्य रूप से अबुआ आवास योजना के लाभुकों को कलश देकर गृह प्रवेश कराया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना ,सर्जन पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड ,पशुधन विकास योजना अंतर्गत सूअर एवं मुर्गी पालन, राशन कार्ड ,चिकित्सा विभाग के द्वारा किट वितरण, शिक्षा विभाग द्वारा नोटबुक का वितरण तथा बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं को गोद भराई तथा बच्चों का अन्नप्रासन्न कराया गया । मौके पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी प्रभावती कुमारी, पंचायती राज पदाधिकारी वीरेंद्र राम , चिकित्सक डॉक्टर अरविंद, पशुपालन पदाधिकारी सुरेंद्र राम ,महिला प्रसार पदाधिकारी रेणु कुमारी , आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मरियम बानो, प्रखंड प्रधान सहायक अनिल कुमार ,नाजीर विजय यादव, पीएलवी लता कुमारी, प्रहलाद , पंचायत सचिव, जनसेवक, रोजगार सेवक,प्रखंड एवं बाल विकास के कर्मी तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

### हाटू निवासी नईम हुसैन के खिलाफ इश्तेहार चिपकाया गया

**बेड़ो।** गुमला जिले के रायडीह थाना कांड संख्या 32/2024 के तहत बेडो.थाना क्षेत्र के ग्राम हाटू, थाना बेड़ों, जिला रांची के निवासी नईम हुसैन, पिता स्व. मुस्तकीम हुसैन के विरुद्ध इश्तेहार की प्रक्रिया अपनाई गई ।यह कार्रवाई बेड़ो थाना क्षेत्र के हाटू गांव में रायडीह थाना के पुलिस पदाधिकारी धनंजय सिंह के द्वारा विधिक प्रक्रिया के तहत की गई। रायडीह पुलिस के अनुसार संबंधित मामले में अग्रेतर कानूनी प्रक्रिया के तहत अभियुक्त की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु इश्तिहार की कार्रवाई की गई है। यह एक सामान्य प्रक्रिया है जो न्यायिक आदेश के अनुपालन में की जाती है। पुलिस ने जनहित में अनुरोध किया है कि यदि किसी को संबंधित व्यक्ति के संबंध में कोई जानकारी हो, तो वह निकटतम थाना को सूचित करे। उल्लेखनीय है कि रायडीह पुलिस को नईम हुसैन की लंबे समय से तलाश है। नईम हुसैन का घर हाटू में बताया जा रहा है।

### मानसून उत्सव में बच्चों ने दिखाई बहुमुखी प्रतिभा

## जीवन में सकारात्मकता लाना जरूरी : नेसार



**मांडर।** प्रखण्ड के कंदरी स्थित वंडरलैंड स्कूल में शनिवार को मानसून उत्सव उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों ने गीत, नृत्य और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता जैसी रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा प्रस्तुत "स्वागत मानसून गीत" से हुई, जिसने पूरे वातावरण को उल्लासमय बना दिया। बच्चों ने मानसून से जुड़े गीतों और नृत्यों के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में जल संरक्षण, पर्यावरण, पशु-पक्षी और मानसून से जुड़े स्वरूपों में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। मौके पर निदेशक मो. निसार आलम ने बच्चों को मेहनत, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभा को मंच मिलता है और उनका सर्वांगीण विकास होता है। विद्यालय की प्रधानाचार्य पुष्पांजलि साहू के मार्गदर्शन में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने बच्चों को अनुशासन, रचनात्मकता और टीम वर्क का महत्व समझाया। मौके पर रफ़त आरा, कौसर खातून, मो. मुस्ताक, सैमुअल मिंज, सिमरन टोप्पो, अंजुलता तिर्की, अनामिका खलखो, नीरज कुमार, खालिद अंसारी, शिखा टोप्पो, सगुफा सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

### बेड़ो पहुंचे पांकी के बीजेपी विधायक शशि भूषण मेहता

# विधायक की पत्नी ने विधि विधान से शुरू की धानरोपनी

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**



बेडो. प्रखंड के टेरो गांव स्थित अपने खेत में पांकी विधायक शशि भूषण मेहता की पत्नी सेवानिवृत सीडीपीओ किरण मेहता ने मजदूर महिलाओं का साथ धान के बिचड़े उखाड़ी और धान के खेतों के मेड़ मे विधि विधान से बांन-गड़ी कर पूजा अर्चना किया। वही उन्होंने मजदुरो के बीच प्रसाद के रूप में भुजा का वितरण भी किया। वहीं धान के खेत में धान रोपनी कर रही महिलाओं के साथ धान की रोपा फसल की लगाई। उन्होंने बताया कि वह खुद अपने खेतों से उपजाए गए धानो से चावल बनाती है। विधायक सहित पूरे परिवार के लोग अपने खेतों में ही उपजाए गए चावल व अनाज खाते हैं। इधर भाजपा के पांकी विधायक शशि भूषण मेहता ने बेड़ो बाजार टांड स्थित मुखिया कॉम्प्लेक्स में मुखिया जी खाद-बीज की दुकान से स्वयं जाकर खेतों में लगाने के लिए बीजो की चयन कर खरीदारी किया। उन्होंने बताया कि अभी फसल लगाने की समय है। मैं कुछ समय निकाल कर खास कर खेतों के अनुरूप लगाने के लिए बीजों की चयन कर करता हूं। इस मौके के विधायक के साथ पंकज कुमार, प्रवीण महतो व केश्वर प्रसाद मेहता सहित कई लोग साथ में थे।

### दिशोम गुरु शिबू सोरेन की जल्द स्वास्थ्य लाभ के लिए विशेष प्रार्थना



**रांची।** केंद्रीय सरना समिति ने रविवार को सरना स्थल सिरमटोली में दिशोम गुरु शिबू सोरेन की लंबी आयु और जल्द स्वास्थ्य लाभ के लिए पाहन के द्वारा प्रर्थना सभा की साथ ही सरना मां और धरमेश बाबा से जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना की। शिबू सोरेन का वर्तमान में दिल्ली स्थित सर गंगा राम अस्पताल में इलाज चल रहा है। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने बताया कि सिरमटोली सरना स्थल पर समिति के सदस्यों द्वारा पूजा अर्चना कर शिबू सोरेन के लिए स्वास्थ्य होने की कामना की गई। अजय तिर्की ने कहा कि शिबू सोरेन झारखंड की पहचान है, जिन्होंने राज्य गठन से लेकर राज्य अलग होने तक आंदोलन किया। मौके पर रुपचंद तिर्की, नवनीत उंराव, अजय कच्छप, बबलू उराव, बाहा तिग्गा, आशुतोष कुमार, अजीत उरांव, मनोज उरांव, शिवराम उरांव, सुमित्रा परमेश्वर उरांव आदि शामिल थे।

### झारखंड में पहली बार बधाई छोड़ मैदान में उतरे ट्रांसजेंडर, खेला फुटबॉल

**पूर्वी सिंहभूम।** झारखंड में पहली बार ट्रांसजेंडर समुदाय अपने बधाई देने की परंपरा को छोड़कर खेल में अपना दमखम दिखाने के लिए मैदान में उतरे। रविवार को जमशेदपुर में पहली बार किन्नरों ने फुटबॉल में अपना दमखम दिखाया और साबित किया कि वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। जमशेदपुर में इतिहास रचते हुए किन्नर समुदाय ने अपनी पारंपरिक पहचान से अलग हटकर खेल के मैदान में अपनी नई पहचान बनाई। रानी कुदर स्थित फुटबॉल मैदान में रविवार की शाम जमशेदपुर किन्नर ए टीम और चाईबासा किन्नर बी टीम के बीच फुटबॉल मुकाबला खेला गया। झमाझम बारिश के बीच हुए इस मुकाबले ने मैदान में मौजूद सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। इस दौरान किन्नरों के हौसला बढ़ाने के विधायक मंगल कालिंदी भी पहुंचे।

# प्रशासन की कार्रवाई से उम्मीद जगी मगर कब तक होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**




पहली बार पंचशील नगर में डीसी वो भी रात में पहुंचे, जिससे लोगों को आश्चर्य हुआ और सुखद अनुभुति हुई कि अब उनकी बातें सुनी जाएगी। वहीं नाले पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कानूनी कारवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों में चर्चा है कि राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र में लगातार 13 दिनों में 13 एपिसोड में प्रकाशित खबरों के कारण प्रशासन हरकत में आयी है और कारवाई करने की घोषणा करनी पड़ी है। वहीं उम्मीद और संशय के बीच झूल रहे लोगों के मन में प्रश्न है कि कारवाई होगी तो कब तक और क्या सही में जिन लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है उनके घर टूटेंगे। अगर ऐसा होता है तो भविष्य में कोई भूल से भी जल, जंगल, नदी-नालों की जमीनों को अतिक्रमण करने का दुस्साहस नहीं करेगा।

### हाथी ने वृद्ध को कुचला मौत

**कोडरमा।** जिले के जयनगर प्रखंड क्षेत्र के खरियोडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम पिसपिरो में हाथी ने एक व्यक्ति को कुचलकर मार डाला । मृतक की पहचान रविंद्र यादव उर्फ नन्कू यादव (55) के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि नन्कू यादव सुबह शौच करने के लिए घर से बाहर निकले थे। इसी दौरान हाथी ने उन्हें कुचलकर मार डाला। जयनगर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में हाथियों का यह पहला आतंक नहीं है । विगत एक वर्षों में लगभग आधा दर्जन से अधिक व्यक्तियों को हाथियों ने अपना शिकार बनाया है। वन विभाग के अधिकारी के डी प्रसाद, अनिल कुमार साव, जयनगर थाना प्रशासन के लोग मौके पर पहुंचकर मृतक परिजनों को विभाग से मिलने वाली सहायता राशि 25 हजार दिया और शेष पैसे देने का भरोसा दिलाया। मृतक के शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। पूर्व सांसद प्रतिनिधि रामजी यादव ने कहा कि निश्चित रूप से यह एक दर्दनाक घटना है और ऐसी घटना अक्सर जयनगर प्रखंड क्षेत्र में हो रही है। कहीं ना कहीं प्रशासन की लापरवाही है। घटना की जानकारी के बाद प्रशासन पहुंचती है और अपना फॉर्मेलिटी निभाती है। परंतु घटना होने के बाद, यह समझ से परे है। जिप सदस्य केदारनाथ यादव ने कहा कि यह बहुत ही दर्दनाक घटना है सुबह-सुबह इस घटना की जानकारी हुई।

# पद्मश्री कवि सुरेंद्र दुबे के निधन पर कवि सम्मेलन

### आयोजन समिति ने व्यक्त की गहरी शोक संवेदना

- डॉ सुरेंद्र दुबे न केवल एक सशक्त और प्रखर कवि थे, बल्कि वे अपने शब्दों से समाज को जागरूक करने वाले सच्चे संवेदनशील रचनाकार भी थे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



हास्य-व्यंग्य कविता के क्षेत्र में देशभर में अपनी अलग पहचान बनाने वाले पद्मश्री सम्मानित कवि सुरेंद्र दुबे के आकस्मिक निधन पर कवि सम्मेलन आयोजन समिति ने शोक प्रकट किया है। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि डॉ सुरेंद्र दुबे न केवल एक सशक्त और प्रखर कवि थे, बल्कि वे अपने शब्दों से समाज को जागरूक करने वाले सच्चे संवेदनशील रचनाकार भी थे। वे ऐसे कवि थे जिनकी कविताओं में व्यंग्य के माध्यम से गंभीर सामाजिक संदेश सहजता से प्रस्तुत होते थे। उनकी प्रस्तुति में जितना हास्य होता था, उतनी ही गहराई भी होती थी। ज्ञात हो कि सुरेंद्र दुबे ने वर्ष 2024 में रांची के मारवाड़ी भवन मे कवि सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा आयोजित "हास्य कवि सम्मेलन समारोह" में विशेष रूप से भाग लिया था। उस अवसर पर उनकी उपस्थिति ने न केवल आयोजन को गौरव प्रदान किया, बल्कि रांचीवासियों को उनकी बेमिसाल कविताओं का सजीव रसास्वादन भी प्राप्त हुआ। आयोजन में उन्होंने 'संसद के गलियारों से' जैसी अपनी प्रसिद्ध कविता प्रस्तुत कर श्रोताओं को लोटपोट कर दिया था। पद्मश्री सुरेंद्र दुबे का साहित्यिक जीवन और हास्य कविताओं के क्षेत्र में उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत रहेगा। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में- सुरेश चंद्र अग्रवाल, ललित कुमार पोद्दार, अशोक कुमार नारसरिया, विनोद कुमार जैन, पवन शर्मा, अनिल अग्रवाल, पवन पोद्दार, किशोर मंत्री, रतन मोर, कमल जैन, मनोज बजाज, पुनीत पोद्दार, पुनीत अग्रवाल, हरि कनोडिया, संजय सर्राफ, प्रकाश ड्रोलिया, बबलू हरित, संतोष अग्रवाल शामिल है। उक्त जानकारी समिति के पूर्व प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

# चान्हो में मुहर्रम जुलूस सात जुलाई को




**नवीन मेल संवाददाता।**

**चान्हो।** रविवार को चान्हो बाज़ार टांड़ मे सेंट्रल मुहर्रम कमिटी चान्हो की बैठक अध्यक्ष जुल्फ़ान अंसारी के अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ। बैठक मे यह तय किया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सात जुलाई को चान्हो मुहर्रम मेला बहुत ही धूम धाम से लगाया जाएगा। इस मेला मे रांची जिला के साथ साथ पड़ोसी जिला लोहरदगा से भी अखाड़े आते हैं और अपना लाठी, तलवार के खेल से खिलाड़ी अपना शानदार प्रदर्शन दिखाते हैं। इस बैठक में मो० मोजीबुल्लाह वरीय उपाध्यक्ष सेंट्रल मुहर्रम कमिटी चान्हो, तारिक अनवर अंसारी कार्यकारी अध्यक्ष सेंट्रल मुहर्रम कमिटी चान्हो, सांसद प्रतिनिधि मो० ग्यास, विधायक प्रतिनिधि हफ़ीजुल अंसारी, महबूब अंसारी, हातिम अंसारी, तजमुल अंसारी,अमानत अंसारी, सजाद अंसारी, मुद्दीन अंसारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# भाकपा ने राज्यस्तरीय सम्मेलन के लिए 21 सदस्यीय स्वागत समिति का किया गठन

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) राज्य कार्यालय के सभागार में रविवार को रांची जिला के राज्य सम्मेलन को लेकर बैठक हुई। बैठक में राज्य सम्मेलन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान राज्य सम्मेलन की तैयारी को लेकर 21 सदस्यीय स्वागत समिति का भी गठन किया गया। इसमें रांची जिला सचिव अजय सिंह को स्वागत समिति का सचिव चुना गया। समिति में इम्तियाज अहमद खान, इशाक अंसारी, भंते जैनेंद्र कुमार, सचिदानंद मिश्रा, अशोक यादव, लालदेव सिंह, कलाम रशीदी रणेंद्र कुमार, डॉ. मिथिलेश फरजाना फारूखी, किरण कुमारी, सन्तोष रजक लक्ष्मी महतो सहित कई अन्य भाकपा नेता शामिल हैं। बैठक के दौरान सभी पार्टी नेताओं एक स्वर में कहा कि रांची में राज्यस्तरीय सम्मेलन होने से जिला के पार्टी कार्यकर्ताओं में नया उत्साह का संचार होगा। भाकपा का आठवां राज्य सम्मेलन 24 अगस्त से 26 अगस्त के बीच पूर्व से निर्धारित है।

# पशुधन योजना से ग्रामीण परिवार होंगे आत्मनिर्भर : सुधीर मंगलेश

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़



दुलमी प्रखंड अंतर्गत सोसो पंचायत भवन परिसर में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत एक विशेष वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुल 14 लाभुक पशुपालकों के बीच बकरा-बकरी एवं आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश उपस्थित रहे। साथ ही प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशि सिन्हा एवं पंचायत की मुखिया उर्मिला देवी भी मौके पर मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंगलेश ने कहा कि राज्य सरकार की यह योजना ग्रामीण पशुपालकों के लिए एक सकारात्मक पहल है, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। उन्होंने लाभुकों से आह्वान किया कि वे इस योजना का सदुपयोग कर अपनी आय में वृद्धि करें और पशुपालन को एक समृद्ध व्यवसाय के रूप में अपनाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को स्वरोजगार के साधन प्रदान कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इस योजना से न केवल पशुपालकों की आय बढ़ेगी, बल्कि गांव की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। मौके पर पंचायत सचिव बिंदेश्वर सोरेन, उतम महतो, जितेन्द्र कुमार, जदू महतो आदि उपस्थित थे ।

## क्विज प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई अपनी वाकपटुता, हुए पुरस्कृत

**उरीमारी।** सीसीएल की खान सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत उरीमारी के भारत-भारती विद्यालय में बच्चों के बीच प्रतियोगिता कराई गई। यहां पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सीसीएल की ओर से पुरस्कृत भी किया गया। इसमें बच्चों को दो ग्रुप में बांट कर क्विज प्रतियोगिता, हिंदी निबंध लेखन, इंग्लिश निबंध लेखन, स्लोगन राइटिंग एवं पोस्टर मेकिंग संपन्न कराया गया। प्रतियोगिता में मुख्य रूप से सीसीएल बरका-सयाल एरिया सेफ्टी ऑफिसर अरविंद कुमार शर्मा, सिक्योरिटी ऑफिसर एनके सिंह, रमित कुमार, सचिव गोपाल यादव, अर्जुन सिंह, संजय शर्मा, डॉक्टर जीआर भगत मौजूद थे।

## विधायक ने सुना पीएम के मन की बात का 123वां एपिसोड



**बरही ।** स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने उरवां मोड़ स्थित 215 बूथ संख्या पर कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों संग पीएम मोदी के मन की बात का 123वां एपिसोड सुना. इस दौरान उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सिर्फ पीएम के मन की बात हीं नहीं बल्कि जन-जन की बात है. पीएम का यह एपिसोड देशवासियों को सकारात्मक ऊर्जा के साथ परिवार व समाज के लिए कुछ करने को प्रेरित करता है. विधायक ने पीएम मोदी के कार्यकालों की चर्चा करते हुए देश के चहुंमुखी विकास की बात कही. देश में किसान, जवान और नौजवान सहित हर वर्ग के लोगो को लाभ मिला है. देश मजबूत हुआ है और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा है. उन्होंने पीएम के इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लोगो को जुड़कर देखने की अपील किया है. विधायक संग कार्यक्रम देखने व सुनने वालों में जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा बरही पूर्वी मंडल अध्यक्ष सह मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, राजकुमार केशरी आदि सहित कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे.

# न्यूज बॉक्स

## जिला में मूसलाधार बारिश का दौर जारी जन जीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त



**रामगढ़।** जिले में मूसलाधार बारिश का दौर रविवार को भी जारी रहा. मौसम विभाग द्वारा मौसम को लेकर लगाए गए पूर्वानुमान के मुताबिक रविवार को जिला में मूसलाधार बारिश होती रही. जिससे जन जीवन अस्त व्यस्त रहा. बारिश के कारण घरों से लोग कम निकले और बारिश से बचने के लिए घर पर ही रहना उचित समझा. जिससे सड़कों पर लोगों की उपस्थिति कम रही वहीं, बारिश के कारण रजरप्पा स्थित माता छिन्नमस्तिके मंदिर के निकट से बहने वाली दामोदर और भैरवी का जल स्तर एक पुनः उफान पर है. जिससे भैरवी नदी के किनारे स्थित कई दुकान बह गए. मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा बढ़े जल स्तर को देखते हुए लोगों से नदी की तरफ नही जाने की अपील की गई है. भैरवी नदी का पानी मंदिर के सीढ़ियों तक जा पहुंचा है.

## विहिप की मासिक बैठक संपन्न, संगठन विस्तार व मजबूती पर हुई चर्चा




**बरही ।** प्रखंड अध्यक्ष निरंजन केसरी की अध्यक्षता में विश्व हिंदू परिषद की मासिक बैठक प्रखंड परिसर स्थित शिव मंदिर प्रांगण में हुई. जिसमें विभिन्न पंचायत के पालक, कार्यकर्ता और संगठन पदाधिकारी शामिल हुए. उक्त जानकारी प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर ने दी. उन्होंने बताया कि बैठक में प्रखंड के सभी पंचायत में प्रखंड कमिटी का गठन कर विस्तार करने पर चर्चा हुई. इसके साथ हीं में सर्वसम्मति से गौ रक्षा पर सक्रियता बढ़ाने, साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ के पृष्ठ पोषण और प्रखंड स्तरीय मिलन केंद्र की स्थापना तथा प्रखंड कमिटी मजबूत करने का प्रस्ताव लिया गया. बैठक में बरही पूर्वी, पश्चिमी, कोनरा के पालक क्रमशः प्रखंड अध्यक्ष व प्रखंड मंत्री, रसोईया धमना व बंदगी के पालक नितेश कुमार व इंद्रदेव साव, करियातपुर, बरसात व धनवार के पालक चंदन केसरी, मनोज कुमार सिंह व सुरेंद्र यादव और दुलमहा, करसो, गौरियाकरमा व खोड़ाहार के पालक प्रदीप चंद्रवंशी व नंदू ऊर्फ नंदकिशोर गुप्ता सहित सागर कुमार, मुन्ना सोनी, कमलेश कुमार, शंकर कुमार, नौरंगी लाल, जयप्रकाश प्रजापति आदि रामभक्त मौजूद थे.

## पिकअप ने ट्रक को मारी टक्कर, चालक गंभीर




**बरकट्ठा।** जीटी रोड स्थित कोनहारा खुर्द समीप पिकअप ने ट्रक को मारी टक्कर मार दी। इस हादसे में पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पिकअप वैन (जेएच02 बी एल 4363) तीव्र गति से आ रही थी इसी बीच आगे जा रही एलपीजी सिलेंडर से लदा ट्रक (बीआर जीएल 4208) को टक्कर मार दी। जिससे पिकअप वैन क्षतिग्रस्त हो गया। वही इस हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। घटना शनिवार की देर शाम की हैं।

## 26 वर्षों से लगातार बर्फानी बाबा का दर्शन करने वाले टीम अमरनाथ के लिए रवाना



**बरही।** सुबोध स्वामी की अगुवाई में बरही के तीन प्रबुद्धजनों की टीम अमरनाथ के लिए रवाना हुई. 15 दिन की यात्रा पर निकली यह टीम बाबा बर्फानी के दर्शन के बाद माता वैष्णो देवी आदि सहित रास्ते में आनेवाले सभी प्रमुख तीर्थस्थलों का दर्शन करेगा. उक्त जानकारी श्रद्धालु रोहित सिंह ने दी. श्री सिंह के अनुसार उनकी टीम बीते 26 वर्षों से पूरे उत्साह के साथ सड़क मार्ग से बाबा अमरनाथ की यात्रा कर रही हैं. श्रद्धालु सुबोध की टीम में उनके अलावा सुधीर कुमार यादव व गिरीश रंजन शामिल हैं. रवानगी के पूर्व स्थानीय शिवालय में पूजा-अर्चना कर भगवान भोले का आशीर्वाद लिया. उनलोगों ने बताया कि अपने धार्मिक यात्रा और दर्शन के दौरान वेलोग अपने क्षेत्र सहित देशवासियों के लिए सुख-समृद्धि व शांति का आशीष मांगेंगे. करीब दो सप्ताह के इस धार्मिक यात्रा के रवानगी के पूर्व स्थानीय लोगों ने सबों का स्वागत किया. साथ हीं अपनी दुआओं के साथ सफलता पूर्ण यात्रा संपन्न होने की कामना के साथ विदा किया.

## समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन




**रामगढ़ ।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर -दराज ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों को भोजन कराया। मौके पर अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, प्रो. रामानुज सिंह, जगतार सिंह, रिंकु वर्णवाल, उदयभान दुबे, लालू उरांव आदि उपस्थित थे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

# ताइक्वांडो में स्वर्ण पदक विजताओं को किया गया सम्मानित




**हजारीबाग ।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के द्वारा प्रधान कैफेटेरिया हजारीबाग में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि डॉ एस के सिन्हा, विशिष्ट अतिथि डॉ (प्रो) प्रदीप कुमार प्रधान तथा सभा अध्यक्ष दीपक नाथ सहाय रहे। मंच संचालन राजीव रंजन के द्वारा किया गया। जिसमें जिले के सभी वर्ग के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं दिव्य प्रकाश, श्रेष्ठ अरुण, आयुष राज सिंह, प्रेयस प्रत्यूष, सौम्या पलक ,प्रियांशी सिंन्हा, जानवी आलोक ने 10 वी एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ताइक्वांडो में स्वर्ण पदक जीते हुए प्रतिभागी रजनी यादव, चाहत यादव,शोभा यादव, एवं नेशनल बेसबॉल चैंपियन मानवी आलोक को उनके माता-पिता के साथ सम्मानित किया गया । हजारीबाग के आदर्श सिन्हा जिन्होंने विश्व स्तर पर, फ्रांस के पेरिस में अपने शोध अनुसंधान आर्टिकल में भारत को अपनी पहचान दिलाते हुए तीसरा स्थान हासिल किया था उन्हें सम्मानित करने का कार्य किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में व्यवस्था प्रमुख डॉ प्रभात कुमार प्रधान , अनिल कुमार लाल, शशिकांत श्रीवास्तव, बप्पी करण एवं सक्रिय सदस्य के रूप में अंजनी सिन्हा, बैजनाथ लाल, नवल किशोर प्रसाद, ललित मोहन, अरविंद सिन्हा, राज प्रकाश,सुधा वर्मा, श्वेता विकास,प्रमोद कुमार सिन्हा, मदन लाल, शुभम प्रकाश, दीप प्रकाश , अनुज कुमार सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या हजारीबाग के गणमान्य तथा विभिन्न वर्गों के समाजसेवी,बुद्धिजीवी आदि मौजूद थे ।

## आम हड़ताल को लेकर जिला में मजदूर रथ यात्रा निकालेगी भाकपा माले

**बरकाकाना।** भाकपा माले रामगढ़ जिला की स्टैंडिंग कमेटी की बैठक शनिवार को जिला सचिव हीरा गोप के आवास पोचरा में संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता जिला सचिव हीरा गोप ने की। इस दौरान संगठन की मजबूती पर चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। 9 जुलाई 2025 को आहूत आम हड़ताल को सफल बनाने, एके राय जयंती दिवस पर पूरे देश मे पार्टी 15 जून से 5 जुलाई तक चल रहे मजदूर रथ यात्रा को सफल बनाने के लिए 6-7 जुलाई को रामगढ़ जिले में भाकपा माले केदला से मजदूर रथ यात्रा की शुरूआत करेगी। उसके पश्चात घाटो, आरा कोलियरी, सारूबेड़ा, चितरपुर, रजरप्पा प्रोजेक्ट, दुलमी आने के लिए एवं गोला के औद्योगिक क्षेत्र में एवं आम चौक चौराहा में चार श्रम कोड को रद्द करने को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा।

## पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक कहा

# पर्यावरण को बचाना हम सभी का दायित्व : विधायक

नवीन मेल संवाददाता। बरही



एक पेड़ मां के नाम 2.0 कार्यक्रम के तहत प्रयास भारत ट्रस्ट ने दोनई स्कूल परिसर पदमा में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए. कार्यक्रम की शुरुआत पौधरोपण कर विधायक ने किया. जहां 40 फलदार, फूलदार और औषधीय पौधे लगाए गए. विधायक ने इस प्रकार के कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्रयास संस्था के संचालक कुलदीप मेहता व उनकी टीम को को बधाई दी. साथ हीं अन्य लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य बनाने की दिशा में आगे आने की अपील की. उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण और संरक्षण एक महत्वपूर्ण कदम है. अंत में उन्होंने आम लोगों से एक पेड़ लगाओ और जीवन बचाओ के संकल्प के साथ इस मुहिम को मिलकर आगे बढ़ाने और पर्यावरण को हरा-भरा बनाने की बात कही. अगर हम सभी पर्यावरण की रक्षा नहीं करेंगे तो हम सभी का जीवन अधर में हो जाएगा। मनुष्य के जीवन का पर्यावरण का बहत्वूर्ण भूमिका रहती है। पर्यावरण को बचाना हम सभी का दायित्व है।

## धूमधाम से की गई मां विपत्तारिणी की पूजा, महिलाओं ने सुनी कथा

**गिद्दी।** गिद्दी ए में बंगाली परिवार ने शनिवार को मां विपत्तारिणी की पूजा-अर्चना धूमधाम से की। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष में गिद्दी ए में दो जगह पर दुर्गा मंडप में और प्रणव चक्रवर्ती की आवास पर मां विपत्तारिणी की पूजा-अर्चना की गई। दोनों जगहों पर आचार्य गौतम बनर्जी ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कराया। जिसमें गिद्दी कॉलोनी की दर्जनों महिलाओं ने मां विपत्तारिणी की कथा सुनी और घर परिवार के सुख समृद्धि की कामना किया। पूजा में प्रणव चक्रवर्ती, अनंया मुखर्जी, शेफाली चक्रवर्ती, मनौती चक्रवर्ती, साधना चक्रवर्ती, मौसुमी कोनार, ममती पाल, देवांशु विश्वास, सौरभ विश्वास, विनोता देवी, शांति देवी राखी देवी, शैलेंद्र दास सहित दर्जनों बंगाली परिवार उपस्थित थे।

## जुल्म के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाने का पाठ पढ़ाता है मुहर्रम : मुनव्वर सैफी

**बरकाकाना।** मुहर्रम उल हराम के महीने को मुहर्रम उसके आदर की वजह से कहते हैं और मुहर्रम उल हराम का माना वह महीना जो क़ाबिल ए सम्मान है। मदरसा अहले सुन्नत नुरुल इस्लाम डुडगी के शिक्षक और खिदमत ए इंसानियत फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी क़ारी मुनव्वर सैफी ने कहा कि मुहर्रम का महीना इस्लाम धर्म के लोगों के लिए बहुत खास होता है। यह महीना त्याग और बलिदान की याद दिलाता है। मुहर्रम के दिन खुदा के नेक बंदे हज़रत इमाम ए हुसैन की शहादत हुई थी। इसलिए मुस्लिम समुदाय के लोग इस महीने हुसैन को याद करते हैं।हज़रत इमाम ए हुसैन इस्लाम धर्म के संस्थापक हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के छोटे नवासे थे। इस्लाम में मोहर्रम के महीने से नए साल का आग़ाज़ होता है। नए साल हिजरी की शुरुआत मदीना मुनव्वरा से नबी के प्रवासन से लेकर अब तक चौदह सौ छियालीस साल का अरसा बीत चुका है। 27 जून बरोज़ जुमेरात से 1447 हिजरी की शुरुआत हो चुकी है। मोहर्रम का महीना पूरी दुनिया को मुसीबत के वक़्त सब्र करने और ज़ुल्म के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाने का पाठ पढ़ाता है।

## कल से समस्त मंदिरों में विधिवत होगी पूजा : विश्व हिंदू परिषद



नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा

विश्व हिंदू परिषद समिति की बैठक रविवार को बरकट्ठा बाजार स्थित काली मंदिर परिसर में हुई।बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष अरविंद मेहता शामिल हुए।वहीं प्रखंड स्तरीय नई समिति का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष के रूप में भागीरथ प्रसाद का चयन किया गया।अन्य सदस्यों में मंत्री सत्यम भारती, सह मंत्री मनोज कुमार, संयोजक विनोद प्रसाद, सह संयोजक रंजीत कुमार, प्रचार प्रसार प्रमुख बैजनाथ महतो एवं मंटू पांडे, सत्संग प्रमुख महेंद्र प्रसाद,साप्ताहिक मिलन प्रमुख तुलसी प्रसाद को बनाया गया। नई समिति में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम,उनकी भार्या माता जानकी, भ्राता लक्ष्मण और पवनपुत्र हनुमान का विधिवत पूजन प्रत्येक मंगलवार को बरकट्ठा के समस्त मंदिरों में किए जाएंगे। समिति गठन के पश्चात विहिप के सदस्यों द्वारा काली मॉ की प्रतिमा के पास बैठ कर 13 बार ऊं मंत्र का जाप किया गया। वहीं सदस्यों ने जानकारी दी कि 1 अगस्त 2025 को अमरनाथ भ्रमण के लिए बस सुविधा उपलब्ध है जिसका टिकट 1300 है।कहा कि तीर्थ यात्रियों को विहिप के सदस्यों के द्वारा ले जायेंगे। वहीं बैठक में प्रखण्ड क्षेत्र के कोनहारा, झुरझुरी, गंगपाचो,गोरहर से सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

## बिजली का खंभा तोड़ते हुए सरिया लदा ट्रक घर में घुसा, एक बड़ा हादसा टला

# सड़क पर बना गड्ढा हादसे का मुख्य कारण, शीघ्र हो मरम्मती : ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता। बरही



सुबह करीब 6 बजे ओल्ड जीटी रोड गया रोड पर सरिया लदा ट्रक बिजली का खंभा तोड़ते हुए राजेश कुमार के घर में जा घुसा. जिससे घर के आगे का आंशिक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया. दुर्घटना के संबंध में पीड़ित मकान मालिक ने बताया कि घटना ओवर टेक और ओल्ड जीटी रोड पर बने डेढ़ फीट गड्ढे के कारण हुई है. सरिया लदा ट्रक डबल्यू 07 डी 0092 के आगे भी एक ट्रक था. दोनो गाड़ी गया (बिहार) जा रही था. गड्ढे पर नजर पड़ते हीं आगे वाली ट्रक ने ब्रेक लगाया. जिससे पीछे वाली ट्रक आगे वाली ट्रक से टकराया. साथ हीं अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली खंभे को तोड़ते हुए घर में जा घुसा. घटना के वक्त बिजली चालू था पर गनीमत रहा कि बिजली का तार ट्रक से करीब तीन फीट ऊपर लटकता रह. अन्यथा एक बड़ी घटना घट सकती थी. इस हादसे में ट्रक ड्राइवर को आंशिक चोट लगी है, जिसे शीशा तोड़कर ट्रैक से निकाला गया. मकान मालिक ने एक लाख रुपए क्षतिपूर्ति की मांग किया है. समाचार लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई थी. ट्रक यथास्थिति घटनास्थल पर खड़ी थी, ट्रक मालिक के आने का इंतजार किया जा रहा था.

**स्थानीय लोगों ने कहा :** ओल्ड जीटी रोड काफी व्यस्त मार्ग है जिस पर दिन रात छोटी बड़ी गाड़ियों का आना जाना लगा रहता है. मार्ग में जहां तहां गहरे गड्ढे उभर आए है. छोटी मोटी घटनाएं भी हो चुकी है.

इस संबंध में कई बार एनएचएआई को शिकायत भी की गई है. इसी मार्ग से अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का बराबर आना जाना लगा रहता है. बाबजूद गड्ढे की मरम्मती नही होना समझ से परे है. यदि यह गड्ढा शीघ्र नहीं भरा गया तो भविष्य में एक बड़े घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है.

## रासायनिक खाद और कीटनाशक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हैं

# जैविक उत्पात सेहत के लिए बेहतर है : ममता

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** जेएसएलपीएस अंतर्गत रामगढ़ जिला के दुलमी प्रखंड के पोटमदागा गांव की निवासी ममता कुमारी का जीवन एक सामान्य ग्रामीण महिला की तरह बेहद संघर्षपूर्ण था। सीमित संसाधन, पारंपरिक खेती और आर्थिक तंगी के बीच ममता दीदी और उनका परिवार किसी तरह अपना जीवन व्यतीत कर रहे थे। एक पुराना कच्चा मकान, बच्चों के पास ढंग के कपड़े नहीं, शिक्षा के पर्याप्त साधन नहीं और रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने के लिए कड़ा संघर्ष ऐसा था ममता दीदी का जीवन। ममता दीदी का परिवार पारंपरिक खेती पर ही निर्भर था। लेकिन यह खेती भी सीमित थी और लाभकारी नहीं थी। जानकारी के अभाव में वे रासायनिक खादों और कीटनाशकों का अत्यधिक प्रयोग करते थे, जिससे मिट्टी की उपजाऊ शक्ति दिन-ब-दिन कम होती जा रही थी। नतीजतन, खेती में उन्होंने ममता दीदी को जैविक खेती के फायदों के बारे में बताया और समझाया कि रासायनिक खाद और कीटनाशक केवल मिट्टी को ही नहीं, स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचाते हैं। जैविक उत्पाद न केवल सेहत के लिए बेहतर होते हैं. बल्कि बाजार में भी अच्छे दामों में बिकते हैं। लागत बढ़ती जा रही थी, जबकि उत्पादन घट रहा था। परिवार का खेती पर से भरोसा उठने लगा था और आर्थिक स्थिति दिन-प्रतिदिन बिगड़ती जा रही थी। इन कठिन परिस्थितियों में एक उम्मीद की किरण तब जागी जब झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा गांव में 15 दिनों का जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी अभियान के दौरान ममता दीदी को स्वयं सहायता समूह की जानकारी मिली। उन्होंने इस पहल को गंभीरता से लिया और गांव की 12 महिलाओं को जोड़कर चमेली सखी मंडल का गठन 2016 में किया। समूह के गठन के बाद उन्होंने छोटी-छोटी बचत शुरू की और नियमित बैठकों में भाग लेने लगीं। ममता दीदी की लगन और सक्रियता को देखकर उन्हें सक्रिय महिला के रूप में चुना गया। इसके बाद उनका जीवन तेजी से बदलने लगा। ममता दीदी को उनके समूह की आजीविका कृषक मित्र दीदी का पूर्ण सहयोग मिला।

- **ममता का परिववार जानकारी के अभाव में वे रासायनिक खादों और कीटनाशकों का अत्यधिक प्रयोग करते थे, जिससे मिट्टी की उपजाऊ शक्ति दिन-ब-दिन कम होती जा रही थी**

## सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट का ओवर ऑल चैंपियन बना रेलीगढ़ा

नवीन मेल संवाददाता। गिद्दी

डाडी प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन गिद्दी सी मैदान में किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालय के अंडर 15 बालक, अंडर 17 बालक और बालिका वर्ग के छात्र शामिल हुए। प्रतियोगिता का अंडर 17 बालक वर्ग के फाइनल मैच एएनएस प्लस टू उच्च विद्यालय रेलीगढ़ा और उत्क्रमित उच्च विद्यालय भुरकुंडा के बीच में खेला गया। जिसमें टाइब्रेकर में रेलीगढ़ा की टीम 4-2 भुरकुंडा का पराजित कर चैंपियन बना। वहीं अंडर 17 बालिका वर्ग में फाइनल में एएनएस प्लस टू उच्च विद्यालय रेलीगढ़ा और उत्क्रमित उच्च विद्यालय भुरकुंडा के बीच खेला गया। जिसमें निर्धारित समय में दोनो टीम बराबरी पर रहे। जिसके बाद टाइब्रेकर में रेलीगढ़ा विद्यालय की टीम ने 2-1 से भुरकुंडा पराजित कर चैंपियन बना। इसी तरह अंडर 15 बालक वर्ग के फाइनल में उच्च विद्यालय होसिर की टीम ने उच्च विद्लय भुरकुंडा की टीम के बीच खेला गया। जिसमें दोनो टीम बराबरी पर रहे। जिसके बाद टाइब्रेकर हुआ और टाईब्रेकर में भी दोनों टीमें 4-4 से बराबरी पर रहे। इसके बाद मैच का निर्णय सडन डेथ से लिया गया। जिसमें होसिर की टीम ने 1-0 से भुरकुंडा की टीम को पराजित कर चैंपियन बना। इस तरह से रेलीगढ़ा विद्यालय की टीम ने तीनों वर्ग के दो खिताब को जीतकर ओवर ऑल चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक आलोक चतुर्वेदी, बीआरसी डाड़ी के सीआरपी सुमित कुमार, लालधन महतो, मनोज कुमार महतो, चुकेंद्र कुमार, सुधीर कुमार सुधांशु, धनेश्वर महतो, सुरेश प्रजापति, अनिता कुमारी, पिंकी कुमारी, रश्मि कुमारी, मो मोबारक हुसैन बतौर निर्णायक शारीरिक शिक्षक सुरेंद्र कुमार, महावीर महतो और हीरालाल ने योगदान किया।

# मनरेगा योजनाओं का उपायुक्त ने किया निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश

- बिरसा हरित ग्राम पर जोर समय पर खाद-कीटनाशक छिड़काव, पौधारोपण, जलकुंड निर्माण, H-टेका और इंटरक्रॉपिंग जैसे कार्य मानकों के अनुसार पूरे करने के निर्देश





**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** उपायुक्त कंचन सिंह ने ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत टुकूपनी पंचायत में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत संचालित योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बिरसा हरित ग्राम, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन, दीदी बगिया, बाजार शेड, और पोटो हो खेल विकास जैसी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की एवं संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उपायुक्त ने बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत समय पर खाद और कीटनाशक छिड़काव, मानक अनुरूप पौधारोपण, जलकुंड निर्माण, H-टेका लगाना एवं इंटरक्रॉपिंग जैसी गतिविधियों को तय मानकों के अनुसार पूर्ण करने की बात कही। उन्होंने बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना को तय समयसीमा में पूरा करने का निर्देश दिया। भविष्य की तैयारियों को लेकर उन्होंने निर्देशित किया कि आम उत्पादन की संभावनाओं के मद्देनज़र बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत आम के निर्यात हेतु आवश्यक पूर्व तैयारी की जाए।पोटो हो खेल विकास योजना के अंतर्गत निर्मित शौचालय एवं चेंजिंग रूम में जल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अग्रिम कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। सभी मनरेगा योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने का सख्त निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया।उपायुक्त ने यह भी निर्देशित किया कि प्रत्येक कार्यस्थल पर मास्टर रोल अनिवार्य रूप से रखा जाए और सभी मजदूर अपने जॉब कार्ड कार्यस्थल पर साथ रखें। मास्टर रोल और जॉब कार्ड को नियमानुसार भरने की जिम्मेदारी तय की गई। निरीक्षण के दौरान सिमडेगा एवं ठेठईटांगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, पंचायत प्रतिनिधि, ग्राम रोजगार सेवक एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## चर्च में जुबली क्रूस प्रार्थना सभा, शिबू सोरेन के स्वस्थ्य लाभ हेतु विशेष प्रार्थना

**ठेठईटांगर।** जामपानी चर्च में रविवार को जुबली वर्ष के पावन अवसर पर जामपानी कैथोलिक चर्च में भव्य जुबिली क्रूस प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा के मुख्य संरक्षक व पूर्व मुख्यमंत्री दिसुम गुरु शिबू सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए विशेष प्रार्थना की गई।भक्तिभाव से भरा यह आयोजन भुकुमुंडा पल्ली से जामपानी पल्ली तक क्रूस यात्रा के माध्यम से शुरू हुआ, जिसे हजारों की संख्या में उपस्थित विश्वासी समुदाय ने श्रद्धा के साथ सम्पन्न किया। क्रूस यात्रा एक भव्य जुलूस के रूप में संपन्न हुई।सालाँगापोश विखारियत के डीन फा. गैब्रियल डुंगडुंग ने बताया कि 2025 कैथोलिक चर्च का जुबली वर्ष है, जिसे 'आशा के तीर्थयात्री' के रूप में मनाया जा रहा है। यह वर्ष हर 25 वर्षों में आता है। सहायक पल्ली पुरोहित फा. संदीप कु खेस ने इसे प्रभु यीशु के जन्म की 2025वीं वर्षगांठ बताते हुए इसे आस्था का विशेष वर्ष बताया।इस अवसर पर झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा, यह वर्ष पूरी दुनिया को युद्ध, महामारी और जलवायु संकट से उबरकर आशा और नवीनीकरण का संदेश देता है। हम सब ने मिलकर आदरणीय गुरुजी के जल्द स्वस्थ होने की विशेष प्रार्थना की।प्रार्थना सभा में जामपानी चर्च के सभी प्रचारकगण, सिस्टर किरण एक्का एवं उर्सुलाइन कान्वेंट की सभी सिस्टरगण, कैथोलिक सभा अध्यक्ष एडरियन कंडुलना, महिला संघ नेत्री शांति मिंज, सहित हजारों की संख्या में विश्वासी उपस्थित रहे।

## 25 वर्षों की सेवा पूर्ण, फा. सुमन को मिला सम्मान : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड के मुड़िया पल्ली में फा. सुमन कुमार कुल्लू के पुरोहिताई जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विधायक भूषण बाड़ा अपनी धर्मपत्नी व जिप सदस्य जोसिमा खाखा के साथ शामिल हुए। विधायक ने फा. सुमन को बुके भेंट कर सम्मानित किया और कहा, उनकी सेवा भावना व समर्पण अनुकरणीय है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में भी अहम योगदान दिया है।"जिला प्रवेक्षक रामा खलखो व जोसिमा खाखा ने भी फा. सुमन को बधाई दी और कहा कि उनकी आध्यात्मिक यात्रा प्रेम, करुणा और निःस्वार्थ सेवा की मिसाल है। महिलाओं व युवाओं के लिए उनके प्रयास विशेष रूप से सराहनीय रहे हैं।फा. सुमन ने सभी सहयोगियों व मसीही समाज के प्रति आभार जताते हुए इसे ईश्वर की कृपा बताया।इस अवसर पर फा. सुशील गुड़िया, फा. हेरमन खलखो, अरविंद लुगुन, सिलबेस्टर बघवार, शीतल एक्का, मुक्ता तिर्की, प्रतिमा कुजूर, जुली लुगुन, सिस्टर रोसलिया समेत बड़ी संख्या में मसीही विश्वासी उपस्थित रहे।

## कलयुगी पुत्र ने पिता की लाठी से पीट-पीटकर की हत्या

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के सांवा टोंगरी टोली में पारिवारिक विवाद ने रविवार को खौफनाक मोड़ ले लिया, जब एक पुत्र ने अपने ही पिता की बेरहमी से लाठी से पीटकर हत्या कर दी।मृतक की पहचान 60 वर्षीय सिलवेस्टर किण्डो के रूप में हुई है, जबकि आरोपी उसका 23 वर्षीय पुत्र सेलेस्टीन किण्डो है।घटना रविवार सुबह लगभग 10 बजे की है। जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पहले मृतक सिलवेस्टर ने अपने घर के बैल को बेच दिया था। इसी बात को लेकर पिता-पुत्र में अक्सर विवाद होता था। रविवार को भी सेलेस्टीन शराब के नशे में था और एक बार फिर इसी मुद्दे पर बहस शुरू हो गई। बहस के दौरान आरोपी पुत्र ने आवेश में आकर लाठी से अपने पिता पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की असली ताकत, कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 11 के सामटोली में कांग्रेस पार्टी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने की। जहाँ उनके साथ सिमडेगा जिला प्रवेक्षक रामा खलखो, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, बांसजोर जिप सदस्य सामरोम पौल तोपनो भी उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की असली ताकत है। कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। हमें बूथ स्तर पर जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनना और हल करना है। आने वाला समय चुनौतीपूर्ण है, लेकिन हमें एकजुट होकर कांग्रेस का परचम फिर से ऊंचा करना है। बैठक के दौरान संगठनात्मक विषयों के अलावा स्थानीय समस्याओं पर भी चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने बिजली, पानी, सड़क और अन्य जनसमस्याओं को लेकर सुझाव रखे, जिस पर विधायक और पदाधिकारियों ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। वहीं जिला प्रवेक्षक रामा खलखो ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीब, मजदूर और किसानों की आवाज रही है। हम सबको मिलकर महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और अन्य सभी विंग को सक्रिय करना होगा। ताकि जनता तक हमारी बात पहुँच सके। महिलाओं की भूमिका विशेष महत्वपूर्ण है। हमें हर घर तक पहुंचना होगा।जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसकी विचारधारा है। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना जरूरी है। मैं सभी बहनों से अपील करती हूं कि वे संगठन में और भी सक्रिय भूमिका निभाएं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, 20 सूत्री अध्यक्ष सह उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार, प्रतिमा कुजूर, अपोलिना किंडो समेत भारी संख्या में महिला और पुरुष उपस्थित थे।

## सिमडेगा में आदिवासी लोहरा समाज का जिला स्तरीय सम्मेलन संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** रविवार को नगर भवन सिमडेगा में आदिवासी लोहरा समाज का एकदिवसीय जिला स्तरीय सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के पाहन द्वारा सरना रीति-रिवाज के अनुसार धरती पूजा और सामूहिक अनादि विनती के साथ की गई। इसके पश्चात धरती आबा बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण तथा स्व. संतलाल लोहरा एवं डॉ. महेन्द्र भगत के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत सरना गमछा व पुष्पगुच्छ देकर किया गया। स्वागत भाषण वासुदेव तिर्की ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर 2025 में मैट्रिक, इंटर, खेलकूद और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।सम्मेलन को केन्द्रीय संयोजन मंडली सदस्य कार्तिक लोहरा, अभय भूंटकुमार, शम्भु शंकर गुरु व प्रो. डॉ. शिवप्रसाद लोहरा ने संबोधित किया। कार्यक्रम में समाज की छोटी बच्चियों द्वारा सांस्कृतिक गीत-नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।इस सम्मेलन में जिले के सभी प्रखंडों से भारी संख्या में पुरुष, महिलाएं और युवा शामिल हुए। स्व. संतलाल लोहरा एवं डॉ. महेन्द्र भगत के आश्रितों को शाल देकर सम्मानित किया गया।सिमडेगा अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात रंजन ज्ञानी ने सम्मेलन में भाग लेकर कहा कि समाज में कुछ तकनीकी त्रुटियों के कारण जाति प्रमाण पत्र बनने में समस्या आती है, जिसे शीघ्र ही दूर किया जाएगा। उन्होंने सामूहिक भागीदारी और समाज उत्थान की दिशा में इस आयोजन को प्रशंसनीय पहल बताया। धन्यवाद ज्ञापन हीराराम लोहरा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में , वासुदेव तिर्की गंगाधर लोहार अशोक इंदवार, आश्रित इंदवार, मुनेश्वर तिर्की, साधू लोहरा सहित सभी कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## युवती से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**सिमडेगा।** गिरदा ओपी थाना क्षेत्र के गेनमेर धोबीटोली गांव में एक युवती के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया गया। पीड़िता ने थाने में दर्ज शिकायत में बताया कि रात करीब 1:30 बजे गांव का अजीत बड़ाईक (उम्र 28 वर्ष), पिता पुरुषोत्तम बड़ाईक, बाइक की चाभी खोजने के बहाने उसके घर आया। उस समय घर के अन्य सदस्य शादी समारोह में शामिल होने गए थे।अकेली देख आरोपी ने युवती का हाथ पकड़कर जबरन 500 मीटर दूर इमली के पेड़ के पास ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता किसी तरह भाग निकली और शादी समारोह में जाकर अपनी बड़ी मां को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने गिरदा ओपी थाना कांड संख्या 43/25, दिनांक 29.06.25 के तहत बीएनएस की धारा 64/ 62/ 74/ 75(1)/ 76/ 329(4) और पॉक्सो एक्ट की धारा 8/10 में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## बरटोली में टूटी सड़क बनी मुसीबत, एंबुलेंस पहुंचना मुश्किल



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** एडेगा पंचायत के पोग़लोया बरटोली गांव की मुख्य सड़क बारिश के कारण बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे गांव तक एंबुलेंस, कार या ऑटो नहीं पहुंच पा रही है। यदि किसी की तबीयत खराब हो जाए, तो मरीज को फिर से खाट पर अस्पताल ले जाने की नौबत आ सकती है।ग्रामीणों ने बताया कि गांव में कई महिलाएं गर्भवती हैं और किसी भी समय चिकित्सकीय आपात स्थिति आ सकती है। ऐसी स्थिति में सड़क की खराब हालत जानलेवा साबित हो सकती है। ग्रामीणों ने समय रहते गड्ढों की मरम्मती और सड़क की सुदृढ़ता की मांग की है।इस मार्ग पर खेत के किनारे गडवाल का निर्माण अधूरा पड़ा है। अभी तक उसमें मिट्टी नहीं डाली गई है और यह दोनों किनारों पर पूरी लंबाई में नहीं है। पानी का बहाव सड़क को लगातार नुकसान पहुंचा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गडवाल का निर्माण पूरा किया जाए और सड़क की मरम्मती शीघ्र कराई जाए, ताकि लोगों को खाट सिस्टम से निजात मिल सके और एंबुलेंस सहित अन्य वाहन गांव तक पहुंच सकें।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न, 95% से अधिक मतदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** शहर के आनंद भवन में रविवार को सिमडेगा चैंबर ऑफ कॉमर्स का बहुप्रतीक्षित आम चुनाव पूरी निष्पक्षता और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस चुनाव में कुल 684 वोटरों में से 653 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान का प्रतिशत 95.46% रहा, जो रिकॉर्ड स्तर का माना जा रहा है।चुनाव प्रक्रिया सुबह से ही गहमा-गहमी से भरी रही। आनंद भवन परिसर में प्रत्याशियों, उनके समर्थकों और मतदाताओं की भारी भीड़ जुटी रही। मतदाता क्रमवार लाइन में लगकर मतदान करते नजर आए। मतदान समाप्ति के साथ ही कुल 43 प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में बंद हो गया है।मतगणना 30 जून, रविवार को प्रातः 10 बजे से शुरू होगी। मतगणना पांच टेबलों पर दो-दो मतपेटियाँ खोलकर की जाएगी। इस दौरान प्रत्याशियों की जीत और हार का फैसला होगा।चुनाव प्रभारी भरत भूषण षाड़ंगी की देखरेख में पूरी चुनावी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संचालित की गई।

## टीम मोती बनाम टीम राजू, अब नजरें मतगणना पर

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** चुनाव में टीम मोती और टीम राजू के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। दोनों ही गुटों ने अपने-अपने 21-21 प्रत्याशियों के समर्थन में जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड स्तर तक जबरदस्त प्रचार अभियान चलाया। एक निर्दलीय प्रत्याशी भी मैदान में है।प्रत्याशियों ने व्यापारिक समुदाय की भलाई, संगठन की मजबूती और क्षेत्रीय आर्थिक विकास के मुद्दों को लेकर मतदाताओं को गोलबंद करने की पूरी कोशिश की। अब सबकी नजरें मतगणना पर टिकी हैं, जिससे यह तय होगा कि किस गुट को व्यापारियों ने अधिक समर्थन दिया।टीम राजू के प्रमुख राजेश कुमार शर्मा ने सभी मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि मतदाताओं ने उनकी टीम को भरपूर समर्थन और स्नेह दिया है। उन्होंने चुनाव अधिकारियों और जिला पुलिस के सहयोग की भी सराहना की। श्री शर्मा ने विश्वास जताया कि उनकी टीम मतगणना में शानदार प्रदर्शन करेगी।वहीं टीम मोती ने के मोतीलाल अग्रवाल ने भी शांतिपूर्ण और सफल चुनाव आयोजन के लिए सभी व्यापारियों, मतदाताओं और प्रशासन का आभार प्रकट किया।

**त्योहार मनाये** | मुहर्रम पर्व को लेकर केरसई थाना में हुई शांति समिति की बैठक

# शांति समिति के सदस्य भी सादे वर्दी वाले पुलिस : सीओ

- बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिक नेता और शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।
- बैठक में आपसी सहयोग और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम का पर्व मनाने की अपील की गई।

**नवीन मेल संवाददाता**

**केरसई।** थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में मुर्हरम का पर्व सम्पन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। शनिवार को केरसई थाना परिसर मे अंचलाधिकारी देवकांत सिंह एवं थाना प्रभारी रामनाथ राम की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक में प्रखण्ड क्षेत्र के राजनितिक एवं सामाजिक कार्यकत्ताओं , जन प्रतिनिधि तथा क्षेत्र के गनमान्य लोगों ने हिस्सा लिया ।बैठक में शांतिपूर्ण माहौल में मुर्हरम का त्योहार मनाये जाने को लेकर चर्चा की गई ।अंचलाधिकारी देवकांत सिंह ने कहा कि हर पर्व में केरसई का इतिहास शांतिपूर्ण रहा है, साथ ही पर्व त्यौहार एवं क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल रहे इसमें शांति समिति के सदस्यों की अहम भूमिका है क्योंकि शांति समिति के सदस्य सादा वर्दी में पुलिस के समान ही है ।थाना प्रभारी रामनाथ राम ने कहा कि पर्व त्यौहार के दौरान सोसल मीडिया पर कड़ी नजर रहेगी,गलत सलत पोस्ट करने पर पुलिस कड़ी करवाई करेगी ।जिला परिषद सदस्य प्रेमा बड़ा ने कहा कि यहाँ का इतिहास रहा है सभी लोग एक दूसरे के पर्व को साथ मिलकर मनाते आएं है आशा ही नही पूर्ण विश्वास है आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा ।मौके पर किनकेल मुखिया बसंती रवि गुप्ता बसारत अंसारी गौतम कुमार राजेश प्रसाद जावेद अख़्तर बिष्णु प्रसाद सहित शांति समिति के सदस्य और पुलिसकर्मी मौजूद थे।



### महाबुआंग थाना में मोहर्रम को लेकर की बैठक

**बानो।** मोहर्रम पर्व को लेकर महाबुआंग थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अमरनाथ कुमार सोनी ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि मोहर्रम पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा।थाना प्रभारी ने कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व मनाएं। त्योहार सभी धर्मों का सम्मान करते हुए मनाया जाना चाहिए। सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक पोस्ट न करें और यदि कोई अप्रिय घटना होती है तो तुरंत थाना को

## न्यूज बॉक्स

### बड़ाबरपानी में नव निर्मित गिरजाघर का बिशप विंसेंट बरवा ने किया पवित्र संस्कार

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड के बड़ाबरपानी में नव निर्मित संत पतरस पवित्र गिरजाघर का रविवार को भव्य पवित्र संस्कार समारोह आयोजित किया गया। गिरजाघर का उद्घाटन रांची के बिशप विंसेंट बरवा ने आशीष जल छिड़ककर और फीता काटकर किया। इस अवसर पर मिस्सा पूजा का आयोजन भी किया गया, जिसमें बिशप के साथ फादर पीटर मिंज, फादर शैलेश, फादर एडमोन और फादर सुनील ने भाग लिया।विशेष अतिथि के रूप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा अपनी धर्मपत्नी व पाकरटांड जिप सदस्य जोसिमा खाखा के साथ उपस्थित रहे। बिशप बरवा ने कहा, "यह गिरजाघर प्रेम, एकता और भाईचारे का प्रतीक है। मेरी प्रार्थना है कि यह स्थल आशा, शांति और सांत्वना का केंद्र बने।वहीं विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि यह गिरजाघर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि समाज को जोड़ने और शांति का संदेश फैलाने का माध्यम भी बनेगा। उन्होंने इसे महिलाओं और बच्चों के लिए एक सुरक्षित एवं प्रेरणादायक स्थान बताया।

### फरार गांजा तस्कर गुमला से गिरफ्तार, 126 किलो गांजा बरामद मामले में थी तलाश

**सिमडेगा।** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र में गांजा तस्करी के एक बड़े मामले में फरार आरोपी विजय साहू को पुलिस ने गुमला से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी उसी कार का मालिक और चालक है, जिसमें भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ था।पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने शनिवार को प्रेस वार्ता में बताया कि 2 जून को गुप्त सूचना के आधार पर ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के गड़गड़ झरिया के पास छापेमारी की गई थी। इस दौरान एक संदिग्ध कार से 126 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसे ओडिशा से बिहार तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। छापेमारी के दौरान चालक मौके से भागने में सफल रहा था और कार जब्त कर ली गई थी।पुलिस ने जांच के क्रम में फरार चालक की पहचान विजय साहू के रूप में की, जो कार का मालिक भी है। काफी प्रयासों के बाद उसे गुमला से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।एसपी ने बताया कि सिमडेगा पुलिस गांजा और अन्य मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान मोड में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि तस्करी के स्रोत से लेकर परिवहन तक की कड़ी को पूरी तरह ध्वस्त करने की कार्रवाई की जा रही है।

### वीर शहीद थॉमस सोरेन फुटबॉल टूर्नामेंट 25 जुलाई से, फाइनल मुकाबला 15 को

**सिमडेगा।** अंतरराज्यीय वीर शहीद थॉमस सोरेन फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन इस वर्ष भी पूरे उत्साह और भव्यता के साथ किया जाएगा। टूर्नामेंट की शुरुआत 25 जुलाई से होगी, जबकि फाइनल मुकाबला 15 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी टूर्नामेंट समिति के संस्थापक राजेश कुमार सिंह ने दी।उन्होंने बताया कि आयोजन की तैयारी को लेकर 2 जुलाई को सुबह 10:30 बजे एक महत्वपूर्ण बैठक अल्बर्ट स्टेडियम मैदान में बुलाई गई है। यह बैठक समिति के सचिव मोनू बड़ाईक के निर्देश पर होगी, जिसमें पुराने पदाधिकारियों के साथ-साथ नए सदस्यों के चयन पर भी चर्चा की जाएगी।राजेश सिंह ने बताया कि टूर्नामेंट में ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड और कोलकाता की नामी टीमें भाग लेंगी। इस वर्ष कुछ नई और उत्कृष्ट टीमों को भी आमंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सपूत थॉमस सोरेन की स्मृति में आयोजित होता है, इसलिए प्रशासन से अपील है कि इसे आधिकारिक संरक्षण में लिया जाए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, सांसदों और जिला प्रशासन के सहयोग के लिए आभार जताया।

### कोलेबिरा के लरबा गांव में अवैध बालू भंडारण, कार्तिक सिंह पर प्राथमिकी दर्ज

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र के लरबा गांव में अवैध बालू भंडारण का मामला सामने आया है। यह कार्रवाई उपायुक्त को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अपर समाहर्ता के निर्देश में की गई। जांच के दौरान पाया गया कि कार्तिक सिंह, पिता स्व. मदन सिंह, निवासी लरबा, अवैध रूप से बड़ी मात्रा में बालू का भंडारण कर रहा था।जांच टीम ने दो स्थानों पर बालू का भंडारण पाया। पहला भंडारण कार्तिक सिंह के घर के पास, जहां 117711 घन फुट बालू जमा था। दूसरा भंडारण बीएसएनएल टावर परिसर में मिला, जहां 68786.32 घन फुट बालू मौजूद था। कुल मिलाकर 186497.32 घन फुट बालू का अवैध भंडारण किया गया था। मौके पर मौजूद चौकीदार सोमेश्वर गोप ने पुष्टि की कि यह बालू कार्तिक सिंह ने ही जमा किया था।इस पर जिला खनन पदाधिकारी की शिकायत पर कोलेबिरा थाना में कांड संख्या 54/25 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। कार्तिक सिंह पर खनन अधिनियम 2004, झारखंड खनिज नियम 2017 और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज हुआ है।

### उच्च न्यायालय के निर्देश पर जिला न्यायाधीश में मण्डलकारा का किया औचक निरीक्षण

**सिमडेगा।** झारखंड उच्च न्यायालय के महानिबंधक के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा ने मंडल कारा का औचक निरीक्षण कर जेल व्यवस्थाओं एवं बंदियों के हितार्थ संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान जेल किचन में भोजन व्यवस्था सहित खाने और बंदियों के उपयोग के लिए अनाज की गुणवत्ता देखी। साथ ही पुरूष एवं महिला बैरक,जेल अस्पताल,वीसी एवं कियोस्क कक्ष,मुलाकात एवं उद्यमिता कक्ष इत्यादि का भी निरीक्षण कर स्वच्छता व हाईजीन के बारे में जानकारी ली। प्रधान जिला न्यायाधीश ने बंदियों से संवाद कर समस्याएं भी पूछी तथा उचित मामलों में न्यायालय एवं प्राधिकार द्वारा उच्च न्यायालय में अपील के लिए निःशुल्क निर्णय प्रति प्रदान करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार को निर्देशित किया। बंदियों के जमानत और रिहाई की जानकारी लेकर प्राधिकार को जरूरी निर्देश दिए। पीडीजे ने कहा कि जेल प्रशासन वैसे बंदियों की सूची प्राधिकार को उपलब्ध कराएं जिन्हें न्यायालय द्वारा जमानत प्रदान की गई है,लेकिन जमानतदार के नहीं आने के कारण वे जेल से बाहर नहीं जा सके हैं। उच्च न्यायालय के निर्देश पर प्रधान जिला जज द्वारा मंडलकारा के निरीक्षण के दौरान बंदियों से बातचित करते हुए उन लोगों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।जेल में बंद कैदियों से उन्होंने जेल से मिलने वाले भोजन,स्वास्थ्य सुविधा,रख रखाव आदि के बारे जानकारी लेते हुए जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पीडीजे और सीजेएम निताशा बारला ने महिला बंदियों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं। महिला बंदियों के साथ रह रहे छोटे छोटे बच्चों को भी जेल मैन्युअल के मुताबिक आवश्यक सुविधा देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जेल के इलेक्ट्रिक पैनल को खराब पाया गया। इस पर पीडीजे ने जेल अधीक्षक को भवन निर्माण विभाग से पत्राचार कर इसे दुरुस्त करने का निर्देश दिया। मौके पर जेल अधीक्षक अजय कुमार मौजूद थे।

### गिर्दा ओपी में मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**बानो।** आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर गिर्दा ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी जितेंद्र कुमार वर्मा ने की। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने पर चर्चा हुई।ओपी प्रभारी ने मोहर्रम कमेटी से जुलूस के रूट चार्ट और अन्य आयोजन की जानकारी ली। कमेटी सदस्यों ने पर्व से जुड़ी सारी जानकारी विस्तार से दी। प्रभारी वर्मा ने कहा कि मोहर्रम एकता और भाईचारे का प्रतीक है। सभी लोग आपसी प्रेम और सहयोग से पर्व को सफल बनाएं।उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर अफवाहों से बचने और किसी भी संदिग्ध जानकारी को साझा करने से पहले पुष्टि करने की अपील की। किसी भी प्रकार की समस्या या विवाद की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना देने का आग्रह किया।बैठक में एएसआई अनिरुद्ध पासवान, मुखिया सोमा पाहन, विजय कुमार साहू, प्रमोद सिंह, मोहम्मद अब्दुल हसन, नसीम मियां समेत कई ग्रामीण, समाजसेवी व प्रबुद्धजन उपस्थित थे।प्रशासन ने आश्वासन दिया कि पर्व के दौरान हर आवश्यक सहयोग दिया जाएगा।

## घायल खिलाड़ियों को इलाज के लिए अब नहीं जाना पड़ेगा दूसरे राज्य

# झारखंड में किया जा रहा व्यापक इंतजाम

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



झारखंड के खिलाड़ियों को राज्य सरकार एक बेहतर माहौल दे रही है. वैसे खिलाड़ी जो खेलने के दौरान घायल होंगे उन्हें इलाज के लिए फिक्र करने की जरुरत नहीं है और ना ही उन्हें झारखंड से बाहर जाने की जरूरत होगी. झारखंड सरकार ने रांची के एचपीसी (हाई परफॉर्मेंस सेंटर) सेंटर फॉर स्पोर्ट्स में घायल खिलाड़ियों का इलाज करवाया जाएगा. यह सेंटर खेलो इंडिया के तहत बनाया गया है. झारखंड सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की कोशिश कर रही है. एक ओर स्टेडियम तैयार किया जा रहा है तो दूसरी ओर वैसे खिलाड़ी जो खेलने के दौरान चोटिल हो जाते हैं उनका इलाज भी करवाएगी. हजारीबाग पहुंचे खेल निदेशक संदीप कुमार ने इसकी जानकारी दी है. खेल निदेशक ने बताया कि खिलाड़ी जो घायल हो जाएंगे उनका इलाज पुनर्वास केंद्र में किया जाएगा. जहां विशेष डॉक्टर फिजियोथेरेपिस्ट की उपस्थिति रहेगी. खिलाड़ियों को चोट लगने के बाद अब फिक्र करने की बात नहीं है. रांची में खेल निदेशक दफ्तर में आवेदक को अग्रसारित कर लाभ लिया जा सकता है. एचपीसी सेंटर फॉर स्पोर्ट्स रांची में खिलाड़ियों को इलाज मिलेगा. टेबल टेनिस के अंतरराष्ट्रीय अंपायर रविंद्र कुमार बताते हैं कि झारखंड के खिलाड़ियों के लिए बेहद दुर्भाग्य की बात है कि उनके लिए घायल होने पर सरकार के स्तर पर कोई व्यवस्था नहीं है. आमतौर पर जब खिलाड़ी घायल होते हैं तो उन्हें माता-पिता के भरोसे छोड़ दिया जाता है. कई बार तो ऐसा भी हुआ है कि अत्यधिक खर्च के कारण खिलाड़ी का बेहतर इलाज भी नहीं मिल पाया. अब राज्य सरकार एक बेहतर कदम उठाया है. इससे खिलाड़ियों को लाभ अवश्य मिलेगा.

## बच्चों को मिला फ्री गतका प्रशिक्षण, कोच-रेफरी सेमिनार का हुआ आयोजन

**धनबाद।** गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव सरदार बलविंदर सिंह तुर दो दिवसीय दौरे पर धनबाद पहुंचे. उन्होंने राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में स्कूली बच्चों को गतका का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया. इससे पूर्व प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा, उप-प्राचार्य मनोज कुमार व प्रभारी कमल नयन ने बलविंदर सिंह तुर का पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया. इसके बाद यूनियन क्लब में गतका एसोसिएशन ऑफ झारखंड की प्रेसवार्ता में सरदार बलविंदर सिंह तुर ने कहा कि मौजूदा दौर में बच्चों के हाथ में मोबाइल फोन होना अभिभावकों के लिए चिंता का विषय बन गया है. ऐसे में गतका जैसे अनुशासनात्मक खेलों के माध्यम से बच्चों में नैतिकता, आत्मरक्षा और राष्ट्रनिर्माण की भावना को जागृत किया जा सकता है. उन्होंने कहा कि गतका अब राष्ट्रीय स्कूल गेम्स, यूनिवर्सिटी गेम्स और खेलो इंडिया जैसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में शामिल है जिससे इस पारंपरिक भारतीय युद्धकला को नई पहचान मिल रही है. एसोसिएशन के झारखंड अध्यक्ष केशव कुमार हारोदिया ने बताया कि रविवार को झारखंड के कोच और रेफरी के लिए दो सेमिनार आयोजित किए जाएंगे. पहला होटल पोद्दार रेजेंसी में और दूसरा राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में. सेमिनार में तकनीकी जानकारी, नियमावली और प्रशिक्षण पद्धतियों पर चर्चा होगी.

## न्यूज बॉक्स

### बाल विवाह महिलाओं के विकास में सबसे बड़ी बाधा : न्यायाधीश



**धनबाद।** बाल विवाह आज भी समाज में परंपरा, अज्ञानता और चुप्पी के चलते जारी है, जिसे केवल कानूनी जागरूकता के ज़रिए ही रोका जा सकता है. इसके लिए पंचायत, स्कूल और आंगनबाड़ी जैसे स्थानीय स्तर पर अभियान चलाना होगा. कार्यशाला में यह भी स्पष्ट किया गया कि पर्यावरण की रक्षा केवल सरकारी एजेंसियों की नहीं बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है. यह अब केवल एक सामाजिक सरोकार नहीं बल्कि कानूनी और नैतिक अनिवार्यता बन चुका है. उन्होंने पारा लीगल वॉलंटियर्स से अपील की कि वे समाज में कानूनी साक्षरता के वाहक बनें और विशेषकर महिलाओं को उनके अधिकारों से परिचित कराएं.

### झरिया में युवक की हत्या, तालाब से मिला पत्थर से बंधा शव, दोस्त पर आरोप



धनबाद। झरिया थाना क्षेत्र के ईस्ट भगतडीह गुलगुलिया बस्ती में उस वक्त सनसनी फैल गई जब दो दिन से लापता युवक भूचकुन भुइयं का शव शनिवार को सिंह नगर के पास जलकुंभी तालाब से बरामद हुआ. शव पत्थर से बांध कर तालाब में फेंका गया था. सूचना मिलते ही झरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला. शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया गया.

### झामुमो ने किया संगठन विस्तार, रेशमा बनीं महिला मोर्चा की अध्यक्ष



**गावां गिरिडीह।** झामुमो के द्वारा प्रखंड संगठन का विस्तार किया गया है। झामुमो के द्वारा महिला, किसान, अनुसूचित मोर्चा, युवा व अल्पसंख्यक मोर्चा इकाई का गठन किया गया है। बैठक में मुख्यरुप से शफीक अंसारी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि महिला मोर्चा अध्यक्ष रेशमा प्रवीण को बनाया गया है। इनके साथ महिला मोर्चा में उपाध्यक्ष जमीला खातून, सचिव जाहेली देवी, संगठन सचिव लक्ष्मी कुमारी, कोषाध्यक्ष नाजिया परवीन बनायी गयी हैं, जबकि किसान मोर्चा के अध्यक्ष प्रदीप सिंह बने हैं। इसमें उपाध्यक्ष के तौर पर मंजू मरांडी, सचिव रघु बड़ी, संगठन सचिव मो आजाद को बनाया गया है। जबकि युवा मोर्चा में अध्यक्ष के रूप में शुभम कुमार, उपाध्यक्ष मो चांद रशीद व सोनू कुमार, सचिव शमशाद अंसारी, संगठन सचिव मो मुस्तफा अंसारी, कोषाध्यक्ष विजय राणा आदि हैं। वहीं अल्पसंख्यक मोर्चा में अध्यक्ष मो वहाब खान, उपाध्यक्ष मो शाहबुद्दीन, सचिव मो इसराइल अंसारी आदि है। वहीं अनुसूचित मोर्चा में अध्यक्ष शक्ति रविदास व सचिव दिनेश रविदास को बनाया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शफीक अंसारी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि संगठन एवं सरकार के नीति और कार्यक्रमों को जनता तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम पंचायत एवं प्रखंड कमेटी है।

### आदिवासी समाज के विकास के लिए बैठक कर लिए गए कई निर्णय



**गांडेय,गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड के जोधपुर गांव स्थित स्वयं सहायता समूह के प्रशिक्षण भवन में रविवार को मांझी परगना सुसार बैसी एवं सिद्धू -कान्हू संथाल जुवाऩ गांवता प्रखंड इकाई गांडेय के बैनर तले एकदिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा विधिवत रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । कार्यक्रम में समाज के वक्ताओं ने पुर्वजों के आंदोलन स्वरुप बने सीएनटी एक्ट और एसटीपी एक्ट के प्रावधानों को सख्ती से लागू कराने को लेकर विस्तृत से चर्चा किया गया। पूर्व जिला परिषद सदस्य हीरालाल मुर्मू ने संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी समाज को गति देने का काम उस समाज के युवा के कंधे पर होता है, उन्होंने कहा आदिवासी समाज के युवा शिक्षा, स्वरोजगार के साथ साथ समाज के पिछड़े लोगो को सहयोग दे सहारा दे ताकि समाज में कोई भी बेसहारा ना रहे। कार्यक्रम को मुखिया संघ के अध्यक्ष दशरथ किस्कू,शिक्षक सह समाजसेवी नंदलाल मुर्मु सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिद्धू-कान्हू, संथाल जुवाऩ गांवता एवं मांझी परगना सुसाऱ बैसी के सक्रिय सदस्य टेकलाल मुर्मू,सुरेश मुर्मू,छोंदोलाल सोरेन, संतोष बास्के,अरविंद हेंम्ब्रम सीताराम टुडू सहित अन्य समाज के लोगों की महत्वपूर्ण भुमिका रही

### आर्मी जवान के बंद घर से लाखों की संपत्ति चोरी

**धनबाद।** शहर में चोरी और लूट की घटना बढ़ती नजर आ रही है। महिलाओं को चलते रास्ते में चेन की छिनतई का मामला काफी बढ़ गया है। धनबाद के धनसार थाना क्षेत्र के महावीर नगर में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ किया है. मकान मालिक आर्मी जवान संजीव कुमार सिंह अपने परिवार के साथ शहर से बाहर गए हुए हैं. चोरी का खुलासा शुक्रवार की सुबह तब हुआ, जब स्थानीय लोगों ने घर का ताला टूटा हुआ देखा और अंदर का सारा सामान बिखरा पाया. उन्होंने इसकी जानकारी तुरंत धनसार थाना को दी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी. पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद डॉग स्क्वॉड की टीम को भी बुलाया और घटनास्थल की बारीकी से पड़ताल की. साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि चोरों की पहचान कर उन्हें जल्द पकड़ा जा सके. पुलिस का कहना है कि चोरों को जल्द पकड़ लिया जाएगा।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जन भागीदारी कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रामगढ़।** शनिवार को मांडू प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत करमा उत्तरी के ग्राम हार्वे में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जन भागीदारी का आयोजन किया गया। इस आयोजन के अंतर्गत प्रखंड सह अंचल अंतर्गत विभिन्न विभागों के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों के बीच उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। साथ ही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई एवं योजना का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में मुखिया, प्रखंड के प्रभारी कल्याण पदाधिकारी राजकुमार साव, अंचल राजस्व कर्मचारी मनोज कुमार, कृषि विभाग से कर्मी, पशुपालन कार्यालय से कर्मी, चिकित्सा विभाग के डॉक्टर, सीएससी एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्रामीणों के द्वारा प्रधानमंत्री आवास हेतु 6 आवेदन, पेंशन हेतु 4, मनरेगा में जॉब कार्ड एवं दीदी बड़ी योजना हेतु 20 आवेदन, जाति प्रमाण पत्र हेतु 5 आवेदन, पीएम किसान योजना में 2, राशन कार्ड में 3 आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुगर जांच 20, एचभी टेस्ट 15 एवं बीपी 35 लोगों का जांच किया गया।

# जमीन के 4 फीट नीचे मिला बालक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



जिले के नवडीहा ओपी क्षेत्र अंतर्गत दलागी पुल के नीचे जमीन के 4 फीट अंदर से एक बालक का शव बरामद किया गया है. मृत बालक की उम्र लगभग सात साल बतायी जा रही है. हालांकि अब तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी. पुलिस मामले की जांच में जुटी है. रविवार की सुबह क्षेत्र में यह शोर हुआ कि दलागी पुल के नीचे किसी का शव दफन है. जहां शव दफनाया गया है उसके ऊपर पत्थर भी रख दिया गया है. इस शोर के बाद लोगों की भीड़ पुल के ऊपर और नीचे उमड़ पड़ी. लोगों ने मामले की सूचना नवडीहा ओपी पुलिस को दी. सूचना मिलते ही नवडीहा ओपी प्रभारी दीपक कुमार और जमुआ थाना प्रभारी मणिकांत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकाला। पुलिस की पूछताछ में यह पता चला कि गांव के कुछ लोग सुबह शौच के लिए नदी किनारे गए थे. इस दौरान ग्रामीणों ने देखा कि पुल के नीचे मौजूद बड़े पत्थरों के पास कई कुत्ते मंडरा रहे हैं और बदबू भी आ रही है. इसके बाद ग्रामीणों ने शोर मचाना शुरू कर दिया. जिसके बाद क्षेत्र के लोगों को मामले की जानकारी मिली. नवडीहा ओपी पुलिस और जमुआ थाना पुलिस ने मृत बालक के शव की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है, लेकिन अब तक कुछ पता नहीं चला है. ऐसे में पुलिस ने बालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है.

## भैरवी नदी का पानी मंदिर की सीढ़ियों तक पहुंचा



**रामगढ़ ।** रविवार को 4:00 बजे के आसपास जिला में बहुत तेज बारिश हुई. जिसके कारण रजरप्पा स्थित माता छिन्नमस्तिके मंदिर के निकट से बहने वाली दामोदर और भैरवी का जल स्तर एक पुनः उफान पर है. जिससे भैरवी नदी के किनारे स्थित कई दुकान बह गए. मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा बढ़े जल स्तर को देखते हुए लोगों से नदी की तरफ नही जाने की अपील की गई है. भैरवी नदी का पानी मंदिर के सीढ़ियों तक जा पहुंचा है.

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, अतिक्रमण हटाकर ट्रैफिक सुधारने का निर्देश

**धनबाद।** धनबाद डीसी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई. बैठक में सड़क सुरक्षा और अतिक्रमण के मुद्दे पर गहन विचार-विमर्श किया गया. डीसी ने स्पष्ट किया कि सड़कों पर यातायात बाधा का मुख्य कारण अतिक्रमण है. कई दुकानदार दुकान के बाहर तक सामान फैलाकर आम रास्ते को कब्जा लेते हैं. इससे जाम की स्थिति उत्पन्न होती है. उन्होंने कहा कि अब इस पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी. यह सड़क सुरक्षा समिति की प्राथमिकता में है. उन्होंने बीसीसीएल को मोहन बाजार, फुसबंगला व गोधर में बंद व अनुपयोगी रोपवे को तुरंत हटाने तथा कतरास मोड़ पर बीसीसीएल की सड़क और मुख्य सड़क के मिलन स्थल पर स्पीड ब्रेकर लगाने का निर्देश दिया. साथ ही ट्रैफिक सिग्नल व सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए धनबाद नगर निगम व सड़क सुरक्षा टीम को संयुक्त सर्वे करने को कहा. वहीं खराब या बंद ट्रैफिक लाइट को हटाने, अनुपयोगी पोल व खंभों को हटाने तथा सड़कों पर अवैध पार्किंग करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए. बैठक में बीएसएनएल, डीएमसी, एनएच, पथ निर्माण विभाग, एनएचएआई द्वारा किए गए सुधार कार्यों के पहले और बाद की तस्वीरें भी प्रस्तुत की गईं।

# वासेपुर में चली गोली, गैंगस्टर फहीम खान के परिवार पर फायरिंग का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

जिला के वासेपुर में एक बार फिर से गोली चली है. इस गोलीबारी से इलाके में दहशत का माहौल है. वहीं गोली चलाने का आरोप गैंगस्टर फहीम खान के परिवार वालों पर लग रहा है. पुलिस की टी मौके पर पहुंचकर मामले की पड़ताल शुरू कर दी है. वासेपुर में एक फिर फायरिंग से दहशत फैलने की कोशिश की गई है. वासेपुर में शनिवार देर रात हावड़ा-धनबाद रेलवे पटरी के पास केजीएन कॉम्प्लेक्स के सामने अज्ञात बदमाशों ने कई राउंड गोलियां चलाईं. इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है. स्थानीय लोगों ने बताया कि फायरिंग के दौरान कई राउंड गोलियां हवा में चलाई गईं. पुलिस को घटनास्थल पर जांच के दौरान कई जिंदा कारतूस भी मिले हैं.

### धनबाद के वासेपुर में फायरिंग, जानकारी देते स्थानीय और डीएसपी

स्थानीय लोगों ने दावा किया है कि यह पूरी घटना गेसिंग (सट्टा) के अवैध खेल और आपसी रंजिश को लेकर हुई है. वहीं घटना के पीछे वासेपुर के चर्चित गैंगस्टर फहीम खान के दामाद के बेटे सानू खान का नाम आ रहा है. स्थानीय लोगों का आरोप है कि सानू खान ने इस पूरी घटना को अंजाम दिया है. हालांकि पुलिस ने अब तक किसी व्यक्ति का नाम स्पष्ट रूप से उजागर नहीं किया है. वहीं घटना की सूचना के बाद मौके पर डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, भूली थाना, बैंक मोड थाना के पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है. वहीं फायरिंग की घटना को लेकर डीएसपी नौशाद आलम ने कहा कि हम घटना के हर पहलू की जांच कर रहे हैं. स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है और दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा. वासेपुर लंबे समय से गैंगवार और आपराधिक घटनाओं का केंद्र रहा है.

# टेराकोटा शिल्प पर डिजाइन कार्यशाला का समापन, कारीगरों को मिला नया दृष्टिकोण

**धनबाद।** धनबाद जिले के बलियापुर प्रखंड के कोराहिर गांव में आयोजित 25 दिवसीय डिजाइन विकास कार्यशाला का शनिवार को समापन हुआ. यह आयोजन केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) देवघर कार्यालय की ओर से किया गया था. प्रशिक्षण का उद्देश्य टेराकोटा शिल्प को आधुनिक डिजाइन व बाज़ार की मांग के अनुरूप नया स्वरूप देना था, जिससे स्थानीय कारीगरों को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाया जा सके. कार्यशाला में टेराकोटा शिल्प से जुड़े 30 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. डिजाइनर देवानंद राणा ने उन्हें शिक्षण दिया. कार्यशाला में प्रतिभागियों ने कई नवाचारी डिजाइनों व उत्पादों का निर्माण किया, जो न केवल शिल्प कौशल को दर्शाते हैं, बल्कि वर्तमान बाजार की मांग के अनुरूप भी हैं. हस्तशिल्प प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार ने समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया और उनके कार्यों की सराहना की. कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं न केवल हमारी पारंपरिक कला को जीवित रखती हैं, बल्कि कारीगरों को आर्थिक रूप से सशक्त भी बनाती हैं. यह पहल 'वोकल फॉर लोकल' के संकल्प को साकार करने की दिशा में बड़ा कदम है. विवेक कुमार ने कारीगरों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

## आउटसोर्सिंग की बीसीसीएल की मनमानी के खिलाफ ग्रामीणों का उग्र प्रदर्शन

# पुलिस ने ग्रामीणों पर किया लाठीचार्ज

- ग्रामीणों और सीआईएसएफ जवानों के बीच नोकझोंक भी हुई.

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**



जिले के रामकनाली ओपी क्षेत्र में बीसीसीएल आउटसोर्सिंग की मनमानी के खिलाफ ग्रामीण उग्र हो गए. स्थिति ऐसी हो गई कि पुलिस को ग्रामीणों पर लाठीचार्ज करना पड़ा. घटना बीसीसीएल कतरास क्षेत्र अंतर्गत संचालित मां अंबे माइनिंग आउटसोर्सिंग के बुट्टू बाबू बांग्ला पैच के पास की है. जहां होलपैक सड़क निर्माण के विरोध में कुम्हार बस्ती के ग्रामीणों ने जमकर प्रदर्शन किया. दरअसल, कुम्हार बस्ती के ग्रामीण बुट्टू बाबू बांग्ला पैच के पास होलपैक सड़क निर्माण का विरोध कर रहे हैं. इसका विरोध करने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे थे. ग्रामीणों ने परियोजना में ही पोकलेन मशीन को रोक दिया और सुरक्षित स्थान पर पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग करने लगे. इस दौरान ग्रामीणों और सीआईएसएफ जवानों के बीच नोकझोंक भी हुई. उधर, पुलिस ने सभी को हटाने का प्रयास भी किया. लेकिन ग्रामीण नहीं माने. जिसके बाद पुलिस ने अचानक लाठीचार्ज कर दिया. जिससे आधा दर्जन से अधिक ग्रामीण महिला-पुरुष घायल हो गए हैं. घायलों में भवानी देवी, अंजुली कुमारी, संजू देवी, गीत देवी, गुड़िया देवी, चंदना देवी, चांदो देवी, मोनी देवी, मंजू देवी, सोनू कुमार, टिंकू कुम्हार आदि शामिल हैं. दो पुलिस कर्मियों के भी घायल होने की सूचना है. कपिल चौधरी, ग्रामीण एसपी ने कहा कि विधि-व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा. मामले की जांच की जा रही है. सूचना मिलने पर भाकपा(माले) पोलित ब्यूरो सदस्य हलधर महतो व ठाकुर महतो मौके पर पहुंचे और प्रबंधन द्वारा ग्रामीणों पर किए गए लाठीचार्ज की घटना की निंदा की. उन्होंने कहा कि प्रबंधन कुम्हार बस्ती के ग्रामीणों पर इतनी बर्बरतापूर्ण कार्रवाई क्यों कर रहा है. पहले यहां के 154 परिवारों को विस्थापित करने की व्यवस्था करें, नहीं तो यह मामला लोकसभा और विधानसभा में उठाया जाएगा. उन्होंने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन अपनी नीति स्पष्ट करे, क्योंकि यहां के लोग मिट्टी से मूर्ति, बर्तन, खिलौने, कप बनाकर अपना जीवन यापन करते हैं. प्रबंधन मिट्टी काटकर हटाने का प्रयास कर रहा है. मौके पर पहुंचे कतरास पुलिस अंचल निरीक्षक मुकेश कुमार चौधरी ने प्रबंधन को ग्रामीणों को समझाकर मामला शांत कराया.

## महिलाओं ने मां विपततारिणी की पूजा कर मांगी सुख-समृद्धि



**धनबाद।** धनबाद कोयलांचल में शनिवार को मां विपततारिणी की पूजा श्रद्धा भाव से की गई. शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में व्रती महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मां विपततारिणी की पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि व संकटों से मुक्ति की कामना की. सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं. धनबाद के तेलीपाड़ा स्थित प्रसिद्ध काली मंदिर में महिला व्रतधारियों की भारी भीड़ उमड़ी. महिलाएं लाल और पीली साड़ियों में पारंपरिक श्रृंगार कर, पूजा की थाली लेकर मां के दर्शन के लिए पहुंचीं और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की.मां विपततारिणी की पूजा को लेकर जिलेभर में तैयारियां पहले से ही जोरों पर थीं. शुक्रवार को मंदिरों की सफाई और सजावट पूरी कर ली गई थी. जगह-जगह तोरणद्वार बनाए गए थे और मंदिरों को फूलों और रंगीन लाइटों से खूबसूरत रूप दिया गया था. पूजा को लेकर बाजारों में भी खासा उत्साह देखा गया. लाल धागा, नारियल, आम के पत्ते, मिट्टी के कलश, दीया, चूड़ियां, सिंदूर और फल-फूल की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ लगी रही. शनिवार को व्रती महिलाओं ने उपवास रखा. पूजा के दौरान मां विपततारिणी को लाल धागे में 13 गांठें बांधकर अर्पित किया और जीवन के समस्त कष्टों से मुक्ति, पति की दीर्घायु, संतान की सलामती और परिवार की समृद्धि के लिए प्रार्थना की.

सुप्रभात

विचार प्रवाह

यदि स्वयं में विश्वास करना और अधिक विस्तार से पढ़ाया और अभ्यास कराया गया होता, तो मुझे यकीन है कि बुराइयों और दुःख का एक बहुत बड़ा हिस्सा गायब हो गया होता। - **स्वामी विवेकानंद जी**

## संपादकीय

# एमएसएमई पर रहे ध्यान

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) भारतीय अर्थव्यवस्था और इसकी प्रगति की आधारशिला बने हुए हैं। अस्थिरता, अनिश्चितता, जटिलता और अस्पष्टता की दुनिया में भारतीय एमएसएमई, विशेष रूप से सूक्ष्म उद्यम बाधित आपूर्ति शृंखला, बढ़ते भू-राजनीतिक संघर्ष, अस्थिर व्यापार शुल्क और बदलते कारोबारी माहौल जैसी अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। मौजूदा वैश्विक उथल-पुथल ने निवेश लागत और शिपिंग शुल्क में वृद्धि तथा समय-सीमा में व्यवधान की आशंकाओं को बढ़ा दिया है। सूक्ष्म उद्यम, जो कुल एमएसएमई का 98 फीसदी से अधिक हिस्सा हैं, के अस्तित्व को बचाने और सफल बनाने के लिए उचित रणनीतियों को प्राथमिकता देने की जरूरत है। भारत की जीडीपी में 30 प्रतिशत योगदान और करीब 11 करोड़ लोगों को रोजगार देने वाले एमएसएमई क्षेत्र को थोड़ा लोचशील बनाना राष्ट्रीय जरूरत बन गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने मार्च में कहा था, 'एमएसएमई सेक्टर देश की आर्थिक उन्नति में परिवर्तनकारी योगदान देता है। यह भारत के विनिर्माण और औद्योगिक विकास की रीढ़ है। हम इस क्षेत्र को बढ़ावा देने और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' सूक्ष्म उद्यम को जोखिम से बचाने व आज की अनिश्चित दुनिया में उन्हें अधिक लचीला बनाने के लिए आपूर्ति शृंखला में लचीलापन बढ़ाने की जरूरत है। इस क्षेत्र की वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं पर निर्भरता कम करने के लिए देश में कई घरेलू स्रोतों का पता लगाने और आपूर्ति शृंखला के डिजिटलीकरण पर विचार करना चाहिए। एमएसएमई को अपने ग्राहक आधार (स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय, दोनों) में विविधता लानी चाहिए। प्रदर्शनियों और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से संसाधनों और ज्ञान को साझा करने के लिए स्थानीय व्यापार नेटवर्क, उद्योग समूहों और संघों के साथ मजबूत संबंध बनाना महत्वपूर्ण है। इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकनॉमिक रिलेशंस के एमएसएमई पर तीसरे वार्षिक सर्वे के अनुसार, डिजिटलीकरण त्वरित विकास का प्रमुख तत्व है। ई-कामर्स एकीकरण से व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और वित्तीय बाधाएं भी दूर होंगी। पर्यावरणीय चिंताओं को दूर करने के लिए भारत सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण, अपशिष्ट प्रबंधन और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से संबंधित टिकाऊ व्यावसायिक प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पर्यावरण संबंधी नियमों को लागू किया है। ग्रीन टेक्नोलॉजी को अपनाने के लिए सरकार टैक्स छूट, सब्सिडी और अनुदान प्रदान करती है। इसके अलावा, वित्तीय संस्थाएं सूक्ष्म उद्यमों को टिकाऊ पद्धतियां अपनाने में सहायता देने के लिए हरित वित्तपोषण विकल्प भी प्रदान करती हैं। इलेक्ट्रॉनिक कचरा (ई-वेस्ट) के निपटान और उसके पुनः उपयोग के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में उद्यमियों को भी चाहिए कि ई-वेस्ट और प्लास्टिक के निपटान के लिए वे सरकार से सहयोग करते हुए नियमों का पालन करें, ताकि उनको उत्पाद से अच्छा मुनाफा हो सके और पर्यावरण को भी क्षति न पहुंचे। केंद्र सरकार विभिन्न योजनाओं, जैसे वित्त, बुनियादी ढांचा, कौशल विकास, तकनीक और बाजार पहुंच के जरिये एमएसएमई को विकसित करने में अहम योगदान दे रही है।

*भारत की जीडीपी में 30 प्रतिशत योगदान और करीब 11 करोड़ लोगों को रोजगार देने वाले एमएसएमई क्षेत्र को थोड़ा लोचशील बनाना राष्ट्रीय जरूरत बन गई है।*

## अंतरराष्ट्रीय संसदीय दिवस : संसदों के अंतर्मंथन का क्षण

# लोकतंत्र का संस्कारगृह-संसद व सतत समावेश



आज की बात



**प्रो. आरके जैन**

जब हम किसी राष्ट्र की आत्मा को समझने की कोशिश करते हैं, तो सबसे पहले हमारे सामने उसकी संसद की छवि उभरती है—वह पवित्र मंच, जहाँ जनता की आकांक्षाएँ, चिंताएँ और अधिकार एक स्वर में गूंजते हैं। संसद केवल कानूनों का कारखाना नहीं, बल्कि लोकतंत्र का वह जीवंत हृदय है, जो हर नागरिक की धड़कनों को प्रतिबिंबित करता है। इस जीवंतता को वैश्विक स्तर पर और सशक्त करने के लिए हर साल 30 जून को अंतरराष्ट्रीय संसदीय दिवस मनाया जाता है। यह दिन केवल संसदों की उपलब्धियों का उत्सव नहीं, बल्कि उनके दायित्वों, चुनौतियों और भविष्य की दिशा में गहन चिंतन का अवसर है। यह एक ऐसा आह्वान है, जो संसदों को याद दिलाता है कि वे केवल सत्ता का केंद्र नहीं, बल्कि जनता की आवाज़, विश्वास और उम्मीदों का प्रतीक हैं।

इस महत्वपूर्ण दिवस की शुरुआत 2018 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव के माध्यम से हुई, जब 30 जून को अंतरराष्ट्रीय संसदीय दिवस के रूप में मान्यता दी गई। यह तारीख संयोगवश 1889 में स्थापित इंटर-पार्लियामेंटरी यूनियन (आईपीयू) की स्थापना की वर्षगांठ से भी जुड़ी है। आईपीयू वह वैश्विक संगठन है, जिसने 136 साल पहले संसदों को एक मंच पर लाकर वैश्विक संवाद, शांति और लोकतंत्र को बढ़ावा देने की नींव रखी। इसका नारा—"लोकतंत्र के लिए, सभी के लिए" और उद्देश्य "संसदों के माध्यम से विश्व शांति और विकास के लिए हर आवाज़ को सुनना" आज भी उतना ही प्रासंगिक है। 2025 में इस दिवस की थीम "संसद और सतत विकास लक्ष्य: लैंगिक समानता और समावेशिता" न केवल समय की मांग है, बल्कि लोकतंत्र की सच्ची आत्मा को उजागर करती है। यह थीम हमें याद दिलाती है कि कोई भी लोकतंत्र तब तक पूर्ण नहीं हो सकता, जब तक उसमें हर वर्ग—महिलाएँ, युवा, हाशिए पर पड़े समुदाय, और सामाजिक रूप से उपेक्षित लोग—की समान भागीदारी सुनिश्चित न हो।

आज विश्व संयुक्त राष्ट्र के 2030 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है। इन 17 लक्ष्यों में लैंगिक समानता (एसडीजी-5) और मज़बूत, समावेशी संस्थानों का निर्माण (एसडीजी-16) संसदों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। आंकड़े बताते हैं कि वैश्विक स्तर पर संसदों में महिलाओं की भागीदारी अभी भी केवल 26% है (आईपीयू, 2023), जबकि भारत में यह आंकड़ा और भी कम, लगभग 14.4% (लोकसभा, 2024) है। यह असंतुलन न केवल लैंगिक समानता के लिए चुनौती है, बल्कि लोकतंत्र की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठाता है। संसदें नीतियां बनाती हैं, संसाधनों का आवंटन करती हैं और सरकार को जवाबदेह बनाती हैं। लेकिन अगर इन नीतियों में आधी आबादी की आवाज़ शामिल नहीं है, तो क्या यह लोकतंत्र वास्तव में "सभी के लिए" है?

भारत, जो विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, इस संदर्भ में एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करता है। भारतीय संसद, लोकसभा और राज्यसभा, करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं का केंद्र है। यह वह मंच है, जहाँ 1.4 अरब लोगों की विविधता को एक स्वर में ढाला जाता है। लेकिन इस विविधता को प्रतिबिंबित करने के लिए संसद को और अधिक समावेशी होना होगा। उदाहरण के लिए, नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के तहत संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण का प्रावधान एक ऐतिहासिक कदम है, लेकिन इसका पूर्ण कार्यान्वयन अभी बाकी है। इसी तरह, युवाओं और हाशिए पर पड़े समुदायों जैसे आदिवासियों, दलितों, और एलजीबीटीक्यू+ समुदाय को संसद में अधिक प्रतिनिधित्व की आवश्यकता है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में 65% आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है, लेकिन संसद में युवा सांसदों की संख्या केवल 12% के आसपास है। यह असंतुलन न केवल नीतियों को प्रभावित करता है, बल्कि युवाओं के बीच राजनीतिक संस्थानों के प्रति विश्वास को भी कम करता है।

अंतरराष्ट्रीय संसदीय दिवस हमें उन मूलभूत सवालों से रूबरू कराता है, जो अक्सर संसदीय बहसों के शोर में दब जाते हैं। क्या संसदें जनता के सबसे ज़रूरी मुद्दों को प्राथमिकता दे रही हैं? क्या वे लैंगिक भेदभाव, सामाजिक असमानता और पर्यावरणीय संकट जैसे मुद्दों पर ठोस कदम उठा रही हैं? आईपीयू की 2022 की वैश्विक संसदीय रिपोर्ट के अनुसार, केवल 40% संसदों ने ही सतत विकास लक्ष्यों को अपनी नीतियों में स्पष्ट रूप से शामिल किया है। यह आंकड़ा चेतावनी देता है कि संसदों को अपनी भूमिका को और अधिक सक्रिय और प्रभावी बनाना होगा। भारत में, उदाहरण के लिए, संसद ने जलवायु परिवर्तन (एसडीजी-13) और शिक्षा (एसडीजी-4) जैसे क्षेत्रों में कई नीतियां बनाई हैं, लेकिन उनकी निगरानी और कार्यान्वयन में कमी दिखती है।

संसदों की जवाबदेही और पारदर्शिता लोकतंत्र की नींव है। आईपीयू के अनुसार, विश्व की 80% संसदें अब डिजिटल तकनीकों का उपयोग कर रही हैं, जैसे कि ऑनलाइन सत्र, ई-वोटिंग, और नागरिक संवाद मंच। भारत में भी डिजिटल संसद पहल के तहत संसद के सत्रों को डिजिटल रूप से प्रसारित किया जा रहा है, लेकिन नागरिकों की सीधी भागीदारी अभी भी सीमित है। अंतरराष्ट्रीय संसदीय दिवस हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि संसदें न केवल नीतियां बनाएं, बल्कि नागरिकों के साथ सीधा संवाद स्थापित करें। उदाहरण के लिए, न्यूज़ीलैंड और कनाडा जैसे देशों में "संसदीय ओपन डे" जैसे आयोजन होते हैं, जहाँ आम लोग संसद में जाकर अपने सांसदों से मिल सकते हैं। भारत में भी इस तरह की पहल लोकतंत्र को और जीवंत बना सकती हैं।

इस दिवस का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह संसदों को आत्म-मूल्यांकन का अवसर देता है। क्या संसदें वास्तव में समावेशी हैं? क्या वे बदलते समय के साथ तालमेल बिठा रही हैं? आईपीयू की एक रिपोर्ट के अनुसार, विश्व की केवल 20% संसदों में ही लैंगिक समानता और समावेशिता के लिए विशेष समितियाँ हैं। भारत में, हालाँकि संसद में महिला सशक्तीकरण समिति जैसी संरचनाएँ हैं, लेकिन इनका प्रभाव अभी व्यापक नहीं हुआ है। यह समय है कि संसदें न केवल कानून बनाएं, बल्कि स्वयं को अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण और जवाबदेह बनाने के लिए नवाचार करें।

नागरिकों की भूमिका भी इस दिन उतनी ही महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र केवल संसद तक सीमित नहीं है; यह जनता की जागरूकता और भागीदारी से जीवित रहता है। हम कितनी बार अपने सांसदों से सवाल पूछते हैं? कितनी बार संसद के सत्रों पर ध्यान देते हैं? भारत में, आरटीआई (सूचना का अधिकार) जैसे उपकरणों ने नागरिकों को सशक्त किया है, लेकिन संसदीय कार्यवाहियों में उनकी भागीदारी अभी भी न्यूनतम है। अंतरराष्ट्रीय संसदीय दिवस हमें यह याद दिलाता है कि लोकतंत्र एक दोतरफा प्रक्रिया है, संसद को जनता के प्रति जवाबदेह होना होगा, और जनता को संसद के प्रति जागरूक।

30 जून केवल एक तारीख नहीं, बल्कि एक प्रेरणा है—एक संकल्प कि संसदें केवल सत्ता के गलियारों में गूंजने वाली आवाज़ें न बनें, बल्कि समाज के हर कोने तक समानता, न्याय और विकास की गूंज पहुँचाएँ। जब संसदें हर नागरिक की आवाज़ को सुनेंगी—चाहे वह एक महिला हो, एक युवा हो, या समाज के हाशिए पर खड़ा व्यक्ति—तब ही लोकतंत्र एक नारा नहीं, बल्कि एक जीवनशैली बनेगा। यह दिवस हमें यह विश्वास दिलाता है कि संसदें केवल कानून बनाने वाली इमारतें नहीं, बल्कि वे मंदिर हैं, जहाँ मानवता की आकांक्षाएँ आकार लेती हैं। इस 30 जून को हम संकल्प लें कि हमारी संसदें न केवल सशक्त होंगी, बल्कि संवेदनशील, समावेशी और सतत विकास की दिशा में मार्गदर्शक भी बनेंगी। यही लोकतंत्र की सच्ची जीत होगी। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## रथ यात्रा



व्यंग्य की बात



**डॉ प्रशान्त करण**

भैया जी घर से बाहर निकले तो अपनी गाड़ी देखकर चौंक उठे । उनकी महंगी एसयूवी गाड़ी को रथ की भांति सजाया गया था। भैया जी को अपने क्षेत्र के एक कार्यक्रम में जाना था। उस में भैया जी के पीए के निर्देश पर भैया जी की पसंद की बारबाला को नृत्य के लिए बुलाया गया था। भैया जी को अचम्भित देख पीए बोलै - भैया जी, चुनाव जीते चार साल हो गए। आप चुनाव जीतने के बाद पहली बार तो क्षेत्र में जा रहे हैं। छः माह बाद चुनाव की भागमभाग होगी। लोग आपका रुतवा भी तो देखें। वहाँ पिछले चुनाव में पुल बनवाने का संकल्प जनता के बीच लिया था। भैया जी बोले-का करें बड़का बेटवा ठिका लिया और कागजे पर पुल बना दिया। भंडा तो चुनाव प्रचार में फूटेगा। पीए बोले - सर, इसीलिए इस बात को छिपाकर दिखाने के लिए शिलान्यास कर दीजिए। भैया जी के काफिले में इक्कीस गाड़ी, इक्कीसराइफलधारी, सरकारी पांच सुरक्षाकर्मी भी निकले। रास्ते भर और वहां पंहुचकर खूब गोलियाँ हवा में चलाई गयी। भैया जी की यह रथ यात्रा प्रसिद्द हुई। एक बड़े अधिकारी को कार्य दिवस के दोपहर ही पत्नी का फोन आया-सुनो, आज मित्तल जी के फार्म हॉउस में पार्टी है। परम्परागत रूप से चलो ताकि मैं अपना प्रभाव जमा सकता हूँ। अधिकारी सोच में पड़ गया। उसने अपने कनीय अधिकारी को बुलाया और कहा-विभाग की कार्य प्रणाली सुधारने के लिए एक आपात गोपनीय बैठक मित्तल जी के फार्म हॉउस के बाहरी लॉन में शाम को होगी। निश्चित समय पर अधिकारी दम्पत्ति पूरे लाव-लश्कर से फार्म हाउस पंहुचा। दम्पत्ति सीधे पार्टी में चले गए। पार्टी समाप्ति के बाद अधिकारी दम्पत्ती का काफिला अपने बंगले देर रात लौट गया। अधिकारियों को चलते समय सूचना दे दी गयी कि बैठक साहब के आवास पर अब होगी। पूरा काफिला बंगले तक गया। फिर सूचना मिली कि बैठक स्थगित। बड़े अधिकारी की रथयात्रा सम्पन्न हुई। मित्तल साहब को कर माफ़ कराने के लिए मंत्री जी के पास जाना था। मुलाक़ात का समय और स्थान तय हुआ। मित्तल साहब निजी सुक्षाकर्मियों और पूरे इक्कीस गाड़ियों के क्रम में मंत्री जी के आवास पँहुचे। मंत्री जी के पीए ने मंत्री जी को यह सब देखकर कान में कहा-मोटी पार्टी है, मोटा माल अवश्य मिलेगा। मंत्री जी को मित्तल साहब ने बताया कि अमुक राज्य की राजधानी में आपके लिए फार्म हाउस बनवा देंगे। मंत्री जी ने कर माफ़ कर दिया। मित्तल साहब का कारवां लौट आया। मंत्री जी के फार्म हाउस के लिए भूमि का चयन कब होगा, किसी को पता नहीं, परन्तु मित्तल जी की रथ यात्रा सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# एक्सिओम-4 व भारत की वैश्विक पहचान



देश की बात



**प्रियंका सौरभ**

एक्सिओम-4 मिशन भारत के अंतरिक्ष इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण है। वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ल की सहभागिता से यह मिशन सिर्फ तकनीकी उपलब्धि नहीं बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की उपस्थिति का प्रतीक बन गया है। अमेरिका की एक्सिओम-4 स्पेस और नासा के सहयोग से हुआ यह अभियान भारत को मानव अंतरिक्ष यात्रा के क्षेत्र में नई ऊंचाईयों पर ले गया है। वैज्ञानिक प्रयोगों, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर यह मिशन आने वाले गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की नींव मजबूत करता है। 41 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद जब भारत का कोई प्रतिनिधि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की ओर रवाना हुआ, तो यह महज़ एक मिशन नहीं था, बल्कि भारत के अंतरिक्ष विज्ञान, वैश्विक कूटनीति और वैज्ञानिक प्रतिष्ठा का पुनर्जन्म था। एक्सिओम-4 मिशन में भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ल की भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अब अंतरिक्ष की दौड़ में सिर्फ एक सहभागी नहीं, बल्कि एक संभावित नेतृत्वकर्ता के रूप में देखा जा रहा है। इस मिशन के माध्यम से भारत ने एक साथ कई स्तरों पर उपलब्धियाँ प्राप्त कीं। सबसे पहले, वैज्ञानिक दृष्टिकोण से बात करें तो भारत ने इस मिशन के तहत सात प्रमुख वैज्ञानिक प्रयोग अंतरिक्ष में भेजे। ये सभी प्रयोग सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण पर आधारित थे और इनका उद्देश्य जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझना था। मेथी और मूंग जैसे बीजों पर किया गया अध्ययन भारतीय कृषि तकनीकों की विशिष्टता को अंतरिक्ष तक ले गया। इससे यह प्रमाणित होता है कि भारत की पारंपरिक खेती भी वैज्ञानिक शोध के लिए प्रासंगिक और आधुनिक है।इसके अतिरिक्त, सूक्ष्मजीवों, माइक्रोएल्गी और मांसपेशियों के पुनरुत्पादन पर आधारित प्रयोगों ने दीर्घकालिक अंतरिक्ष यात्रा में जीवन समर्थन प्रणालियों के विकास में भारत की उपयोगिता को सिद्ध किया। इससे स्पष्ट है कि भारत केवल अंतरिक्ष में मौजूदगी दर्ज कराने नहीं बल्कि उसमें नवाचार और अनुसंधान के स्तर पर योगदान देने आया है।

शुभांशु शुक्ल का स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन यान को सफलतापूर्वक डॉक करना और अंतरिक्ष में आपातकालीन स्थितियों का प्रशिक्षण प्राप्त करना, आने वाले गगनयान मिशन के लिए अमूल्य अनुभव है। यह भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन के लिए एक मजबूत बुनियाद का कार्य करेगा।

एक्सिओम-4 ने यह भी दिखा दिया कि भारत अब व्यावसायिक अंतरिक्ष उड़ानों में भी प्रवेश कर चुका है। एक्सिओम-4 स्पेस और भारतीय स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस के बीच हुआ समझौता दर्शाता है कि भारत अब केवल सरकारी संसाधनों पर निर्भर नहीं रहना चाहता, बल्कि निजी क्षेत्र के सहयोग से सस्ते और नवीन समाधान विकसित करने की दिशा में अग्रसर है। यह भारतीय अंतरिक्ष नीति की आत्मनिर्भरता और स्टार्टअप संस्कृति की सफलता की कहानी है।

रणनीतिक दृष्टि से देखें तो एक्सिओम-4 भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते सहयोग का प्रतीक है, विशेषकर आईसीईटी और आर्टेमिस समझौते जैसी व्यवस्थाओं के अंतर्गत। भारत ने इस मिशन के ज़रिए न केवल अमेरिका बल्कि वैश्विक दक्षिण-उत्तर सहयोग की भावना को भी मज़बूती दी। इस मिशन में भारत के साथ पोलैंड और हंगरी जैसे देशों के अंतरिक्ष यात्री भी शामिल थे। यह वैश्विक समावेशिता और साझेदारी का प्रतीक था।

यह मिशन भारत की "सॉफ्ट पावर" को भी बढ़ावा देता है। जब दुनिया के समाचार चैनलों पर भारत का नाम मानव अंतरिक्ष यात्रा के साथ जोड़ा गया, तो यह सिर्फ तकनीकी नहीं, कूटनीतिक जीत भी थी। भारत ने यह दिखा दिया कि वह केवल उपग्रह भेजने वाला देश नहीं, बल्कि अंतरिक्ष में मानव भेजने और सहयोग करने वाला देश बन चुका है। एक्सिओम-4 मिशन से भारत के निजी अंतरिक्ष स्टार्टअप्स को भी नया आत्मविश्वास मिला है। स्काईरूट और अग्निकुल कॉसमॉस जैसी कंपनियाँ अब वैश्विक सहयोग की दिशा में अपने कदम बढ़ा रही हैं। यह भारत के लिए निवेश, तकनीकी सहयोग और वैज्ञानिक नवाचार के नए द्वार खोलने वाला साबित हो सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

मन -बंदर बिच्छू डसा, लिया धतूरा खाय।
हे ईश्वर! रक्षा करो, गर्त छलांग लगाय।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# ..तो क्या ये ' दीवार ' टूट गई है भाई ?

आपकी बात



**अमर आनंद**
वरिष्ठ पत्रकार

कभी दक्षिण भारत के लुंगी वालों के विरोधी रहे महाराष्ट्र के हिंदू हृदय सम्राट स्वर्गीय बाला साहब ठाकरे के दोनों लाल उत्तर में और देश भर में सबसे ज्यादा बोले जाने वाली भाषा राष्ट्रभाषा हिंदी के खिलाफ अब नए सिरे एक हो गए है और राष्ट्र भाषा के विरोध में महाराष्ट्र की भाषा यानी मराठी को अपना हथियार बना लिया है। ठाकरे परिवार के दोनों कर्णधारों के बीच ऐसा लगता है कि अब दूरियों की ' दीवार 'टूट गई है। महाराष्ट्र में हिंदी भाषा को लेकर विवाद जारी है और इस बीच दोनों भाई उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे पांच जुलाई को मुंबई में संयुक्त रैली करने वाले हैं। हालांकि इससे पहले उद्धव की पार्टी शिव सेना, यूबीटी छह जुलाई को और राज की पार्टी एमएनएस मनसे प्रमुख सात जुलाई को अलग - अलग रैली निकालने का ऐलान कर चुकी थी, लेकिन अब इस मामले में दोनों भाई साथ - साथ हैं। दोनों भाइयों के इस संयुक्त अभियान को एनसीपी (शरद गुट) का भी समर्थन है। पार्टी चीफ शरद पवार का कहना है महाराष्ट्र में कक्षा एक से हिंदी अनिवार्य नहीं की जानी चाहिए। अगर कोई नई भाषा शुरू की जानी है तो उसे कक्षा पांच के बाद ही शुरू किया जाना चाहिए। गौरतलब है कि महाराष्ट्र सरकार ने इसी साल अप्रैल में हिंदी को तीसरी अनिवार्य भाषा बना दिया था। विरोध के बाद फैसले में बदलाव करते हुए कक्षा एक से पांचवीं तक पढ़ने वाले छात्रों को तीसरी भाषा के तौर पर हिंदी के अलावा भी दूसरी भारतीय भाषाएं चुनने का अधिकार दिया। उद्धव ठाकरे कहते हैं कि वह हिंदी के खिलाफ नहीं हैं लेकिन उसे थोपे जाने के समर्थन में नहीं हैं। उद्धव ने कहा कि महायुति सरकार का फैसला राज्य में 'लैंग्वेज इमरजेंसी' को लागू करने जैसा है। उद्धव के भाई राज ठाकरे यह कहते है कि सरकार को यह मालूम होना चाहिए कि राज्य की इच्छा क्या है। दोनों भाई इस मुद्दे पर बड़े आंदोलन के मूड में हैं। उद्धव और राज का साथ आना महाराष्ट्र राजनीति में एक बड़ा संकेत और संदेश माना जा रहा है वह भी मराठी अस्मिता की लड़ाई के साथ। शिव सेना के चीफ बल ठाकरे की राजनीति का आरंभ ही मराठी अस्मिता को लेकर हुआ था और अब फिर से एक हुए दोनों भाई मिलकर नए सिरे से इस लड़ाई को फिर से नए सिरे से आगे बढ़ाएंगे। बाल ठाकरे की राजनीति को उनके जीवन काल में उद्धव और राज पहले भी मिलकर बढ़ा रहे थे लेकिन बाला साहब की तरफ से उद्धव को अहमियत और राज के लिए बेरुखी की वजह से बाला साहब के दोनों सिपहसालार और उत्तराधिकारी अलग अलग हो गए थे और वर्चस्व स्थापित करने की चाह में अलग राह पर चल पड़े थे। अलग रह कर नरेंद्र मोदी के मित्र माने जाने वाले राज ने कभी बीजेपी के शुभचिंतक तो कभी विरोधी नजर आते हुए कुछ हद तक अपनी धमक बरकरार रखी तो उद्धव ने मोदी और उनकी पार्टी से दूरी बनाकर सत्ता की चमक हासिल की। आठ महीने पहले हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथी रहे उद्धव हार गए तो राज कुछ खास नहीं कर पाए। अब जब दोनों भाइयों के पास खोने को कुछ नहीं रहा तो बीएमसी चुनाव से ठीक पहले हिंदी भाषा के विरोध के मुद्दे को सुलगा कर मराठी मानुष के बड़े शुभचिंतक के रूप में खुद को एक बार फिर से स्थापित करना चाहते हैं। दोनों का मकसद है कि बीएमसी उनके हाथ से जाने न पाए और दबदबा बरकरार रहे। जाहिर तौर पर दोनों के एक हो जाने और पवार और दूसरे मराठी नेताओं के उनके साथ खड़े हो जाने की सूरत में सता पक्ष के सामने एक नई चुनौती खड़ी हो जाएगी। उद्धव और राज की अगली पीढ़ियां भी चर्चाओं और विवादों के बीच राजनीति में खुद को स्थापित करने की जद्दोजहद में है। उम्मीद की जानी चाहिए कि भविष्य में उद्धव और राज का भाईचारे की बीच कोई नई ' दीवार 'सामने नहीं आएगी और दोनों भाइयों के साथ साथ उनके बेटों को भी इस नए आंदोलन से राजनीतिक संजीवनी मिलेगी।



**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## पीएम ने एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग की चर्चा की

# वैश्विक मंच पर योग जीवनशैली की गूंज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 123वें एपिसोड के माध्यम से देशवासियों को संबोधित करते हुए 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' की भव्यता और उसकी वैश्विक स्वीकृति को उजागर किया। उन्होंने कहा, ''आप सब इस समय योग की ऊर्जा और 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' की स्मृतियों से भरे होंगे।''
प्रधानमंत्री ने लोगों को याद दिलाया कि 10 साल पहले जब अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत हुई थी, तब किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि यह दिन वैश्विक चेतना और मानव कल्याण का इतना प्रभावशाली माध्यम बन जाएगा। उन्होंने कहा,



● वडनगर में 2121 लोगों ने एक साथ भुजंगासन कर नया कीर्तिमान रचा

''हर वर्ष यह आयोजन और भी भव्य होता जा रहा है, जो इस बात का संकेत है कि योग अब जीवनशैली का हिस्सा बनता जा रहा है। इस बार हमने योग दिवस की तस्वीरें कितनी आकर्षक देखी हैं।''
हिमालय की बर्फीली चोटियों पर आईटीबीपी जवानों द्वारा किए गए योग के बारे में बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा, ''हिमालय की ऊंचाइयों पर आईटीबीपी के जवानों ने साहस और साधना का अद्भुत संगम दिखाया। गुजरात के वडनगर में 2121 (इक्कीस सौ इक्कीस) लोगों ने एक साथ भुजंगासन कर नया रिकॉर्ड बनाया। न्यूयॉर्क, लंदन, टोक्यो, पेरिस जैसे दुनिया के प्रमुख शहरों से योग की शांति, स्थिरता और संतुलन से भरी तस्वीरें सामने आईं। इस साल की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' रही, जो 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना को जीवंत करती है। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस भव्य आयोजन से प्रेरित होकर ज्यादा से ज्यादा लोग योग को अपनाएंगे।

### विशाखापत्तनम से हिमालय तक, योग दिवस की गूंज

पीएम मोदी ने खासतौर से विशाखापत्तनम का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां के समुद्र तट पर तीन लाख लोगों ने एक साथ योग किया। उन्होंने कहा, "विशाखापत्तनम के समुद्र तट पर तीन लाख लोगों ने एक साथ योग किया। दो हजार से ज्यादा आदिवासी छात्रों ने 108 मिनट तक 108 सूर्य नमस्कार कर अनुशासन और समर्पण की मिसाल पेश की। नौसेना के जहाजों से लेकर हिमालय की चोटियों तक, योग की गूंज हर ओर सुनाई दी। दिल्ली के लोगों ने योग को स्वच्छ यमुना के संकल्प से जोड़ते हुए नदी तट पर योग किया। जम्मू-कश्मीर के चिनाब ब्रिज, जो दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल है, वहां भी लोगों ने योग किया।"

# भारत-नेपाल सीमा पर ब्राउन सुगर तस्कर संजय यादव गिरफ्तार

**एजेंसी। अररिया**



भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में ब्राउन सुगर तस्करी का मास्टरमाइंड संजय यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को इनकी लंबे अरसे से तलाश थी।बसमतिया थाना में एनडीपीएस समेत संगीन मामलों में इनके खिलाफ पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं।बसमतिया थाना पुलिस ने संजय यादव को बसमतिया बाजार से गिरफ्तार किया।इस बात की जानकारी फारबिसगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय में रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने दी। एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने बताया कि 29 मई 2025 को बसमतिया थाना क्षेत्र के बेला वार्ड संख्या आठ में चेकपोस्ट के समीप उमेश खत्वे उर्फ उमेश शर्मा पिता सोमी शर्मा उर्फ सोमी खत्वे को 205 ग्राम ब्राउन सुगर के साथ गिरफ्तार किया गया था। मामले में बसमतिया थाना में कांड संख्या 28/25 दिनांक 29 मई 2025 धारा 8(सी), 21(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तार उमेश शर्मा ने पूछताछ के क्रम में बताया था कि यह ब्राउन सुगर को तस्करी के लिए संजय यादव ने उसे दिया था।पुलिस इस मामले के अलावा अन्य मामलों में उनकी तलाश कर रही थी।

## कोलकाता गैंगरेप केस: टीएमसी ने मदन मित्रा को थमाया कारण बताओ नोटिस

**एजेंसी। कोलकाता**



कोलकाता के लॉ कॉलेज गैंगरेप मामले पर विवादित बयान को लेकर घिरे टीएमसी नेता मदन मित्रा की मुश्किलें थमती नजर नहीं आ रही हैं। टीएमसी ने मदन मित्रा को कारण बताओ नोटिस जारी किया और कहा कि उनका यह बयान पार्टी के कठोर रुख के खिलाफ है। पश्चिम बंगाल के तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष सुब्रत बख्शी ने कहा, "कोलकाता शहर में एक लॉ स्टूडेंट के साथ बहुत ही जघन्य और अत्यंत दुखद घटना घटी है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने दुखद और क्रूर यातना की इस अत्यंत संवेदनशील घटना पर दुख व्यक्त किया और इस घटना की कड़ी निंदा की है। प्रशासन आवश्यक कार्रवाई कर रहा है और दोषियों की त्वरित पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। सुब्रत बख्शी ने मदन मित्रा को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए आगे कहा, "इस मामले में 28 जून 2025 को आपके (मदन मित्रा) द्वारा किया गया अनुचित, अनावश्यक और असंवेदनशील बयान पार्टी की छवि को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाने वाला है। साथ ही, आपका यह बयान पार्टी के कठोर रुख के खिलाफ है। पार्टी अनुशासन भंग करने के इस व्यवहार के लिए आपको अगले तीन दिनों के भीतर कारण बताने का निर्देश दिया जाता है।

## बिहार पहला राज्य जहां ई-वोटिंग के जरिए हुआ मतदान : सम्राट चौधरी

**एजेंसी। पटना**



देश में पहली बार मोबाइल एप के जरिए वोटिंग हुई। शनिवार को बिहार के 26 जिलों की 42 नगर पालिकाओं के उपचुनाव हुए। कुल 62.41 फीसदी वोटिंग हुई। ई-वोटिंग, बूथ वोटिंग से अधिक दर्ज हुई। ई-वोटिंग के जरिए करीब 70 प्रतिशत मतदान हुआ। इस बीच, बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताई है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार के लिए यह खुशी का समय है। बिहार के नगर निकाय के चुनाव में ई-वोटिंग के जरिये 70 प्रतिशत मतदान हुआ। अपने आप में यह अनोखा प्रयोग है। बिहार पहला राज्य है जहां ई-वोटिंग के जरिये मतदान हो रहा है। इधर, सामाजिक सुरक्षा के मामले में भारत के दूसरे स्थान पर आने को लेकर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों का कल्याण हो रहा है। दरअसल, बिहार ने देश में पहली बार ई-वोटिंग करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। शनिवार को नगर निकाय आम चुनाव और उपचुनाव में ऑनलाइन निबंधित 70 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मोबाइल से ई-मतदान किया। चुनाव में पटना, बक्सर, रोहतास, सारण, बांका और पूर्वी चंपारण के विभिन्न नगर निकायों के मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

## 'मन की बात' में पीएम मोदी का आपातकाल पर प्रहार

# लोकतंत्र रक्षक वीरों को दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 123वें एपिसोड में कई महत्वपूर्ण विषयों पर देशवासियों से बात की। इनमें से एक अहम मुद्दा था 1975 में कांग्रेस शासनकाल के दौरान लगाया गया आपातकाल। इस दौरान पीएम मोदी ने देशवासियों को उस दौर की भयावहता और संकट से अवगत कराने के लिए विभिन्न नेताओं के ऑडियो संदेशों को भी सुनाया। इन ऑडियो के माध्यम से उन्होंने उस समय के हालात को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया, जब लोकतंत्र को कुचलने की कोशिश की गई थी। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा, "जन-भागीदारी की शक्ति से, बड़े-बड़े संकटों का मुकाबला किया जा सकता है।" इसके बाद उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी भाई देसाई के एक ऑडियो का उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने आपातकाल की क्रूरता को बयां किया। मोरारजी भाई ने कहा था, "आखिर ये जो जुल्म हुआ दो साल तक, जुल्म तो 5-7 साल से शुरू हो गया था। मगर वो शिखर पर पहुंच गया है दो साल में, जब लोगों पर इमरजेंसी थोप दी और अमानवीय बर्ताव किया गया। लोगों के स्वतंत्रता के हक छीन लिए गए, अखबारों को कोई स्वतंत्रता न रही। न्यायालय बिल्कुल निर्बल बना दिए गए। जिस ढंग से एक लाख से ज्यादा लोग जेल में बंद कर दिए, और फिर सरकार की मनमानी होती रही, उसकी मिसाल दुनिया के इतिहास में भी मिलना मुश्किल है।"
पीएम मोदी ने कहा कि मोरारजी भाई देसाई ने संक्षेप में, लेकिन बहुत ही स्पष्ट तरीके से इमरजेंसी के बारे में बताया है। आप कल्पना कर सकते हैं, वो दौर कैसा था। इमरजेंसी लगाने वालों ने ना सिर्फ हमारे संविधान की हत्या की बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी अपना गुलाम बनाए रखने का था।



● **जनता की विजय:** भारत की जनता ने लोकतंत्र के पक्ष में निर्णायक भूमिका निभाई और आपातकाल थोपने वालों को सत्ता से बाहर कर दिया।

इस दौरान लोगों को बड़े पैमाने पर प्रताड़ित किया गया था। इसके ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जिन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। जॉर्ज फर्नांडिस को जंजीरों में बांधा गया था। अनेक लोगों को कठोर यातनाएं दी गई। 'मीसा' के तहत किसी को भी ऐसे ही गिरफ्तार कर लिया जाता था। विद्यार्थियों को भी परेशान किया गया और अभिव्यक्ति की आजादी का भी गला घोंट दिया गया। पीएम मोदी ने इस दौरान भारत की जनता की अदम्य शक्ति की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि उस काले दौर में भी भारतीय जनता न झुकी, न टूटी, और न ही लोकतंत्र के साथ कोई समझौता किया। आखिरकार, जनता-जनार्दन की जीत हुई और आपातकाल को हटाने के साथ-साथ इसे थोपने वाली ताकतों को भी सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। इस संदर्भ में पीएम ने बाबू जगजीवन राम के एक ऑडियो का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा, "पिछला चुनाव, चुनाव नहीं था। भारत की जनता का एक महान अभियान था।

## 'मन की बात' में पीएम मोदी ने 'सामाजिक सुरक्षा लाभ' का किया जिक्र

**बरेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम को पूरे देश में बड़े चाव से सुना गया। पीएम मोदी ने आईएलओ की एक रिपोर्ट के हवाले से बताया कि कैसे सामाजिक सुरक्षा के मामले में देश ने प्रगति की है। उत्तर प्रदेश के बरेली में भी लोग मन की बात में शरीक हुए। उन्होंने भी इस बात को माना कि हालात बेहतर हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 123वें एपिसोड में बताया कि अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 64 प्रतिशत से अधिक आबादी (लगभग 95 करोड़ लोग) अब किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ उठा रही है। 2015 तक, केवल 25 करोड़ लोग ही सरकारी योजनाओं का लाभ ले पाते थे, जो दर्शाता है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने सामाजिक सुरक्षा के दायरे में उल्लेखनीय विस्तार किया है। यह उपलब्धि देश में सामाजिक-आर्थिक समावेशन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में बरेली की नूर फातिमा ने कहा, "हम पीएम मोदी की बात से इत्तेफाक रखते हैं। पीएम मोदी के कार्यकाल में सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। किसी भी योजना के लिए पहले जब आवेदन कराया जाता था तो उस वक्त रिश्वत मांगी जाती थी।

## मन की बात: पीएम मोदी ने आम से लोगों की खास उपलब्धियों का किया जिक्र

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देशवासियों के साथ 123वीं बार 'मन की बात' की। उन्होंने 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस', 'तीर्थ यात्राओं', भारत के 'ट्रेकोमा' मुक्त होने, देश में इमरजेंसी के 50 साल पूरे होने, 'अहिंसा सिल्क' अपनाने समेत कई मुद्दों से रूबरू कराया। प्रधानमंत्री ने कुछ आम से लोगों की खास उपलब्धियों का भी जिक्र किया। बताया कि कैसे मध्य प्रदेश की सुमा उइके, महाराष्ट्र के रमेश खरमाले जैसे लोगों के प्रयास से समाज और देश समृद्ध हो रहा है। पीएम मोदी ने 'मन की बात' के 123वें एपिसोड के दौरान मेघालय के एरी सिल्क का जिक्र किया और जीआई टैग मिलने पर बधाई दी। उन्होंने बताया कि एरी सिल्क मेघालय के लिए एक धरोहर की तरह है। यहां की जनजातियों ने खासकर खासी समाज के लोगों ने पीढ़ियों से इसे सहेजा है। मेघालय की महिलाएं अब सेल्फ हेल्प ग्रुप के जरिए अपनी इस धरोहर को आगे बढ़ा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 'महिला नेतृत्व विकास' पर बात करते हुए तेलंगाना के भद्राचलम की महिलाओं की सफलता की कहानी को बयां किया। उन्होंने कहा कि ये महिलाएं रोज़ी रोटी के लिए दिन-भर मेहनत करती थीं। आज वही महिलाएं, बाजरा, श्रीअन्न से बिस्किट बना रही हैं।

## शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, कार जब्त

**भागलपुर।** जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के सन्हौला मोड़ चेक पोस्ट के आगे ब्लॉक के पास से जगदीशपुर पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए कार सहित एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। वह कार से देसी शराब की खेप लेकर झारखंड से आ रहा था। शराब तस्कर की पहचान झारखंड गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट थाना अंतर्गत अमजोरा गांव निवासी दिलीप गोस्वामी के रूप में हुई। उल्लेखनीय है कि जगदीशपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार को रोका और उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान कर से 200 एमएल का 1200 पाउच देसी शराब बरामद किया गया। मौके से पुलिस ने शराब तस्कर को गिरफ्तार करते हुए कार को भी जप्त कर लिया।इस संबंध में थाना अध्यक्ष भाई शंकर ने बताया कि शराब तस्कर से पूछताछ की जा रही है। शराब की डिलीवरी कहां देना था, इसकी जानकारी ली जा रही है। इस गिरोह का पहचान कर उसे पर कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान थाना अध्यक्ष अभय शंकर, के साथ एस. आई. सुधीर कुमार, एस. आई. देवेंद्र कुमार, शैलेंद्र कुमार और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## अरविंद केजरीवाल हताशा और निराशा में गलत बयानबाजी कर रहे : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में झुग्गियों को तोड़े जाने के खिलाफ रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) के जंतर-मंतर पर विरोध-प्रदर्शन को लेकर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आप संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि केजरीवाल अपनी हताशा और निराशा में इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं, जिससे दिल्ली में अशांति फैलाने की कोशिश हो रही है। उन्होंने आप के विरोध-प्रदर्शन को दिल्ली की जनता द्वारा नकारे जाने की हताशा का नतीजा बताया। सचदेवा ने कहा, "दिल्ली की जनता ने आप को साफतौर पर नकार दिया है। इसके बावजूद केजरीवाल इस तरह के प्रदर्शनों और बयानों के जरिए माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। दिल्ली सरकार ऐसी किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं करेगी, जो शहर में अशांति पैदा करे। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली सरकार ने पिछले 100 दिनों के कार्यकाल में समाज के हर वर्ग को शामिल करने का प्रयास किया है, चाहे वह आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत हो या अन्य जनकल्याणकारी पहल।

## आज का राशिफल

**मेष :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**वृष :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। धार्मिक यात्रा का योग है।

**मिथुन :** चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, इ्क्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें।

**कर्क :** थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। शुभ कार्यों का तत्काल फल मिलेगा।

**सिंह :** पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेगी। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**कन्या :** प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी।

**वृश्चिक :** पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी इ्क्षचता रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है।

**धनु :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**मकर :** रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। राजकीय कार्यों से लाभ।

**कुंभ :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**मीन :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

## मुंबई हवाई अड्डे पर थाईलैंड से आए यात्री के पास से मिले 16 जिंदा सांप, गिरफ्तार

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर थाईलैंड से आए एक यात्री का पकड़ा गया है जिसके पास से केन्याई सैंड बोआ और होंडुरन मिल्क स्नेक सहित 16 जीवित सांप मिले हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार रात को थाईलैंड की राजधानी बैंकाक से मुंबई पहुंचने पर सीमा शुल्क कर्मचारियों ने यात्री को रोक लिया। उन्होंने बताया कि यात्री के सामान में 16 जीवित सांप मिले, जिनमें दो केन्याई सैंड बोआ, पांच राइनोसरस रैट स्नेक, तीन अल्बिनो स्नेक, दो होंडुरन मिल्क स्नेक , एक कैलिफोर्निया किंगस्नेक, दो गार्टर स्नेक और एक अल्बिनो रैट स्नेक शामिल थे। अधिकारी ने बताया कि वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो और सीमा शुल्क विभाग वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार सांपों को उनके मूल देश में वापस भेजने के लिए काम कर रहे हैं।

## पीएम 140 करोड़ लोगों को परिवार मानते हैं भेदभाव नहीं करते : उपमुख्यमंत्री

**एजेंसी। पटना**



अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सामाजिक सुरक्षा दायरे में आने वाले लोगों की संख्या तेजी से बढ़ी है। सामाजिक सुरक्षा में भारत दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों का परिणाम दिखने लगा है। पश्चिम बंगाल में दुष्कर्म मामले में ममता बनर्जी पर हमला करते हुए विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि उनको इस्तीफा दे देना चाहिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा, "निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साफ नीयत और सफल नीतियां स्पष्ट हैं। वे इस देश के 140 करोड़ लोगों को एक परिवार मानते हैं और देश के मान-सम्मान के लिए काम करते हैं, जिसका परिणाम अब दिखने लगा है।" वक्फ संशोधन बिल को लेकर गांधी मैदान में विरोध-प्रदर्शन के बारे में पूछे जाने पर विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राजद के लोगों के द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम में मुस्लिम समुदाय के ऐसे लोग हैं, जिनको कभी कुछ नहीं मिलता था, लेकिन गरीब उत्थान के नाम पर प्रधानमंत्री हर एक व्यक्ति का सहयोग कर रहे हैं। उनके विकास के लिए उनकी आने वाली पीढ़ी के लिए उत्थान के लिए काम कर रहे हैं। मुस्लिम समुदाय में इंसानियत होगी तो प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करके राष्ट्र की मजबूती के लिए काम करेंगे। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में लॉ की छात्रा से दुष्कर्म की घटना पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा, "पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बंगाल को बर्बाद कर रही हैं।

## पुरी रथयात्रा भगदड़ पर खड़गे-राहुल गांधी ने जताया दुख

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पुरी में गुंडिचा मंदिर के पास हुई भगदड़ पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दुख जताया है। खड़गे ने इस घटना में लापरवाही को अक्षम्य बताया। वहीं राहुल गांधी ने कहा कि जीवन की रक्षा सर्वोपरि है और इस जिम्मेदारी में कोई चूक स्वीकार्य नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा,'' महाप्रभु जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान भगदड़ मचने की घटना से बहुत दुखी हूं, जिसमें तीन लोगों की जान चली गई और कम से कम 50 लोग घायल हो गए। यह घटना शुक्रवार को यात्रा के दौरान 500 श्रद्धालुओं के घायल होने की खबर सामने आने के बाद हुई है। मेरी कामनाएं पीड़ितों के परिवारों के साथ हैं। मैं सभी घायल श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।"

## 'द इमरजेंसी डायरीज' का विमोचन, सरमा ने संविधान में संशोधन की मांग उठाई

**एजेंसी। असम**



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को 'द इमरजेंसी डायरीज' नामक पुस्तक का विमोचन किया। सरमा ने कहा कि आपातकाल की विरासत को हटाने का यह सही समय है, जिसमें संविधान में जोड़े गए धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद शब्द भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये शब्द मूल संविधान का हिस्सा नहीं थे और इन्हें हटा दिया जाना चाहिए, क्योंकि धर्मनिरपेक्षता सर्व धर्म समभाव के भारतीय विचार के खिलाफ है और समाजवाद कभी भी भारत की मूल आर्थिक दृष्टि का हिस्सा नहीं था।
पत्रकारों से बात करते हुए हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि आज हमने इमरजेंसी डायरी नामक पुस्तक का विमोचन किया, जिसमें आपातकाल के दौरान संघर्ष और प्रतिरोध के बारे में बताया गया है। जब हम आपातकाल की बात करते हैं, तो यह उसके बचे हुए प्रभाव को मिटाने का सही समय है, ठीक वैसे ही जैसे प्रधानमंत्री मोदी औपनिवेशिक शासन की विरासत को मिटाने का काम कर रहे हैं। आपातकाल के दो प्रमुख परिणाम हमारे संविधान में धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद जैसे शब्दों का जुड़ना था। मेरा मानना है कि धर्मनिरपेक्षता सर्व धर्म समभाव के भारतीय विचार के खिलाफ है। समाजवाद कभी भी हमारी आर्थिक दृष्टि नहीं थी, हमारा ध्यान हमेशा सर्वोदय अंत्योदय पर रहा है।
सरमा ने कहा, "इसलिए, मैं भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह इन दो शब्दों, धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद को प्रस्तावना से हटा दे, क्योंकि वे मूल संविधान का हिस्सा नहीं थे और बाद में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा जोड़े गए थे।

**साक्षात्कार** | डिजिटलीकरण से वैश्विक मंच पर भारतीय ज्ञान का विस्तार

# भारत ज्ञान आधारित विश्वगुरु बनने की ओर : शिंदे

● **शास्त्र संग्रहालय एवं अनुसंधान केंद्र' से प्राचीन ग्रंथों को बचाने की ऐतिहासिक पहल**

वाराणसी, 29 जून (हि.स.)। भारत अपनी प्राचीन सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और प्रचार-प्रसार की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठा रहा है। काशी की पवित्र भूमि पर देश का पहला 'शास्त्र संग्रहालय एवं अनुसंधान केंद्र' का शुभारम्भ हुआ है, जिसका उद्देश्य उद्देश्य वेदों, उपनिषदों, पुराणों और अन्य प्राचीन ग्रंथों का डिजिटलीकरण कर अगली पीढ़ियों तक ज्ञान का यह अनमोल भंडार पहुंचाना है। इस केंद्र की स्थापना को भारत को 'ज्ञान आधारित विश्वगुरु' बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम माना जा रहा है। इसी विषय पर महाराष्ट्र सरकार के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से बहुभाषी संवाद समिति 'हिन्दुस्थान समाचार' ने विशेष बातचीत की।
'शास्त्र संग्रहालय एवं अनुसंधान केंद्र' जैसी पहल की भूमिका और आवश्यकता पर बात करते हुए एकनाथ शिंदे ने कहा कि इक्कीसवीं सदी में भारत को ज्ञान के आधार पर विश्वगुरु बनने का जो सपना है, उसका मूल हमारे प्राचीन ग्रंथों और संस्कृतिक विरासत में निहित है। इन ग्रंथों में केवल धार्मिक सामग्री ही नहीं, बल्कि विज्ञान, दर्शन, जीवनशैली और संस्कृति की गहराइयां छिपी हैं। हमारे शास्त्र हमारी संस्कृति की आत्मा हैं। ये केवल धार्मिक नहीं, बल्कि जीवन शैली, विज्ञान और दर्शन का भी अद्भुत संगम हैं। यदि हम इन्हें संरक्षित नहीं करेंगे, तो अगली पीढ़ी यह कभी नहीं जान पाएगी कि भारत क्या था।
पुरातन ग्रंथों के संरक्षण में डिजिटलीकरण के महत्व और सरकार की भूमिका को लेकर शिंदे ने कहा कि काशी में देश के पहले संग्रहालय का शुभारंभ हुआ है, जो सिर्फ ग्रंथों के संग्रह का केंद्र नहीं होगा, बल्कि शोध, अध्ययन और उनके डिजिटल रूपांतरण का भी प्रमुख माध्यम बनेगा।



### प्राचीन ग्रंथों के संरक्षण में युवाओं की निर्णायक भूमिका

प्राचीन ग्रंथों के संरक्षण के इस कार्य में युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए शिंदे ने कहा कि युवाओं की भागीदारी इस प्रयास में निर्णायक होगी। यदि युवा हमारी संस्कृति, धर्मग्रंथों और स्थापत्य की गहराई को समझेंगे, तो वे इसे दूसरों तक भी पहुंचा सकेंगे। इस कार्य को जिस गति से करने की आवश्यकता है। उसके लिए युवा जोश और दृढ़ इच्छाशक्ति की जरूरत होगी। भारत एक युवा राष्ट्र है, यही युवा इसे ज्ञान में अग्रणी बना सकते हैं। इन युवाओं का कर्तव्य बनता है कि वो अपनी ऊर्जा से राष्ट्र को प्रगति की राह पर ले जाए।



## टी20 विश्व कप की जीत को याद कर इमोशनल हुए रोहित शर्मा

**नई दिल्ली।** भारत ने एक साल पहले 29 जून 2024 को पुरुष टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया था। यह खिताब भारत ने रोहित शर्मा की कप्तानी में जीता था जो साल 2007 में पहला टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। भारत के लिए साल 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद लंबे समय तक खिताबी सूखा रहा, जिसे आखिरकार 'रोहित एंड कंपनी' ने पिछले साल खत्म किया। रोहित ने 'जियो हॉटस्टार' पर कहा, "बारबाडोस हमेशा मेरी रगों में रहेगा। यह मेरे क्रिकेट करियर का सबसे गौरवपूर्ण क्षण है। उस ट्रॉफी को उठाना, आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 का चैंपियन बनना, यह सपना सच होने जैसा था। मैंने 2007 के टी20 विश्व कप में खेला था। हमने एमएस धोनी की कप्तानी में जीत हासिल की थी। अब राहुल द्रविड़ के हेड कोच के रूप में इसे फिर से जीतना इस टीम के लिए सबकुछ था।" रोहित शर्मा ने कहा, "हमने दिल टूटते देखा है। हम इतने करीब आ गए थे। इसलिए यह इतना खास था। हमने हर दिन काफी मेहनत की और योजना बनाई। जब हम आखिरकार जीते, तो सारी भावनाएं छलक पड़ीं। युवा खिलाड़ी, खासकर जो अपना पहला विश्व कप खेल रहे थे, उन्हें एहसास हुआ कि जीतना कितना कठिन है। कुछ भी आसानी से हासिल नहीं होता। यह जादुई था।" इस पर रोहित ने स्वीकार किया कि फाइनल से पहले की रात उन्हें ठीक से नींद नहीं आई और घबराहट के चलते काफी पहले ही जाग गए।



## ऑस्ट्रेलिया-वेस्टइंडीज सीरीज: दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रह सकते हैं स्टीव स्मिथ

**ब्रिजटाउन।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी खिलाड़ी स्टीव स्मिथ वेस्टइंडीज के खिलाफ ग्रेनेडा में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध रह सकते हैं। लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान स्मिथ को 'कम्पाउंड डिस्लोकेशन' हुआ था।
स्टीव स्मिथ ने पिछला हफ्ता न्यूयॉर्क में बिताया, जहां उन्होंने टेनिस बॉल और 'इनक्रेडी-बॉल' (एक सॉफ्ट क्रिकेट ट्रेनिंग बॉल) के साथ फिर से बल्लेबाजी शुरू की। स्टीव स्मिथ को अभी भी कुछ मेडिकल प्रोटोकॉल पूरे करने हैं, जिसमें ग्रेनेडा में मंगलवार का ट्रेनिंग सेशन निर्णायक होगा। हालांकि, हेड कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड को भरोसा है कि स्मिथ नंबर 4 पर वापसी करने के लिए फिट होंगे। एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा, "यह इंजरी वास्तव में ऊंगली के आसपास की कार्यक्षमता से जुड़ी है, न कि किसी और चीज से। स्मिथ वापस आ जाएंगे और मुझे लगता है कि वह खेलेंगे। अगले गेम से पहले, वह दो दिन मुख्य सत्र में हिस्सा लेंगे। वह (मैच से) एक दिन पहले ट्रेनिंग भी करेंगे। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो मुझे उम्मीद है कि स्टीव नंबर 4 पर फिर से खेलेंगे।" ऑस्ट्रेलियाई हेड कोच ने यह भी स्पष्ट किया कि स्मिथ अगर वापसी करते हैं, तो वह नंबर 4 से अपना बल्लेबाजी स्थान नहीं बदलेंगे, भले ही कैमरून ग्रीन नंबर 3 पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हों। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि हमने उन्हें नंबर 4 पर देखने को लेकर सहमति बना ली है। हम चाहें तो उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेज सकते हैं। वह नंबर तीन पर बेहतरीन रहे हैं, लेकिन मुझे लगता है कि अगर आप नंबर 4 पर उनके पिछले 12 महीनों के प्रदर्शन को देखें, तो वह यकीनन हमारे सबसे बेहतरीन बल्लेबाज हैं। हम उन्हें नंबर चार पर रखना चाहते हैं।
" ऑस्ट्रेलिया ने बारबाडोस में तीन मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट 159 रनों से जीतकर नए डब्ल्यूटीसी चक्र की शानदार शुरुआत की है। सीरीज का दूसरा टेस्ट तीन जुलाई से ग्रेनेडा में खेला जाएगा।



# मंधाना सभी प्रारूपों में शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं

**नई दिल्ली।** स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज में खेले गए पहले टी20 मैच में शतक लगाकर इतिहास रच दिया। वह तीनों प्रारूपों में शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं। वह हरमनप्रीत कौर के बाद टी20 शतक बनाने वाली दूसरी भारतीय महिला भी बन गई हैं। इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए मैच में मंधाना ने 62 गेंदों पर 15 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 112 रन की पारी खेली। इस पारी की बदौलत भारत ने 20 ओवरों में 210/5 का विशाल स्कोर बनाया। यह टी 20 मैचों में इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय महिला टीम का शीर्ष स्कोर है। भारतीय टीम ने 14.5 ओवर में इंग्लैंड को 113 रन पर समेट कर मैच 97 रन से जीता और पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। मंधाना नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर के सिर में चोट लगने की वजह से इस मैच में कप्तान भी थी।

## मिशेल ओवेन ने खोला 'पंजा' प्लेऑफ में वाशिंगटन फ्रीडम

**नई दिल्ली।** वाशिंगटन फ्रीडम ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 के 19वें मैच में जीत दर्ज की। इस टीम ने सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स को 12 रन से शिकस्त दी। इसी के साथ टीम ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई भी कर लिया है। सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स पहले ही अगले दौर के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। डलास में खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनते हुए वाशिंगटन फ्रीडम ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट गंवाकर 169 रन बनाए। टीम 30 रन तक अपने चार विकेट गंवा चुकी थी, जिसके बाद जैक एडवर्ड्स ने ग्लेन फिलिप्स के साथ मिलकर टीम को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 71 रन की साझेदारी हुई, जिसने टीम को संकट से बाहर निकाल दिया। एडवर्ड्स 42 गेंदों में इतने ही रन बनाकर आउट हुए।



## बबीता फोगाट ने की 'संडे ऑन साइकिल' में ली भागीदारी

**नई दिल्ली।** स्वच्छ भारत, फिट भारत के तहत रविवार को दिल्ली के कनॉट प्लेस के इनर सर्कल में साइकिल चलाकर 'फिट इंडिया' को सेलिब्रेट किया गया। इस दौरान भारत की पूर्व रेसलर बबीता फोगाट ने भी सबके साथ साइकिल चलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिट इंडिया मूवमेंट की शुरुआत की थी। इसके बाद यह एक बड़े अभियान के तौर पर देश में फिटनेस को लेकर जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहा है। खासकर रविवार को फिट इंडिया मूवमेंट के लिए फिटनेस इवेंट होते हैं, जहां आम जनों के साथ सेलिब्रिटिज की भागीदारी भी होती है। बबीता फोगाट ने इस अवसर पर कहा कि आज हम सब लोग फिट इंडिया मना रहे हैं और इसलिए सबके साथ साइकिल चलाई, क्योंकि फिट रहने से हमारा तन और मन दोनों ही शांत रहे की जरूरत।



## जम्मू-कश्मीर बनेगा देश का प्रमुख गोल्फ डेस्टिनेशन : उमर अब्दुल्ला




**श्रीनगर।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर को देश के प्रमुख गोल्फ स्थलों में से एक बनाने के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने यह टिप्पणी श्रीनगर में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान की, जहां गोल्फ टूर्नामेंट के विजेताओं और उपविजेताओं को सम्मानित किया गया। इससे पहले, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रॉयल स्प्रिंग्स गोल्फ कोर्स में गोल्फ खिलाड़ियों के साथ टूर्नामेंट का शुभारंभ किया, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला सहित देश भर के प्रतिष्ठित गोल्फ खिलाड़ियों ने भाग लिया। कश्मीर में गोल्फ खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उनकी उपस्थिति बेहद उत्साहजनक है। उन्होंने गोल्फ टूर्नामेंट और कश्मीर में पर्यटन हितधारकों की बातचीत के आयोजन के लिए फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "आप सभी को यहां देखकर हमें बहुत खुशी मिली है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि आपकी उपस्थिति हमारे प्रयासों को और मजबूत करने में बहुत मददगार साबित होगी। इसका उद्देश्य पर्यटन को पटरी पर लाना है, जो कि पटरी से उतर गया था।" हाल की चुनौतियों पर विचार करते हुए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बैसरन त्रासदी के बाद पर्यटकों में उत्पन्न आशंकाओं को स्वीकार किया। उन्होंने कहा, "मैं समझता हूं कि लोग यहां आने से क्यों डरते हैं। पहलगाम आंतकी हमले का उन लोगों के मन पर पड़ने वाले प्रभाव को समझता हूं। इसलिए आपकी यहां उपस्थिति बहुत महत्व रखती है आप जो संदेश अपने साथ लेकर जाते हैं, वह इस बात को और पुष्ट करता है कि हम क्या हासिल करना चाहते हैं, जो कि हम शायद नहीं कर सकते।

## सिएटल ओकार्स ने दर्ज की सीजन में दूसरी जीत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सिएटल ओकार्स ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) के 20वें मैच में लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स के खिलाफ पांच विकेट से जीत दर्ज की। यह सीजन में सिएटल ओकार्स की दूसरी जीत है, जो उसे लगातार पांच हार के बाद नसीब हुई। इसी के साथ टीम प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर है। वहीं, छठी हार के बाद लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स सबसे आखिरी पायदान से ऊपर उठ ही नहीं सकी है। डलास में खेले गए मुकाबले की बात करें, तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स ने चार विकेट खोकर 202 रन बनाए। उन्मुक्त चंद और आंद्रे फ्लेचर की सलामी जोड़ी के बीच 5.3 ओवरों में 39 रन की साझेदारी हुई। उन्मुक्त चंद 11, जबकि आंद्रे फ्लेचर 26 रन बनाकर पवेलियन लौटे। रदरफोर्ड भी पांच रन बनाकर चलते बने। टीम 48 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा चुकी थी। यहां से आंद्रे रसेल ने सैफ बदर के साथ मिलकर टीम को संभाला। दोनों खिलाड़ियों के बीच चौथे विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी हुई।



### बीडब्ल्यूएफ यूएस ओपन

## तन्वी और आयुष ने उलटफेर के साथ किया फाइनल में प्रवेश

**एजेंसी**

**काउंसिल ब्लफ्स।** बीडब्ल्यूएफ यूएस ओपन में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा ने यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा को मात दी। उनके अलावा 20 वर्षीय आयुष शेट्टी ने वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर-6 खिलाड़ी चोउ टिएन चेन को शिकस्त देकर अपने करियर के सबसे बड़े फाइनल में जगह बना ली है। दोनों ही खिलाड़ी बीडब्ल्यूएफ यूएस ओपन के अपने-अपने फाइनल में पहुंच गए हैं। महिला सिंगल इवेंट में तन्वी ने वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर-40 खिलाड़ी बुहरोवा को 21-14, 21-16 से हराकर मुकाबले को 34 मिनट में अपने नाम कर लिया। वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर-66 तन्वी शर्मा ने मई में डेनमार्क चैलेंज जीता था। वह पिछले साल ओडिशा मास्टर्स में सुपर 100 फाइनल में पहुंची थीं। बाई ने अपने 'एक्स' पोस्ट में तन्वी की तारीफ करते हुए लिखा, "वह जाल बिछाती हैं, और उसमें सबसे बेहतरीन भी फंस जाते हैं। हमारी 'टीन टाइटन' समझदार, होशियार, साहसी हैं। वह सधे हुए शॉट्स और बेखौफ खेल से हर रैली में दिल जीत रही हैं!" गुवाहाटी में बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में ट्रेनिंग लेने वाली तन्वी अब समिट क्लैश में चीन की विश्व की 21वें नंबर की खिलाड़ी बेइवेन झांग से भिड़ेंगी। वहीं, दूसरी ओर विश्व में 34वें नंबर के खिलाड़ी आयुष शेट्टी



ने ताइपे ओपन 2025 के सेमीफाइनल में चोउ से मिली हार का बदला चुकता किया। पहले गेम में मिली करीबी हार के बाद उन्होंने चोउ को 21-23, 21-15, 21-14 से हराया। अब फाइनल में शेट्टी का सामना ब्रायन यांग से होगा, जिन्होंने लियाओ झूओ फू पर 21-10, 21-12 से आसान जीत दर्ज की है। शेट्टी की नजरें अपने पहले वर्ल्ड टूर खिताब जीतने पर होंगी, क्योंकि यांग पर उनका रिकॉर्ड 2-0 है। बीडब्ल्यूएफ ने 'एक्स' पर लिखा, "16 वर्षीय तन्वी शर्मा और 20 वर्षीय आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन-2025 के सेमीफाइनल में सबका ध्यान अपनी ओर खींचा।" इससे पहले, तन्वी ने क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की पिचामोन ओपटनीपुथ को सीधे गेम में 21-18, 21-16 से हराया था, जो दुनिया की 58वें नंबर की खिलाड़ी हैं।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## नहीं थमी सोने की कीमत में गिरावट एक सप्ताह में 3,330 रुपये तक सस्ता



**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में गिरावट का दौर लगातार जारी है। सोने के भाव में आज 550 रुपये से लेकर 600 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट आ गई। हालांकि, चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। भाव में कमजोरी आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 97,420 रुपये से लेकर 97,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,300 रुपये से लेकर 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने की वजह से ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 1,07,800 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। साप्ताहिक आधार पर देखा जाए तो सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के बाद देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोने के भाव में 3,330 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी पिछले एक सप्ताह के दौरान 3,050 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो चुका है। सोने की तरह ही चांदी भी साप्ताहिक आधार पर गिरावट का शिकार हुई है।

## भारतीय सीमेंट सेक्टर की वॉल्यूम मई में 9 प्रतिशत बढ़कर 39.6 मिलियन मीट्रिक टन रही

**नई दिल्ली।** भारतीय सीमेंट सेक्टर की वॉल्यूम मई में सालाना आधार पर 9 प्रतिशत बढ़कर 39.6 मिलियन मीट्रिक टन हो गई है। यह जानकारी एक नई रिपोर्ट में मई में दी गई। आईसीआरए की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 26 के पहले दो महीनों में सीमेंट सेक्टर में सकारात्मक रुझान जारी रहा, जिससे वॉल्यूम 8 प्रतिशत बढ़कर 78.7 मिलियन मीट्रिक टन हो गई है। वित्त वर्ष 2025 में सीमेंट वॉल्यूम में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और कुल उत्पादन 453.0 मिलियन मीट्रिक टन रहा है। आईसीआरए ने वित्त वर्ष 2026 में 6-7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है, जिसमें वॉल्यूम 480-485 मिलियन मीट्रिक टन तक पहुंचने की उम्मीद है। मई 2025 में सीमेंट की औसत कीमतों में सालाना आधार पर 8 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो 360 रुपए प्रति बैग तक पहुंच गई है, जबकि वित्त वर्ष 2026 के पहले दो महीनों के लिए कीमतें सालाना आधार पर 7 प्रतिशत बढ़ी हैं। आईसीआरए का मानना है कि सीमेंट कंपनियों के सैंपल सेट के परिचालन मार्जिन में 80-150 आधार अंकों (बीपीएस) का सुधार हो सकता है।

### तेजी से बढ़ रहा भारत का खुदरा व्यापार उघोग

# 10 प्रतिशत पहुंच सकता है खुदरा वृद्धि दर: आरएआई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत का रिटेल सेक्टर तेजी से आगे बढ़ रहा है और आने वाले महीनों में इसके और तीव्र गति से बढ़ने की उम्मीद है, यह जानकारी रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आरएआई) की ओर से दी गई। मौजूदा समय में भारत के रिटेल सेक्टर की वैल्यू करीब 900 अरब डॉलर है। आरएआई के अनुसार, देश का रिटेल सेक्टर वर्तमान में 5 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, जल्द ही यह गति पकड़ेगा और 9 से 10 प्रतिशत की वृद्धि दर पर पहुंच जाएगा। आरएआई के सीईओ



कुमार राजगोपालन ने कहा कि महामारी के ठीक बाद, रिटेल सेक्टर ने 20 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ जोरदार वापसी की है। उन्होंने कहा, "हालांकि, पिछले एक साल में वृद्धि दर धीमी होकर लगभग 5 प्रतिशत रह गई। लेकिन, अब बाजार स्थिर होने, उपभोक्ताओं द्वारा अधिक खर्च करने और सही उपभोक्ता आधार के साथ, यह सेक्टर एक बार फिर तेजी से विकास के संकेत दे रहा है।" आरएआई के 62वें खुदरा व्यापार सर्वेक्षण के अनुसार, मई 2025 में भारत भर में रिटेल बिक्री में पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह कई महीनों तक बिक्री में 4 से 5 प्रतिशत की मध्यम वृद्धि के बाद एक महत्वपूर्ण सुधार है। क्षेत्रवार आधार पर, दक्षिण भारत ने मई में रिटेल बिक्री में 9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सबसे अधिक बढ़त हासिल की। रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिमी भारत में रिटेल बिक्री में 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि उत्तरी और पूर्वी क्षेत्रों में क्रमशः 6 प्रतिशत और 4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। विभिन्न सेगमेंट में, क्विक सर्विस रेस्तरां (क्यूएसआर) ने 10 प्रतिशत की सबसे अधिक वृद्धि दिखाई है। फर्नीचर के साथ-साथ कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और इलेक्ट्रॉनिक्स ने भी 8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अच्छा प्रदर्शन किया। राजगोपालन ने कहा कि यह वृद्धि दर्शाती है कि लोग अब अधिक खर्च करने को तैयार हैं। उपभोक्ता भावना में सुधार से रिटेल बिक्री में और तेजी आ सकती है और निकट भविष्य में यह क्षेत्र दोहरे अंकों की वृद्धि के करीब पहुंच सकता है।

## 220 मेगावाट की सौर परियोजना को किया गया चालू

**मुंबई।** एनटीपीसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड ने रविवार को घोषणा की कि उसने मध्य प्रदेश में 220 मेगावाट की शाजापुर सौर परियोजना को पूरी तरह से चालू कर दिया है। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा, "हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि सफल कमीशनिंग के परिणामस्वरूप, मध्य प्रदेश के शाजापुर में एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड की 220 मेगावाट शाजापुर सौर परियोजना में से 120 मेगावाट के तीसरे और अंतिम चरण का 29को से वाणिज्यिक संचालन शुरू कर दिया गया है।"

## शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से 9 का मार्केट कैप 2.34 लाख करोड़ रुपए बढ़ा

**एजेंसी। मुंबई**

भारत की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण में इस हफ्ते 2.34 लाख करोड़ रुपए की संयुक्त वृद्धि हुई है। इसकी वजह शेयर बाजार का अच्छा प्रदर्शन था। इस हफ्ते निफ्टी 525.40 अंक या 2.09 प्रतिशत बढ़कर 25,637.80 और सेंसेक्स 1,650.73 अंक या 2.00 प्रतिशत बढ़कर 84,058.90 पर बंद हुआ। शेयर बाजार के बढ़ने की वजह ईरान-इजरायल के बीच संघर्ष समाप्त होने और वैश्विक स्तर पर स्थिरता को माना जा रहा है। 23 से 27 जून के कारोबारी सत्र में भारती एयरटेल का मार्केट कैप 51,860.65 करोड़ रुपए बढ़कर 11.56 लाख करोड़ रुपए हो गया है। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 37,342.73 करोड़ रुपए बढ़कर 15.44 लाख करोड़



रुपए हो गया है। बजाज फाइनेंस के बाजार पूंजीकरण में 26,037.88 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई, जिससे इसका कुल मार्केटकैप 5.88 लाख करोड़ रुपए हो गया।
आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्य 24,649.73 करोड़ रुपए बढ़कर 10.43 लाख करोड़ रुपए हो गया है। एलआईसी का मार्केटकैप भी 13,250.87 करोड़ रुपए बढ़कर 6.05 लाख करोड़ रुपए हो गया है।

## एएआईबी एयर इंडिया प्लेन क्रैश हादसे में तोड़फोड़ के एंगल से भी कर रही जांच : केंद्रीय मंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा है कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) एयर इंडिया एआई 171 दुर्घटना में तोड़फोड़ सहित सभी एंगल्स की जांच कर रहा है और इस पर तीन महीने में रिपोर्ट आने की उम्मीद है। 'इमर्जिंग बिजनेस कॉन्क्लेव' के पुणे चैप्टर में एनडीटीवी से बात करते हुए, मोहोल ने कहा कि एएआईबी द्वारा सभी एंगल्स से जांच की जा रही है, जिसमें किसी भी संभावित तोड़फोड़ की संभावना भी शामिल है। सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा की



जा रही है और कई एजेंसियां इसमें शामिल हैं।"
केंद्रीय मंत्री ने दुर्घटना को "दुर्लभ मामला" बताया, जिसमें 270 से अधिक लोग मारे गए। उन्होंने अनुभवी पायलटों और विशेषज्ञों के दावों का जिक्र करते हुए कहा, "ऐसा कभी नहीं हुआ है कि दोनों इंजन एक साथ बंद हो गए हों।" केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि दोनों इंजन का खराब होना दुर्घटना का कारण हो सकता है। मोहोल के अनुसार, फ्लाइट एआई 171 का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है और यह एएआईबी की हिरासत में है और जांच पूरी तरह से देश के भीतर ही की जाएगी।
उन्होंने कहा, "इन उपकरणों को गहन मूल्यांकन के लिए देश के बाहर नहीं भेजा जाएगा।"

### बारिश से सड़क और कल्वर्ट हुए क्षतिग्रस्त

# कई गांवों में वाहनों से आवागमन हुआ बाधित

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय के उत्तर-पूरब दिशा के कई गांवों का बरसात की वजह से सड़क और पुल के क्षतिग्रस्त होने के कारण वाहनों से आवागमन बाधित हो गया है। इनमें इस प्रखंड के खासकर मोहम्मदगंज-महुडंड पथ से जुड़े रामनगर, राजनडीह, झरीवा, नदीपर, गोलापत्थर, माहुर, भरूही के अलावा हुसैनाबाद प्रखंड के भी कई गांव इसमें शामिल बताए जाते हैं। जहां वाहनों से पहुंचने के लिए राजनडीह से महुडंड तक पीएमजीएसवाई के तहत सड़क मार्ग की सुविधा उपलब्ध कराई गई। मगर उसकी स्थिति काफी दयनीय हो गई है। इसमें झरीवा मोड़ से नदीपर मोड़ तक का आरंभ में ही पक्कीकरण नहीं हुआ था। जिस पर बारिश की वजह से पैदल आवागमन करना भी आसान नहीं होता है। जबकि मुख्य नहर के दायीं किनारे से पदारथडीह होकर काशीस्त्रोत रेलवे पुल के नीचे से राजनडीह गांव तक भी पहुंच पाना मुश्किल हो गया है। वहीं, रामनगर के ग्रामीणों के श्रमदान से बनी कच्ची सड़क में राजबारा नदी पर बना कल्भर्ट पहली ही भारी बारिश में टूट गई है। ऐसी स्थिति में वाहनों की सुविधा से प्रखंड व अनुमंडल कार्यालय, बाजार, हॉस्पिटल, रेलवे स्टेशन और कादलकर्मी-दंगवार वाया जपला मुख्य पथ तक आवागमन बाधित हो गया है। इस प्रकार आजादी के वर्षों बाद भी उक्त गांव के ग्रामीण बरसात में वाहनों से आवागमन के लिए सुगम मार्ग को तरस रहे हैं। रामजन्म राम, सुशील कुमार मेहता, विनोद यादव, सत्येंद्र यादव, विजय, अंगद, अभिषेक, दीपक, अंशु, रितिक, और आकाश सहित अन्य कई ग्रामीणों ने उक्त गांवों में आवागमन को सुगम बनाने की दिशा में सकारात्मक व ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।



## बारिश में खपरैल का कच्चा मकान हुआ ध्वस्त

**भवनाथपुर।** प्रखंड के भवनाथपुर पंचायत के ढ़ेकुलिया में बारिश में गरीब अजीत ठाकुर का खपरैल का कच्चा मकान का खपड़ा बांस टूट कर गिर गया। मकान गिरने से घर में रखा हुआ राशन और अन्य सामान मलबे के नीचे दब गया। फिलहाल वह घर के आंगन में प्लास्टिक का तिरपाल बनाकर उसके नीचे पत्नी और छोटे छोटे बच्चों के साथ रात गुजारने को विवश है। दो कमरों के कच्चे मकान में अजीत ठाकुर अपने पूरे परिवार के साथ रह रहा था, जो बारिश के कारण एक कमरा तो पूरी तरह जर्जर हो गया है। इसमें सोना बैठना तो दूर अंदर घुसना खतरे से खाली नहीं है। वहीं दूसरा कमरा भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। मालूम हो कि मजदूरी करने वाले अजीत किसी तरह दो जून की रोटी व्यवस्था कर पाता है। घर क्षतिग्रस्त होने से पूरे परिवार बरसात में बेघर हो गया है। अब अजीत को चिंता सताने लगा है, कि उसकी इतनी आमदनी नहीं है, कि वह अपने परिवार के लिए एक सुरक्षित आशियाना बना सके।

## बारिश से जलजमाव परेशानी का सबब बनी



**मोहम्मदगंज।** भारी बारिश से जलजमाव के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। स्टेशन रोड में नहर पुल पर नाला बहने लगता है। जबकि स्कूल और बैंक परिसर भी प्रभावित हो जाता है। बताया जाता है कि इस क्षेत्र से नाला का इंतजाम नहीं होने से थोड़ी सी बारिश में ही जलजमाव लोगों की परेशानी का सबब बन जाती है। मुख्य नहर के दायीं किनारे से पदारथडीह और साप्ताहिक बाजार के पास कादलकर्मी-दंगवार मुख्य पथ से किशुनडीह पहुंचना मुश्किल भरा बन जाता है। इन दोनों गांव को मुख्य पथ से जोड़ने के लिए अबतक पक्की सड़क नहीं बनी है। जबकि इनके रास्तों से अन्य कई गांवों तक आवागमन किया जाता है। जहां के ग्रामीणों के लिए भारी बारिश राह को और कठिन बना देती है।

## ग्रामीणों ने निजी खर्च से कराई सरकारी चापानल की मरम्मत



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय पंचायत अंतर्गत राजनडीह में ग्रामीणों ने 10 दिनों से खराब पड़े चापानल की रविवार को खुद के खर्च मरम्मत कराई। इस दिशा में पहल पंसस ममता देवी ने की। उन्होंने बताया कि चापानल खराब रहने की शिकायत के बावजूद विभागीय स्तर से इसकी मरम्मत नहीं कराई गई। इस पर पेयजल को लेकर परेशानी को देखते हुए ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से इसकी मरम्मत करा दी। इसमें भोला मेहता (मिस्त्री) के अलावा सतन, परीखा, सूर्या, पिंटू, बचन और अधीनता रजवार सहित सुशील कुमार मेहता व अन्य कई ग्रामीण शामिल थे। युवा समाजसेवी सुशील कुमार मेहता ने कहा कि इस चापानल के खराब हालत की सूचना पर विभागीय स्तर से जवाब मिला की मरम्मती वाहन बरसात को लेकर बंद कर दिया गया है। वैसे, भी इस गांव में आने-जाने के लिए बरसात की वजह से रास्ता भी खराब है। ऐसे में बरसात बाद ही खराब चापानल की मरम्मत संभव होगा। तबतक इंतजार करना पड़ेगा। ऐसी हालत में ग्रामीणों ने खुद से इस चापानल की मरम्मत कराकर पानी की कठिनाई को दूर कर लिया। इसके लिए आपस में राशि एकत्रित कर निजी मिस्त्री को बुलाया। जिनसे मरम्मत कराई और चापानल को चालू करवा कर सराहनीय कदम उठाए।

### मानसून के शुरू में अच्छी बारिश से किसानों में खुशी

# किसान पारंपरिक कृषि के बजाय आधुनिक खेती से आत्मनिर्भर बनें : अमृतेश कु. सिंह

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिले में मानसून की इंट्री शानदार रही है। जिले के लगभग सभी इलाकों के चैक डैम, नाला, तालाब, डौभा पानी से लबालब भर चुका है। किसान खेती की तैयारी में जुट चुके हैं। वहीं कृषि विभाग भी किसानों को बीज उपलब्ध कराने को लेकर सक्रिय हो गया है। खरीफ बोवाई के लिए मुख्य फसल धान-मक्का सहित दलहन व तिलहन का लक्ष्य जिले के लिए तय कर दिया है। इस साल जिले में धान की बुआई का लक्ष्य 14000 हेक्टेयर, मक्का 2000 हेक्टेयर, अरहर 500 हेक्टेयर, उरद 250 हेक्टेयर, मुंगफली 133 हेक्टेयर और मूंग 50 हेक्टेयर में लगाने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में इस वर्ष 50 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को बीज विभाग के द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानो के लिए जिले को इस बार 1480 क्विंटल धान, 400 क्विंटल मक्का, 100 क्विंटल अरहर, 50 क्विंटल उरद, 100 क्विंटल मुंगफली व 50 क्विंटल मूंग उपलब्ध कराया जा रहा है।

जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश कुमार सिंह ने कहा कि जिले को खेती के क्षेत्र में एक अलग पहचान दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहा हैं। हमारी कोशिश है कि किसान पारंपरिक खेती को आधुनिक तरीके से करें और आत्मनिर्भर बन सके। किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर विभाग के द्वारा बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। यह बीज किसान लैम्पस, एफपीओ, अनुज्ञपतिधारी खुदरा विक्रेता के पास से ले सकते हैं। साथ ही उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि बेहतर फसल उगाने के लिए आधुनिक तरीके और आधुनिक विधि से खेती करें, जिससे आपको अच्छी फसल मिल सके।

## प्रत्यक्षण के लिए 100 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा बीज



जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश कुमार सिंह ने बताया कि बिरसा फसल विस्तार योजना और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत किसानों को आधुनिक विधि से खेती करने को लेकर प्रत्यक्षण के लिए भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिले को 30 क्विंटल मूंगफली, 25.75 क्विंटल धान, 57.60 क्विंटल मडुआ, 106 क्विंटल अरहर, 132 क्विंटल उरद, 7.50 क्विंटल मूंग और 8 क्विंटल मक्का किसानों के बीच वितरण का लक्ष्य रखा गया है। बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत कुल 366 क्विंटल बीज किसानों के बीच वितरण किया जाएगा।

## जपला स्टेशन पर चला सघन टिकट चेकिंग अभियान

**हुसैनाबाद।** डीडीयू रेल मंडल के जपला स्टेशन पर सीटीआई दीपक कुमार व आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा के नेतृत्व में मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें टिकट जांच कर्मी, वाणिज्य निरीक्षक/पर्यवेक्षक सहित सभी वाणिज्य अधिकारी व आरपीएफ कर्मी उपस्थित रहे।इस दौरान डेहरी ऑन सोन-बरवाडीह शटल पैसेंजर, डीजीआर व बीडीएम पैसेंजर ट्रेनों को लक्ष्य कर गहन जांच किया गया तथा बिना टिकट/अनुचित टिकट पर यात्रा करते हुए पकड़े गए व्यक्तियों से नियमानुसार जुर्माने की राशि वसूल की गयी। बिना टिकट यात्रा करने वालों को नियमित टिकट लेकर चलने हेतु प्रेरित किया गया। सीटीआई दीपक कुमार ने बताया कि इस तरह के टिकट चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेंगे। सभी से अनुरोध है कि सदैव उचित टिकट लेकर संबंधित श्रेणी के कोच में ही यात्रा करें एवं अन्य यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखें।मौके पर आरपीएफ के एसआई कार्तिक बिंझा, जेपी प्रसाद, टीटीई आशीष कुमार, मुकेश कुमार मित्रा, रविंद्र कुमार समेत कई कर्मी मौजूद थे।

# मजदूर की पिटाई करने वाला पुलिस का जवान हुआ सस्पेंड



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** शहर के गंदौरी मंदिर के समीप एक होटल के बाहर पुलिस के जवान और मजदूर के बीच मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया में रविवार को वायरल हुआ है। सिविल ड्रेस में एक जवान एक मजदूर के साथ मारपीट कर रहा था। होटल के बाहर बाइक पार्किंग के दौरान बहस के बीच मारपीट हुई थी। यह घटना शनिवार शाम की थी। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद चतरा एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने संज्ञान लिया और आरोपित जवान को सस्पेंड कर दिया है।

सदर थाना में तैनात जैप का जवान मनीष कुमार सिविल ड्रेस में था। आसपास के लोगों ने बीच बचाव भी किया इसके बावजूद उसने मारपीट की थी। जैप जवान मनीष अपने साथी अंकित कुमार के साथ बुलेट से यहां आया था। एक मजदूर बुलेट के पीछे अपनी बाइक लगा दी थी। जिसके बाद मारपीट हुई। इस बारें में चतरा एसपी ने कहा कि सदर थाना प्रभारी को जांच करने का निर्देश दिया है। पुलिस जवान की आम जनता के प्रति अमर्यादित व्यवहार को देखते हुए उसे सस्पेंड कर दिया गया है।

## पेज एक के शेष

### बारिश, जलभराव और...

ताकि मुआवजा शीघ्र मिल सके। उल्लेखनीय है कि 19 जून को भी सरकार ने भारी बारिश को लेकर राज्यव्यापी एडवाइजरी जारी की थी, जिसमें क्या करें और क्या न करें को लेकर भी निर्देश दिए गए थे। साथ ही सभी जिलों को सख्त निगरानी के आदेश दिए गए। उसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए रविवार को मंत्री ने फिर एक बार उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के बाद सभी जिलों को यह निर्देश दिया है कि बचे हुए जिलों में भी मुआवजा वितरण जल्द पूरा किया जाए और कहीं भी कोई पीड़ित परिवार राहत से वंचित न रहे। मैं स्वयं पूरी प्रक्रिया की मॉनिटरिंग कर रहा हूं। यह मेरी जवाबदेही है और मैं 24x7 अलर्ट मोड में हूं। विभाग का हर अधिकारी, हर कर्मचारी, जमीनी स्तर पर सक्रिय है।

### राज्य के कई...

कुछ जिलों में बहुत भारी बारिश होगी, तो कुछ जिलों में अत्यंत भारी बारिश होगी। वहीं सोमवार को राज्य के पश्चिमी सिंघभूम, वसमडेगा, खूंटी और गुमला में कहीं-कहीं पर अत्यधिक भारी बारिश की संभावना है। जिसे लेकर मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया है। रांची के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

### गुंडिचा मंदिर के...

चुनौतीपूर्ण हो गया। ज्ञात हो कि रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की मूर्तियों वाले तीन भव्य रथों को भारी भीड़ द्वारा खींचा जाता है। ये रथ गुंडिचा मंदिर तक ले जाए जाते हैं, जहां तीनों देवता एक सप्ताह तक रहते हैं और फिर जगन्नाथ मंदिर लौटते हैं।

### सीएम माझी ने...

मोहन चरण माझी ने भगदड़ को लेकर जांच का आदेश भी दिया है। सीएम ने एक्स पर लिखा, मैंने सुरक्षा चूक की तत्काल जांच के आदेश दिए हैं और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले, बीजू जनता दल के प्रमुख नवीन पटनायक ने भी पुरी भगदड़ पर दुख जताया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, मैं सारधाबली, पुरी में हुई दुखद भगदड़ में जान गंवाने वाले तीन भक्तों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और इस विनाशकारी घटना में घायल भक्तों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए महाप्रभु जगन्नाथ से प्रार्थना करता हूं।

### खूंटी में काडेतुबिद...

हथियारबंद लोगों ने बलराम के भांजा आचू मुंडा से भी मारपीट कर घायल कर दिया। हमलावर लगभग 20 मिनट तक घर में रहे और इस दौरान न केवल हमला किया, बल्कि घर में रखे धान के बोरे फाड़ दिए और अन्य सामानों को भी तोनो से काटकर क्षतिग्रस्त कर दिया। बलराम मुंडा के निधन पर खूंटी जिला भाजपा ने गहरी संवेदना प्रकट की है। शोक प्रकट करने वालों में पूर्व सांसद कड़िया मुंडा, अर्जुन मुंडा, प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा, पूर्व विधायक कोचे मुंडा, जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष बिनोद नाग कैलाश राम, गंदौरी गुड़िया आदि शामिल हैं।

### कोडरमा के जयनगर...

मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। ज्ञात हो कि जयनगर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में हाथियों का यह पहला आतंक नहीं है। विगत एक वर्षों में लगभग आधा दर्जन से अधिक व्यक्तियों को हाथियों ने अपना शिकार बनाया है।

### पीआरएस से अब...

वाली ट्रेनों के लिए चार्ट एक दिन पहले रात 09:00 बजे ही तैयार कर लिया जाएगा। इससे वेटलिस्ट यात्रियों को पहले से स्थिति की जानकारी मिल सकेगी और वैकल्पिक व्यवस्था करने का समय भी मिलेगा। एक जुलाई से तत्काल टिकटों की बुकिंग अब केवल प्रमाणित यूजर्स ही कर सकेंगे। इसके लिए आधार या कोई अन्य सरकारी पहचान पत्र की पुष्टि डिजीलॉकर के माध्यम से की जाएगी। जुलाई के अंत से इसमें ओटीपी आधारित प्रमाणीकरण भी अनिवार्य होगा। इससे बुकिंग प्रक्रिया अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनेगी। रेलवे मंत्रालय के अनुसार, ये सभी सुधार स्मार्ट टिकटिंग, यात्रियों की सुविधा, और डिजिटल भारत की दिशा में उठाए गए अहम कदम हैं। रेलवे लगातार अपने सिस्टम को आधुनिक और नागरिकों के अनुकूल बनाने की दिशा में कार्यरत है।

### छात्रावास की छत...

कोवाली थाना प्रभारी धनंजय पासवान समेत प्रशासनिक पदाधिकारी राहत और बचाव कार्य में जुट गए। ग्रामीणों और प्रशासन की मदद से रस्सियों के सहारे सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और ऊंचे स्थान पर शिफ्ट किया गया। रातभर चले इस रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान बच्चों के परिजनों और गांववालों में भी भय और चिंता का माहौल बना रहा। इधर, गुड़रा नदी का जलस्तर अत्यधिक बढ़ जाने से कई महत्वपूर्ण पुल-पुलियों के ऊपर से पानी बहने लगा है। इससे क्षेत्र का आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। नदीढीपा गांव में भी बारिश का पानी घुसने से बाढ़ की स्थिति बन गई है। गांव के कई घरों में पानी भर गया है। कई बकरियां बह गई हैं। एक कार भी पानी की तेज धार में बह गई। इसी तरह, प्राथमिक विद्यालय खड़बंध में भी नदी का पानी लबालब भर गया और स्कूल परिसर में घुस गया है। ग्रामीण इस प्राकृतिक आपदा से भयभीत हैं। प्रशासन ने बताया कि राहत कार्य लगातार जारी है और जलस्तर सामान्य होने तक सभी प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर ठहराया जाएगा।

### वीर सेनानियों को...

मुझे आप पर गर्व है। आप भारत की अखंडता, वीरता, संपूर्णता के प्रतीक 'ऑपरेशन सिंदूर' के महान वीर हैं। हम भारतीय वीर सेनानियों का सादर अभिवादन करते हैं। यह देश के प्रति आपके समर्पण, निडरता एवं वीरता से ही संभव हो पाया है। शाबाश वीर सेनानियों। साधुवाद! यशस्वी भव!

# पंसस अयूब खान ने अधूरे पड़े फुट ब्रिज कार्य का लिया जायजा

### छह महीने में तैयार होना था फुटब्रिज



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के कामता पंचायत समिति सदस्य अयूब खान ने रविवार को टोरी के पूरब में नई रेल लाईन और स्टेशन के पश्चिमी छोर में अधूरे पड़े फुट ब्रिज कार्य का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि टोरी में रेलवे विभाग की दोहरी नीति व चुप्पी का खामियाजा सैकड़ों छात्र छात्राएं तथा ग्रामीण भुगत रहे हैं। स्टेशन के पश्चिम में फुट ब्रिज का कार्य करीब छः महीने से अधिक समय से बंद पड़ा हुआ है। वहीं कोयला ढुलाई के लिए टोरी के पूरब में एक किलोमीटर तक नई रेलवे लाईन बिछाने का कार्य करीब एक माह में पूर्ण हो गया है। इस लाईन पर मालगाड़ी का परिचालन शुरू है, जबकि जन सरोकार से जुड़ी फुट ब्रिज का कार्य को रेलवे ने छः माह से लटकाकर रखा है। इसपर विभाग उदासीन है। फुट ब्रिज बनने वाले मार्ग पर प्रखंड कार्यालय, अस्पताल, स्कूल, कॉलेज आने जाने का अहम रास्ता है, रोजाना सैंकड़ों छात्र-छात्राएं तथा ग्रामीण स्कूल कॉलेज, प्रखंड कार्यालय जान जोखिम मे डालकर रेल की पटरियों को पार कर तथा मालगाड़ी के नीचे से होकर गुजरना पड़ता है जिससे प्रखंड वासियों में रोष व्याप्त है। अयुब खान ने कहा कि इस समस्या की जानकारी डीआरएम धनबाद, जीएम हाजीपुर को रहने के बाद भी रेलवे विभाग की दोहरी नीति और चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण है।

### धुरकी थाना परिसर में मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की गई बैठक

# प्रशासन के गाइडलाइंस के मुताबिक शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम का जुलूस निकाले : सीओ

नवीन मेल संवाददाता

**धुरकी।** धुरकी थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर सगमा और धुरकी प्रखंड के सभी समुदाय के प्रबुद्धजनो और पंचायत के मुखिया, जनप्रतिनिधी एवं ताजिया अखाड़ा रखने वाले लाइसेंस धारियों के साथ रविवार को शांति समिती की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनो प्रखंड के सीओ जुल्फिकार अंसारी पुलिस निरीक्षक रत्न कुमार सिंह मुख्य रूप से शामिल थे। इस बैठक अंचल अधिकारी ने कहा की मुहर्रम सहादत के तौर पर मनाया जाता है, वहीं इस दौरान पुलिस प्रशासन भी सुरक्षाबलो के साथ तैनात रहता है। उन्होने कहा की प्रशासन को जो गाइडलाइंस है उसी मुताबिक शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम का जुलूस निकाले। उन्होने कहा की किसी भी तरह का वाद-विवाद ना हो इसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन के अलावा समुदाय विशेष की मुख्य भुमिका रहती है। वहीं पुलिस निरीक्षक रत्न कुमार सिंह ने कहा की मुहर्रम के दौरान सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर है उन्होने कहा की कोइ भी मैसेज या भावनाओ को ठेस पहुंचाने वाले किसी भी तरह के कंटेंट को बढ़ावा नही दें। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने कहा की जुलुस को शांतिपूर्ण सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने की सबकी जिम्मेदारी है, थाना प्रभारी पुर्व की तरह अपने निर्धारित मार्ग और रास्ते से ही जुलुस निकालें विवाद ना करें। उन्होने कहा लाउडस्पीकर का प्रयोग कर जुलुस निकालें, पुलिस सभी जगहों पर तैनात रहेगी। वहीं शांति समिती बैठक का संचालन झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष इसराइल खान ने किया। इस दौरान कांग्रेस नेता मोबीन अंसारी, भाजपा नेता दामोदर जायसवाल, सदर पंचायत के मुखिया महबूब अंसारी, सगुनी राम विधायक प्रतिनिधी लक्षमण यादव, बीडीसी प्रतिनिधी कमलेश सिंह गोड़, झामुमो के प्रखंड उपाध्यक्ष शैलेश यादव, कुदुस अंसारी, रामभरोसा राम, इश्हाक अंसारी, हाजी सदर जानमोहम्मद अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## देवरी कला मुहर्रम इंतजामिया कमेटी का गठन

**हुसैनाबाद।** रविवार को देवरी कला पंचायत के हार्वे नगर स्थित मदरसा परिसर में मुहर्रम इंतजामिया कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता देवरी सीरत कमेटी के सदर अफरोज खान ने की। जबकि संचालन मास्टर हफिज खान ने किया। इस बैठक में मुहर्रम को शांतिपूर्वक और आपसी भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही देवरी कला मुहर्रम इंतजामिया कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें सर्वसम्मति से मो।नौशाद खान को खलीफा और मो। मज़हरुल इस्लाम को नायब खलीफा बनाया गया। इसके अलावा संरक्षक अफरोज, हफीज खान, शेख इरफान अहमद, इकरामुद्दीन अंसारी, शकील खान, बने, वही मो मजहर, शमशेर खान, शेख मोहसिन, मुजीब अंसारी, सैयद सन्नी अहमद को सदस्य बनाया गया। मौके पर नवचयनित खलीफा मो। नौशाद खान ने कहा की सरकार के गाइड लाइन के तहत मुहर्रम पर्व मनाया जाएगा।

**यात्री परेशान** वाराणसी-बरकाकाना मेमू ट्रेन में तकनीकी खराबी, शिवसागर स्टेशन पर घंटों खड़ी रही ट्रेन

# रेल सुविधाओं की गुणवत्ता पर उठे सवाल

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** वाराणसी से बरकाकाना के बीच चलने वाली मेमू पैसेंजर ट्रेन (संख्या 63558) शुक्रवार को एक बार फिर तकनीकी खराबी का शिकार हो गई। जानकारी के अनुसार, ट्रेन शिवसागर रेलवे स्टेशन पर अचानक रुक गई, जिसके बाद उसके चक्कों से धुआं निकलने लगा।

प्राथमिक जांच में ब्रेक बाईंडिंग की समस्या सामने आई है, जिसके कारण ट्रेन करीब 4 घंटे से अधिक विलंब से चल रही है। इस दौरान यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, तकनीकी टीम डेहरी से मौके पर पहुंच चुकी है और खराबी दूर करने का प्रयास जारी है। हालांकि, यात्रियों में नाराज़गी देखने को मिली। लोगों ने बताया कि पहले भी ऐसी घटनाएं इसी रेलखंड पर, विशेषकर हैदरनगर रेलवे स्टेशन के पास कई बार हो चुकी हैं।



## पुरानी व जर्जर ईएमयू ट्रेनें चलाने का आरोप

यात्रियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि इस रेलखंड पर दूसरी जगहों से कबाड़ घोषित की गई पुरानी मेमू / ईएमयू ट्रेनों को चलाया जा रहा है। इन ट्रेनों में न तो पीने के पानी की व्यवस्था है, न ही शौचालयों की स्थिति ठीक है। सीटें क्षतिग्रस्त हैं और पर्याप्त रोशनी की भी घोर कमी है, जिससे खासकर महिलाओं और बुजुर्ग यात्रियों को काफी दिक्कत होती है। रेल प्रशासन की अनदेखी से बढ़ रही समस्याएं स्थानीय लोगों ने बताया कि यह रेलखंड झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश की सीमा पर पड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है, लेकिन सुविधाओं और सुरक्षा मानकों की लगातार अनदेखी की जा रही है। इससे न केवल यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ रही है, बल्कि यात्रा का अनुभव भी बेहद कष्टप्रद हो गया है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर भी इसी प्रकार तकनीकी खराबी के कारण यह ट्रेन कई घंटे रुकी थी। ऐसे में रेलवे की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। यात्रियों की मांग यात्रियों और स्थानीय नागरिकों ने रेलवे से इस रूट पर आधुनिक सुरक्षित और सुविधायुक्त ट्रेनें चलाने की मांग की है।

## सांसद प्रतिनिधि ने बच्चों संग सुनी पीएम के मन की बात



**मोहम्मदगंज।** प्रखड अंतर्गत गोड़ाडीह स्थित बूथ नंबर 31 के तहत रविवार को सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 123 वें एपिसोड के मन की बात को सुनी। इस दौरान कई बच्चों ने भी एकाग्रचित होकर प्रधानमंत्री की बातों को सुनी। सांसद प्रतिनिधि ने कहा इस कार्यक्रम के वे नियमित श्रोता हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री के मन की बातें सुनकर एक नई ऊर्जा प्राप्त होती है। सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में काम करने को मनोबल मिलता है। इस दौरान बच्चों की उपस्थिति भी होती है। बच्चे इस रविवार का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

## खैबर पख्तूनख्वा में आत्मघाती हमला

# मारे गए 13 पाकिस्तानी सैनिक

**आत्मघाती विस्फोट**

- हमले में 13 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए, 10 घायल
- पाकिस्तान ने हमले के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराया



- पाकिस्तान में हाल के दिनों में आतंकी हमलों की संख्या बढ़ी
- भारत ने दोहराया- आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए

**पख्तूनख्वा । एजेंसी**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को हुए एक आत्मघाती हमले में 13 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और 10 अन्य घायल हो गए। इस हमले में 19 नागरिक भी घायल हुए हैं। पाकिस्तान ने इस हमले के लिए भारत को दोषी ठहराया है, हालांकि भारत के विदेश मंत्रालय ने इस आरोप को दृढ़ता से खारिज कर दिया है। वहीं, भारत के विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तानी सेना के आरोपों की निंदा करते हुए एक बयान जारी किया। मंत्रालय ने कहा, 'हमने 28 जून को वजीरिस्तान में हुए हमले के लिए भारत को दोषी ठहराने की कोशिश करने वाले पाकिस्तानी सेना के एक आधिकारिक बयान को देखा है। हम इस बयान को पूरी तरह से खारिज करते हैं।'

एक स्थानीय सरकारी अधिकारी के अनुसार, शनिवार को उत्तरी वजीरिस्तान जिले में एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन को एक सैन्य काफिले में घुसा दिया। यह घटना पाकिस्तान के आदिवासी क्षेत्रों में बढ़ती हिंसा का एक और उदाहरण है। इस हमले की जिम्मेदारी हाफिज गुल बहादुर समूह की आत्मघाती इकाई ने ली है, जो तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान से जुड़ा एक गुट है। यह हाल के महीनों में उत्तरी वजीरिस्तान में सबसे घातक घटनाओं में से एक बताया जा रहा है और इसने क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं।

## वजीरिस्तान आत्मघाती हमला : पाकिस्तानी सेना के दावों को भारत ने किया खारिज

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



विदेश मंत्रालय (एमईए) ने रविवार को पाकिस्तान सेना के उस दावे को पूरी तरह खारिज कर दिया है, जिसमें कहा गया था कि वजीरिस्तान में हुए आत्मघाती हमले के पीछे भारत का हाथ है। उस हमले में 13 सैनिक मारे गए थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक बयान में कहा, "हमने 28 जून को हुए वजीरिस्तान हमले के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराने वाला पाकिस्तान सेना का बयान देखा है। हम इसे पूरी तरह खारिज करते हैं और इसकी कड़ी निंदा करते हैं। शनिवार तड़के पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले के खादी क्षेत्र में एक आत्मघाती हमले में 13 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और 29 लोग घायल हो गए, जिनमें 19 नागरिक शामिल थे। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, सुरक्षा एजेंसियों ने बताया कि एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन को बम निरोधक दस्ते के एक माइन-रेसिस्टेंट इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) वाहन से टकरा दिया था। इस जोरदार विस्फोट में 13 सैनिकों की मौत हो गई और 29 लोग घायल हुए, जिनमें 19 नागरिक थे। इसके अलावा, क्षेत्र में अंधाधुंध गोलीबारी की भी खबरें थीं, जिससे 19 नागरिक घायल हुए। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) पाकिस्तान से जुड़े हाफिज गुल बहादुर समूह के एक उप-समूह उसुद अल-हरब ने इस आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ली है। पाकिस्तानी मीडिया ने कहा कि यह हमला दक्षिणी वजीरिस्तान में एक खुफिया आधारित ऑपरेशन (आईबीओ) के कुछ दिनों बाद हुआ, जिसमें दो सैनिक मारे गए और 11 आतंकवादी ढेर किए गए।

यह घटना हाल के महीनों में उत्तरी वजीरिस्तान में हुआ सबसे घातक हमला है, जिसने क्षेत्र में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को लेकर गंभीर चिंताएं बढ़ा दी हैं। पिछले महीने, पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के सीमावर्ती क्षेत्र किला अब्दुल्ला के गुलिस्तान क्षेत्र में एक कार बम विस्फोट हुआ था, जिसमें कम से कम चार लोग मारे गए और 20 से अधिक लोग घायल हुए, जिनमें से आठ की हालत गंभीर थी। यह विस्फोट गुलिस्तान कस्बे के जब्बार कमर्शियल मार्केट में क्वेटा-चमन राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ, जो पाकिस्तान के फ्रंटियर कोर के किले के पास है।

### पाकिस्तान में बढ़ती हिंसा

2021 में अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद से, पाकिस्तान ने अपने सीमावर्ती क्षेत्रों में हमलों में तेज वृद्धि देखी है। इस्लामाबाद ने अक्सर अफगानिस्तान के तालिबान पर इन सीमा पार हमलों के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप लगाया है, एक आरोप जिसे काबुल ने हमेशा नकारा है। इस साल अब तक खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में सरकार विरोधी समूहों के हमलों में लगभग 290 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, जिनमें ज्यादातर सुरक्षा बल के जवान हैं। वैश्विक आतंकवाद सूचकांक 2025 में पाकिस्तान दूसरे स्थान पर है, जहां आतंकवाद से संबंधित मौतें पिछले साल की तुलना में 45 प्रतिशत बढ़कर 1,081 हो गई हैं। यह आंकड़े पाकिस्तान में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को उजागर करते हैं।

## गाजा में इजराइली हमलों में 72 लोगों की हुई मौत

**गाजा ।** गाजा में इजराइल की ओर से किए गए हमलों में कम से कम 72 लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दक्षिणी शहर खान यूनिस के पास मुवासी में तंबूओं के शिविर पर इजराइली हमले में तीन बच्चे और उनके माता-पिता मारे गए। रिश्तेदारों ने बताया कि उन पर हमला सोते समय हुआ। बच्चों की दादी सुआद अबू तेइमा ने सवाल किया, ''इन बच्चों ने उनका क्या बिगाड़ा था ? उनका क्या दोष है?'' इजराइल ने यह हमले शुक्रवार देर रात शुरू किए जो शनिवार सुबह तक जारी रहे। इन हमलों में गाजा सिटी के फलस्तीन स्टेडियम के पास 12 लोगों की मौत हो गई। शिफा अस्पताल के कर्मचारियों के अनुसार ,इस स्टेडियम में विस्थापित लोगों को आश्रय दिया गया था। शिफा अस्पताल में ही मृतकों के शव लाए गए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, 20 से ज्यादा शवों को नासिर अस्पताल ले जाया गया। शनिवार अपराह्न पूर्वी गाजा शहर की एक सड़क पर हुए हमले में 11 लोगों की मौत हो गई और उनके शवों को अल-अहली अस्पताल ले जाया गया। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगले सप्ताह के भीतर इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौता हो सकता है।

## पाक सेना प्रमुख असीम मुनीर का दावा, भारत ने दो बार किया हमला

**एजेंसी । करांची**

पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने हाल ही में दावा किया है कि भारत ने बिना किसी



उकसावे के पाकिस्तान पर दो बार हमला किया है। उन्होंने इसे भारत की 'रणनीतिक दूरदर्शिता की चिंताजनक कमी' बताया। मुनीर ने भारत को क्षेत्रीय तनाव बढ़ाने के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए कसम खाई कि भविष्य में किसी भी भारतीय आक्रमण का पाकिस्तान निर्णायक जवाब देगा।

शनिवार को कराची में पाकिस्तान नौसेना अकादमी में बोलते हुए, मुनीर ने पाकिस्तान को 'शुद्ध क्षेत्रीय स्थिरता' वाला देश बताया। उन्होंने दावा किया कि इस्लामाबाद ने 'बिना किसी उकसावे' के भारतीय सैन्य आक्रमण का 'दृढ़तापूर्वक' जवाब दिया है। मुनीर ने कहा, 'उकसावे के बावजूद, पाकिस्तान ने संयम और परिपक्वता का परिचय दिया, और क्षेत्रीय शांति के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। मुनीर ने भारत पर यह भी आरोप लगाया कि जब पाकिस्तान आतंकवाद के खात्मे के करीब पहुंच रहा था, तब भारत जानबूझकर क्षेत्र में तनाव पैदा कर रहा था।

अपने नवीनतम संबोधन में, असीम मुनीर ने कश्मीर मुद्दे को भी उठाया। उन्होंने दावा किया कि 'ऐसे समय में, हमें अपने कश्मीरी भाइयों के बलिदानों को याद रखना चाहिए जो भारत के अवैध कब्जे के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों और कश्मीरी लोगों की आकांक्षाओं के अनुसार कश्मीर मुद्दे के न्यायोचित समाधान का प्रबल समर्थक है। गौरतलब है कि पाकिस्तान समर्थित पहलगाम आतंकी हमलों से कुछ ही दिन पहले, मुनीर ने कश्मीर को इस्लामाबाद की 'गले की नस' बताकर इस क्षेत्र में सबसे खतरनाक प्रतिद्वंद्विता को फिर से हवा दे दी थी। विदेश में रह रहे पाकिस्तानी प्रवासियों को संबोधित करते हुए मुनीर ने कहा था, 'कश्मीर हमारी गले की नस है, यह हमारी गले की नस रहेगी, हम इसे नहीं भूलेंगे।

मुनीर की इस 'गले की नस' वाली टिप्पणी के बमुश्किल एक सप्ताह बाद, पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने कश्मीर के खूबसूरत पहलगाम में दो दर्जन से अधिक पुरुष पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी थी। जवाब में, भारत ने सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया, जो उसके पड़ोसी के लिए एक बड़ा झटका था।

## रूस ने यूक्रेन पर सबसे घातक हवाई हमला किया

**मॉस्को ।** रूस ने शनिवार और रविवार की दरमियानी रात यूक्रेन पर अपना सबसे बड़ा हवाई हमला किया। यूक्रेन के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। रूस का यह हमला एक अभियान का हिस्सा है, जिससे तीन वर्ष से जारी युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों को झटका लगा है।

यूक्रेन की वायु सेना ने बताया कि रूस ने यूक्रेन पर 477 ड्रोन और 60 मिसाइल दागीं। सेना के मुताबिक इनमें से 249 को मार गिराया गया और 226 इलेक्ट्रॉनिक रूप से जाम कर दिए गए। यूक्रेन की वायु सेना के संचार प्रमुख यूरी इहनात ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि रात में किया गया हमला देश पर 'सबसे बड़ा हवाई हमला' था, जिसमें ड्रोन और विभिन्न प्रकार की मिसाइल दागी गईं। सेना के मुताबिक इस हमले में यूक्रेन के पश्चिमी इलाकों समेत पूरे देश को निशाना बनाया गया, जो अग्रिम पंक्ति से बहुत दूर है। पोलैंड की वायु सेना ने रविवार को बताया कि पोलैंड और सहयोगी देशों ने उसके (पोलैंड के) हवाई क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विमान भेजे।

## वीजा प्रतिबंधों का सामना कर रहे हार्वर्ड छात्रों की मेजबानी करने के लिए टोरंटो विवि सहमत

**ब्यूरो**

- ट्रंप प्रशासन के साथ हार्वर्ड की कानूनी लड़ाई के बीच यह समझौता छात्रों को अपनी पढ़ाई पूरी करने में मदद करेगा

**नई दिल्ली।** हार्वर्ड विश्वविद्यालय व टोरंटो विश्वविद्यालय ने एक योजना की घोषणा की है , जिसके तहत कुछ हार्वर्ड छात्र कनाडा में अपनी पढ़ाई पूरी करेंगे, यदि वीज़ा प्रतिबंध उन्हें संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने से रोकते हैं।दोनों विश्व विद्यालयों के बीच समझौता डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के दौरान परेशान करने वाला उथल-पुथल और "असाधारण" राजनीति को दर्शाता है। यह समझौता हार्वर्ड जॉन एफ कैनेडी स्कूल ऑफ गवर्नमेंट व टोरंटो विश्वविद्यालय के मंक स्कूल ऑफ ग्लोबल अफेयर्स एंड पब्लिक पॉलिसी के बीच हुआ है।इस बारे में हार्वर्ड केनेडी स्कूल के डीन जेरेमी वेनस्टीन ने छात्रों को लिखे एक पत्र में कहा कि यो समझौता छात्रों की परेशानी व चिंताओं को कम करने के लिए हैं, लेकिन औपचारिक कार्यक्रम केवल तभी सामने आएगा जब संयुक्त राज्य अमेरिका आने में असमर्थ छात्रों की ओर से "पर्याप्त मांग" होगी। उन्होंने कहा- "हम मुंक स्कूल और अन्य भागीदारों के समर्थन के लिए बहुत आभारी हैं, जो यह सुनिश्चित करने में मदद कर रहे हैं कि हम सभी एचकेएस छात्रों को वह उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करना जारी रख सकें जिसके वे हकदार हैं,"। इधर हार्वर्ड विश्व विद्यालय तो ट्रंप प्रशासन के साथ एक कटु कानूनी लड़ाई में उलझा हुआ है, क्योंकि उसका दावा है कि होमलैंड सुरक्षा विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को दाखिला देने की उसकी क्षमता को अनुचित तरीके से रद्द कर दिया है। हार्वर्ड के लगभग एक चौथाई छात्र अमेरिका के बाहर से आते हैं और स्कूल के लिए धन का एक प्रमुख स्त्रोत हैं।हार्वर्ड ने अब तक डीएचएस के खिलाफ दो प्रारंभिक निषेधाज्ञा जीती हैं, जो संभवतः अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए प्रवेश वीजा प्राप्त करने का रास्ता साफ करती हैं। मुंक स्कूल ऑफ ग्लोबल अफेयर्स एंड पब्लिक पॉलिसी की संस्थापक निदेशक जेनिस स्टीन ने एक बयान में कहा, "ये असाधारण समय हैं।" उन्होंने कहा - "यदि हार्वर्ड केनेडी स्कूल के अंतर्राष्ट्रीय छात्र कैम्ब्रिज, मैसाचुसेट्स में अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते हैं, तो मंक स्कूल ऑफ़ ग्लोबल अफेयर्स एंड पब्लिक पॉलिसी हमारे दोनों स्कूलों के छात्रों के लिए साझा शैक्षणिक और सह-पाठ्यचर्या अनुभव प्रदान करने के लिए तत्पर है।" मंक स्कूल कार्यक्रम में एचकेएस के अलावा, स्कूलों ने एचकेएस ग्लोबल की भी घोषणा की, जिसमें ऑनलाइन और व्यक्तिगत दोनों घटक होंगे। टोरंटो विश्वविद्यालय में भाग लेने वाले हार्वर्ड छात्रों को अभी भी कनाडाई अध्ययन परमिट के लिए आवेदन करना होगा और उन्हें मंक स्कूल में पूर्णकालिक, गैर-डिग्री छात्रों के रूप में नामांकित किया जाएगा। भविष्य का कार्यक्रम केवल उन छात्रों के लिए खुला है जिन्होंने पहले ही संयुक्त राज्य अमेरिका में अध्ययन का एक वर्ष पूरा कर लिया है। कनाडा ने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों पर अपनी सीमा तय कर दी है और अपने द्वारा जारी किए जाने वाले वीज़ा की संख्या में कटौती की है। टोरंटो विश्वविद्यालय ने कहा कि हार्वर्ड के साथ योजना "किसी भी शैक्षणिक कार्यक्रम या विश्वविद्यालय आवास में यू ऑफ टी छात्रों के लिए उपलब्ध स्थानों की संख्या को कम नहीं करेगी।

## जीतनराम मांझी ने लगाई चिराग पर लगाम लगाने की गुहार

### केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की तेजी से बढ़ रही उनकी बेचैनी

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले ही केंद्र व राज्य



में सत्तारूढ़ एनडीए के दलों में ज्यादा से ज्यादा सीटें लेने के मद्देनजर दांव पेंच, खींच-तान शुरू हो गया है। इसमें अन्य दल सबसे ज्यादा लोजपा (राम विलास पासवान) से परेशान हैं। क्योंकि उसके प्रमुख व केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान जिस तरह से तेज़ी दिखा रहे हैं, सभा कर रहे हैं, उससे हम पार्टी के संस्थापक व केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी की बेचैनी बढ़ती जा रही है। इतनी कि उन्होंने भाजपा से लोजपा (रामविलास पासवान ) पर लगाम लगाने की गुहार लगाई है। बीते दिनों आरा में हुई लोजपा (रामविलास पासवान) की सभा में बड़ी संख्या में दलित – महा दलित समुदाय के अलावा सवर्णों ने भी हिस्सा लिया था। यहां पहुंचे पार्टी प्रमुख चिराग पासवान ने भीड़ देख इतने उत्साहित हुए कि उन्होंने ऐलान कर दिया कि पार्टी सभी 243 सीटों पर चुनाव की तैयारी करेगी। हालांकि बाद में कहा गया कि राजग की मजबूती के लिए सभी सीटों पर तैयारी है।लोजपा (रामविलास पासवान) के आरा वाले कार्यक्रम से हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम पार्टी) के नेताओं को अपने जनाधार में सेंधमारी का डर सताने लगा है। अभी वह मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि लोजपा (रामविलास पासवान) ने जद (यू) प्रमुख व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गढ़ राजगीर में 29 जून को बहुजन भीम संकल्प समागम कर दी। चर्चा है कि लोजपा (रामविलास) के संभावित कार्यक्रमों से हम पार्टी के लोग ज्यादा परेशान हैं। जबकि भाजपाइयों का कहना है कि बिहार में हम पार्टी के जीतनराम मांझी इसलिए परेशान हैं कि बिहार में चिराग की सभा में इतनी भीड़ क्यों हो रही है? यही माहौल रहेगा तब तो हम पार्टी की हालत पतली हो जाएगी। क्योंकि जीतन राम मांझी के मतदाता अब चिराग़ पासवान की तरफ़ जा रहे हैं।

## थाईलैंड की पीएम की कॉल रिकार्डिंग लीक

- हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे, इस्तीफे की मांग

**बैंकॉक।** थाईलैंड की प्रधानमंत्री पेतोंगटार्न शिनावात्रा और कंबोडिया के पूर्व प्रधानमंत्री हुन सेन के बीच हुई एक फोन कॉल लीक होने के बाद देश में जबरदस्त राजनीतिक हलचल मच गई है। बैंकॉक की सड़कों पर हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारी उतर आए और प्रधानमंत्री से तत्काल इस्तीफे की मांग की। लीक हुई इस कॉल में शिनावात्रा, हुन सेन को "अंकल" कहकर संबोधित करती सुनाई दीं और थाई सैन्य कमांडर पर टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्होंने सिर्फ "कूल दिखने" के लिए ऐसे बयान दिए जो किसी काम के नहीं थे। इस बयान से जनता में गुस्सा भड़क उठा और शिनावात्रा के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ गठबंधन की एक अहम सहयोगी पार्टी ने भी समर्थन वापस ले लिया।

आमिर खान ने पुष्टि की है कि उनकी कल्ट कॉमेडी 'अंदाज़ अपना अपना' के सीक्वल पर आधिकारिक तौर पर काम चल रहा है। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि अगर सही स्क्रिप्ट मिलती है तो वह शाहरुख खान और सलमान खान के साथ मिलकर एक फिल्म पर काम करने के लिए उत्सुक हैं।




## आमिर खान ने अंदाज अपना अपना 2 की पुष्टि की

आमिर खान ने आखिरकार अंदाज़ अपना अपना 2 पर अपनी चुप्पी तोड़ दी है, जो 1994 की कल्ट क्लासिक का बहुप्रतीक्षित सीक्वल है जिसमें उन्होंने सलमान खान के साथ काम किया था। आमिर खान ने पुष्टि की है कि उनकी कल्ट कॉमेडी 'अंदाज़ अपना अपना' के सीक्वल पर आधिकारिक तौर पर काम चल रहा है। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि अगर सही स्क्रिप्ट मिलती है तो वह शाहरुख खान और सलमान खान के साथ मिलकर एक फिल्म पर काम करने के लिए उत्सुक हैं। अभिनेता ने इन रोमांचक अपडेट को साझा किया और साथ ही प्रशंसकों से शैली की पसंद के बारे में भी बात की, अंततः संकेत दिया कि कॉमेडी ही वह चीज है जिसे दर्शक तीनों खान को एक साथ करते हुए देखना पसंद करेंगे। पिंकविला के साथ एक साक्षात्कार में, आमिर ने साझा किया, "जैसा कि हम बात कर रहे हैं, राज संतोषी स्क्रिप्ट के मसौदे पर काम कर रहे हैं। इसलिए अगर सब ठीक रहा और नतीजा अच्छा निकला, तो हमें सीक्वल देखने को मिल सकता है।" तीनों के बीच बहुप्रतीक्षित सहयोग पर, उन्होंने कहा, "हम तीनों एक साथ एक फिल्म करने के लिए बहुत उत्सुक हैं। सही सामग्री, सही स्क्रिप्ट हमें मिलनी चाहिए।